वर्ष- 12 अंक - 342 लखनऊ,
रविवार 03 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



उत्तर प्रदेश मे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को दिया जा रहा बढ़ावा : केशव प्रसाद मौर्य 03

समय व गुणवत्ता से निस्तारित करें प्रार्थना पत्र 04

-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,01,500/ |
| 22 कैरेट | = | 93,050/ |
| 18 कैरेट | = | 76,140/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,13,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**धन शोधन मामले में वाड्रा को नोटिस, अगली सुनवाई 28 को**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्रा ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

**सैंड आर्टिस्ट ने रचा इतिहास वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम**

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के निवासी सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने वैश्विक स्तर पर रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया है। मधुरेन्द्र का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। 31 वर्षीय सैंड आर्टिस्ट कुमार को यह सम्मान ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन में आयोजित एक समारोह के दौरान दिया गया। समारोह में लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अविनाश डी सकुंडे व यूरोपीय संघ के प्रमुख डॉ इवान गैसीना ने संयुक्त रूप से उन्हे प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र के साथ मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

**16 से 14 सितंबर तक जनता के लिए खुलेगा अमृत उद्यान**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान एक बार फिर 16 अगस्त से 14 सितंबर तक जनता के लिए खुलेगा। दर्शक इस अवधि में हर मंगलवार से रविवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उद्यान का भ्रमण कर सकेंगे। अंतिम प्रवेश समय शाम 5.15 बजे निर्धारित किया गया है। प्रत्येक सोमवार को रख-रखाव के लिए उद्यान बंद रहेगा। अमृत उद्यान में विशेष अवसरों पर खास वर्गों को विशेष प्रवेश दिया जाएगा। 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खिलाड़ियों और खेल जगत से जुड़े व्यक्तियों के लिए विशेष प्रवेश की व्यवस्था की गयी है। वहीं 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। दर्शकों का प्रवेश और निकास नॉर्थ एवेन्यू रोड के पास स्थित गेट संख्या 35 से होगा।

**जल विद्युत परियोजना स्थल पर भूस्खलन, 12 मजदूर घायल**

**चमोली।** चमोली जिले में हेलंग के पास टीएचडीसी की विष्णुगढ़ जलविद्युत परियोजना स्थल पर भूस्खलन होने से शनिवार को 12 मजदूर घायल हो गए। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि भूस्खलन के समय परियोजना स्थल पर लगभग 300 मजदूर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पहाड़ से पत्थर लुढ़कने लगे तो मजदूर जान बचाने के लिए भागे। आठ मजदूरों को मामूली चोटें आईं, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मजदूरों को पीपलकोटी स्थित विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 2,183.45 करोड़ रुपए की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता बाबा विश्वनाथ को समर्पित

▸ पीएम ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भी की जारी

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी 02 अगस्त (वार्ता) प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही भारत की सैन्य कार्रवाई 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता को आदिदेव महादेव बाबा विश्वनाथ को समर्पित किया।

उन्होने सेवापुरी में अपनी जनसभा की शुरुआत महादेव के उद्घोष के साथ की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शनिवार को देशवासियों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारे घरों में आने वाली हर नई वस्तु स्वदेशी होनी चाहिए और यह जिम्मेदारी हर भारतीय को निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम केवल वही चीजें खरीदेंगे जो भारतीयों द्वारा बनाई गई हैं। हमें लोकल के लिए वोकल बनने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी 51वीं बार पहुंचे और 2,183.45 करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सावन का महीना हो, काशी जैसा पावन स्थान हो और किसानों से मिलने का सौभाग्य मिले, इससे बड़ा क्या हो सकता है। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को बाबा विश्वनाथ के चरणों में समर्पित किया। उन्होंने कहा कि देश की एकता की हर बात एक नई चेतना जगाती है और तभी ऑपरेशन सिंदूर सफल होता है। 140 करोड़ देशवासियों की एकता ही ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनती है प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने अपनी बेटियों को वचन दिया था, वह पूरा हुआ। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता महादेव के आशीर्वाद से संभव हुई।



### मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री को भेंट किया जीआई क्राफ्ट निर्मित शिवलिंग



श्रावण मास में शनिवार को काशी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने जी.आई. रजिस्टर्ड बनारस मेटल रिपोंसी क्राफ्ट से निर्मित एक अद्भुत शिवलिंग सेट भेंट किया। इस शिल्प में काशी के तीन जी.आई. क्राफ्ट्स, जिसमें मेटल रिपोंसी क्राफ्ट, मीनाकारी और मेटल कास्टिंग क्राफ्ट का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। जी.आई. विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. रजनीकांत ने बताया कि इस विशिष्ट उपहार में मीनाकारी की चौकी पर सुशोभित 18 इंच ऊंची और 15 इंच चौड़ी कलाकृति शामिल है। इसमें अरघा में शिवलिंग, पांच फन वाला नाग, नंदी, प्रसाद, कलश में गंगा जल, त्रिशूल और चंदन भस्म मौजूद है। इस कृति को धातु शिल्पी अनिल कसेरा, रघुनाथ कसेरा और मीनाकारी कलाकार अरुण कुमार वर्मा ने एक सप्ताह के निरंतर प्रयास और जी.आई. विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में श्रावण मास की थीम पर तैयार किया। डॉ. रजनीकांत के अनुसार यह कलाकृति काशी की समृद्ध शिल्प परंपरा और जी.आई. की ताकत को दर्शाती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने काशी के सिल्क और भदोही की कालीन सहित बुनकरों और शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वदेशी और लोकल से ग्लोबल का आह्वान किया।

### मोदी ने स्वदेशी अपनाने का किया आग्रह

प्रधानमंत्री ने देशवासियों और व्यापारियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इसीलिए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सजग रहना होगा। हमारी सरकार देश के सर्वोत्तम हित में हर संभव प्रयास कर रही है। जो लोग देश का भला चाहते हैं और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखना चाहते हैं, चाहे वह कोई भी राजनीतिक दल हो, उन्हें अपने मतभेद भुलाकर स्वदेशी उत्पादों के प्रति संकल्प लेना चाहिए। हम केवल वही चीजें खरीदेंगे जो भारतीयों द्वारा बनाई गई हैं। हमें लोकल के लिए वोकल बनने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी को किसी भी भारतीय के पसीने और मेहनत से बने उत्पाद के रूप में परिभाषित किया और देशवासियों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आह्वान किया।

### भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत दुनिया ने देखी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत दुनिया ने देखी। हमारी वायु रक्षा प्रणालियों, मिसाइलों और ड्रोनों ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत साबित की है। खासकर ब्रह्मोस मिसाइलों ने। ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण अब लखनऊ में किया जाएगा। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो यूपी में बनी मिसाइल आतंकियों को तबाह कर देंगी। कई प्रमुख रक्षा कंपनियां यूपी डिफेंस कॉरिडोर में अपने विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही हैं। भारत में निर्मित हथियार जल्द ही हमारी सेनाओं की ताकत बनेंगे। आज यूपी विकास कर रहा है, तो इसके पीछे भाजपा सरकार की नीतियां हैं।

### पीएम ने लिया बाढ़ की स्थिति का जायजा, गंगा-वरूणा रौद्र रूप में

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गंगा और वरुणा नदी के बढ़ते जलस्तर और बाढ़ की विकट स्थिति को लेकर गहरी चिंता जताई है। शनिवार को सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में आयोजित जनसभा में महज तीन घंटे के लिए आए प्रधानमंत्री ने वाराणसी कमिश्नर एस. राजलिंगम और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार से बाढ़ की स्थिति की विस्तृत जानकारी अकेले में ली। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों, शिविरों में रह रहे लोगों की व्यवस्थाओं और स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी मांगी। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता तत्काल और सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जाए। वाराणसी में गंगा नदी शुक्रवार शाम चेतावनी बिंदु (70.262 मीटर) को पार कर खतरे के निशान (71.262 मीटर) की ओर बढ़ रही है।

## यवत में हिंसा के बाद लगा कर्फ्यू, आगजनी में शामिल 15 लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के यवत में शुक्रवार को हिंसा के बाद कर्फ्यू लगाने के साथ अगले 48 घंटों के लिए पूरे इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने भी फ्लैग मार्च किया है। इसके साथ पुलिस ने इस मामले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिलाधिकारी जीतेंद्र डूडी ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस ने शनिवार को यवत के सहकार नगर, इंदिरा नगर, स्टेशन रोड स्थित मस्जिद तक लांग मार्च किया और लोगों को शांत रहने की अपील की थी। पुणे जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक संदीप गिल ने बताया कि यवत में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने के बाद शुक्रवार को सुबह से तनाव उत्पन्न हो गया था।

## हरदोई पुलिस को रिस्पांस टाइम में प्रदेश में तीसरा स्थान मिला

समृद्धि न्यूज

**डॉयल 112 पर आई आपातकालीन आई सूचनाओं और शिकायतों का संज्ञान लेकर मौके पर पहुंचकर मामले निस्तारण करने में मिली उपलब्धि**

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिला पुलिस को रिस्पांस टाइम में जुलाई माह में प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। पुलिस की यह उपलब्धि जिले में डॉयल 112 पर आई आपातकालीन आई सूचनाओं और शिकायतों का संज्ञान लेकर मौके पर पहुंचकर मामले निस्तारण करने में मिली है। प्रदेश में तीसरा, जोन एवं रेंज स्तर की रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शनिवार को बताया कि यूपी डायल-112 की पुलिस टीमें सूचनाओं को मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर रही हैं। इस अभियान के तहत पुलिस रिस्पांस वाहनों की गति और दक्षता को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप जुलाई माह में यूपी डायल-112 ने रिस्पांस टाइम के आधार पर शानदार प्रदर्शन किया है। औसत रिस्पांस टाइम तीन मिनट 52 सेकेंड रहा, जो आपातकालीन सेवाओं के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह त्वरित प्रतिक्रिया समय न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली को दर्शाता है, बल्कि पीड़ितों को तुरंत सहायता प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## राम मंदिर को आरडीएक्स से उड़ाने के लिए युवक को पाक से आया मैसेज, मामला दर्ज

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम मंदिर को उड़ाने का मैसेज बीड जिले के एक युवक को सीधे पाकिस्तान से आया था। इस मामले में युवक ने शिरुर कासर पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई है। इस मामले की छानबीन शिरुर कासर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि कथित तौर पर पाकिस्तान से इस मैसेज में शिकायतकर्ता युवक को मंदिर उड़ाने के लिए एक लाख रुपये की पेशकश की गई है और संदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि साजिश में शामिल होने के लिए 50 व लोगों की आवश्यकता है। इस पूरे मामले ने जिले में हड़कंप मचा दिया है।

## रेवन्ना को रेप केस में उम्रकैद, 10 लाख का जुर्माना

एजेंसी

**मैसूरु।** बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने आज पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को मेड से रेप मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया और पीड़ित को 7 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।

कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की एक महिला ने पिछले साल अप्रैल में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे।



### 50 से ज्यादा महिलाओं का किया यौन उत्पीड़न

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनके घर में काम करने वाली महिला ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। 26 अप्रैल को बेंगलुरु में पब्लिक प्लेसेस में कई पेन ड्राइव मिलीं। दावा किया गया कि पेन ड्राइव में 3 हजार से 5 हजार वीडियो हैं, जिनमें प्रज्वल को कई महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न करते देखा गया। महिलाओं के चेहरे भी ब्लर नहीं किए गए। मामला बढ़ने पर राज्य सरकार ने एसआईटी बनाई। प्रज्वल के खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों समेत तीन एफआईआर दर्ज की गईं। एसआईटी ने जांच में खुलासा किया कि प्रज्वल ने 50 से ज्यादा महिलाओं का सेक्शुअल हैरेसमेंट किया था। इनमें 22 साल से 61 साल तक की महिलाएं हैं। 50 में से करीब 12 महिलाओं से जबर्दस्ती संबंध बनाए गए, यानी उनका रेप हुआ। बाकी महिलाओं को अलग-अलग तरह का लालच देकर सेक्शुअल फेवर लिया। प्रज्वल ने किसी को सब-इंस्पेक्टर, किसी को तहसीलदार तो किसी को फूड डिपार्टमेंट में नौकरी दिलवा दी।

## पुलिस इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश

समृद्धि न्यूज

▸ गैंगरेप के बाद छात्रा की हत्या मामले में गवाही देने नहीं आ रहे इंस्पेक्टर

**लखनऊ।** कानपुर में गैंगरेप के बाद छात्रा की हत्या के मामले में गवाही देने नहीं आ रहे केस के विवेचक इंस्पेक्टर रत्नेश यादव को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश एडीजे-11 ने दिया है। आदेश इंस्पेक्टर के मोबाइल पर भेज दिया गया है। उनका वेतन रोकने का भी आदेश दिया गया है। इसकी प्रति लखनऊ पुलिस की साइबर सेल को भेजी गई है।

रेलबाजार निवासी छात्रा 29 दिसंबर 2021 की सुबह कॉलेज जाने के लिए निकली थी। दोपहर एक बजे बहन ने फोन किया पर उसका फोन नहीं उठा। कई बार फोन किया गया पर बात नहीं हुई। रात आठ बजे अचानक एक युवक ने कॉल रिसीव की और छात्रा के सीओडी पुल के पास पड़े होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन छात्रा को कांशीराम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने कई घंटे पहले मौत होने की पुष्टि की। परिजनों ने सोमनाथ गौतम, सत्यम मौर्या व रावेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एडीजीसी भास्कर मिश्र के मुताबिक मामले में अब तक मृतका के भाई, मौसी व एफआईआर लेखक के बयान दर्ज किए जा चुके हैं जबकि विवेचक रहे तत्कालीन रेलबाजार इंस्पेक्टर रत्नेश यादव को कई तारीखों से गवाही के लिए बुलाया जा रहा है।

## कश्मीर के कुलगाम में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है। एनकाउंटर में सेना का जवान भी घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल रेफर किया गया है। हारिस आज सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है।

## मालेगांव ब्लास्ट के आरोपियों को बरी करने के केस की न्यायिक आयोग से जांच कराने की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जमात-ए-इस्लामी हिंद ने आज दिल्ली के ओखला में जामिया नगर स्थित अपने मुख्यालय में आयोजित मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मालेगांव ब्लास्ट के आरोपितों को अदालत से बरी किए जाने के मामले की न्यायिक आयोग से जांच कराए जाने की मांग की।

जमात के उपाध्यक्ष मलिक मोहतशिम खान और इंजीनियर सलीम अहमद ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अदालत के जरिए आरोपितों को बरी किए जाने के मामले से यह सिद्ध होता है कि इस मामले में जांच एजेंसी ने सही से जांच नहीं की और ना ही सही से सबूत इकट्ठा किए जिसके आधार पर अदालत ने सबूतों के अभाव में आरोपितों को बरी किया है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले को उच्च न्यायालय में चुनौती दिए जाने की भी मांग की है।

### राष्ट्रवादी संगठनों को फंसाने की बड़ी साजिश थी बम धमाका



**झांसी।** मालेगांव बम धमाके में राष्ट्रवादी संगठनों और भाजपा के बड़े नेताओं को फंसाने की एक बड़ी साजिश थी। कांग्रेस नेताओं, विशेष रूप से पी. चिदंबरम, राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह को देश से माफी मांगनी चाहिए। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए झांसी पहुंचीं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की फायर ब्रांड नेता उमा भारती ने मालेगांव बम धमाका मामले में आए कोर्ट के फैसले पर बड़ा बयान दिया। उमा भारती ने कहा कि जब मालेगांव में बम धमाके का केस हुआ था, तब केंद्र और महाराष्ट्र दोनों जगह कांग्रेस की सरकारें थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राष्ट्रवादी संगठनों और भाजपा के बड़े नेताओं को फंसाने की एक बड़ी साजिश थी। लेकिन आज भगवान ने पर्दाफाश कर दिया। अब चिदंबरम, राहुल और दिग्विजय को देश से क्षमा मांगकर प्रायश्चित करना चाहिए, क्योंकि बिना सबूत के झूठ को सच बनाने की कोशिश की जा रही थी।

## 31 लोगों से भरी नाव गंगा में पलटी, चार युवक डूबे, कई लोग लापता


**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। 31 लोगों से भरी एक नाव गंगा नदी में पलट गई, जिसमें चार युवक डूब गए। इनमें से एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि तीन अभी भी लापता हैं। यह घटना गंगा नदी थाना क्षेत्र के गदाई दियारा इलाके में सुबह करीब 7.30 बजे हुई। नाव पर कुल 31 लोग सवार थे, जिनमें से 28 लोग किसी तरह तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। ये सभी लोग गंगा पार कर रहे थे। नाव पर क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे और गंगा का बहाव भी तेज था, जिसकी वजह से नाव असंतुलित होकर बीच नदी में पलट गई। हादसे के समय ये लोग चूहे पकड़ने के बाद दियारा इलाके से लौट रहे थे।

## प्राथमिक विद्यालयों के विलय पर रोक लगाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट का इन्कार

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के प्राथमिक विद्यालयों के विलय आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। कहा कि इस मामले में लखनऊ बेंच ने पहले ही फैसला सुना दिया है। यह टिप्पणी करते हुए याचिका निस्तारित कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह की एकलपीठ ने सुबोध और दो अन्य की याचिका पर दिया।

पीलीभीत निवासी सुबोध और दो अन्य ने याचिका दाखिल कर राज्य सरकार के 16 जून 2025 के प्राथमिक विद्यालयों के विलय आदेश को रद्द करने की मांग की थी। साथ ही प्राथमिक विद्यालय चांदपुर, विकासखंड बिलसंडा, जिला पीलीभीत के कामकाज में प्रतिवादियों के हस्तक्षेप पर रोक लगाने की मांग की गई थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी पीलीभीत के 25 जून 2025 के आदेश को रद्द करने की भी मांग की गई थी। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि विलय से विद्यालय के संचालन और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। इसलिए इस पर तत्काल रोक जरूरी है।



## चुनाव आयोग ने बीएलओ स्तर के अधिकारियों का पारिश्रमिक किया दोगुना

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया है। साथ ही आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। आयोग ने बताया कि मतदाता सूची बनाने और पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। चुनाव आयोग ने कहा है कि इसके साथ ही पहली बार निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी को भी मानदेय देने का निर्णय लिया गया है।

खुशखबरी — खंड शिक्षा अधिकारी के 134 रिक्त पदों का अधियाचन पहले ही यूपीपीएससी को भेजा जा चुका है

# राज्यपाल की मंजूरी के बाद बीईओ की भर्ती का रास्ता साफ

समृद्धि न्यूज



**संशोधन के बाद केवल उन्हीं उम्मीदवारों को पात्र माना जाएगा जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, मानित विश्वविद्यालय या संस्था से प्राप्त स्नातकोत्तर उपाधि होगी। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि अब कोई भी बिना स्पष्ट मान्यता की उपाधि के आवेदन नहीं कर सकेगा।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ की भर्ती का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद उत्तर प्रदेश शैक्षिक सामान्य शिक्षा संवर्ग सेवा संशोधित नियमावली 1992 को जारी कर दिया गया है, जिससे न केवल भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया गया है, बल्कि वर्षों से चली आ रही कानूनी पेचिदगियों को भी दूर किया गया है।

संशोधित नियमावली में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव शैक्षिक योग्यता से समकक्षता शब्द को हटाना है। पहले नियमों के तहत, उम्मीदवार को स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष उपाधि धारक होना अनिवार्य था। इसका अर्थ यह हुआ करता था कि कोई भी अपनी डिग्री को समकक्ष बताकर आवेदन कर सकता था, जिससे बाद में कानूनी विवाद और मुकदमेबाजी की स्थिति बनती थी। संशोधन के बाद केवल उन्हीं उम्मीदवारों को पात्र माना जाएगा जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, मानित विश्वविद्यालय या संस्था से प्राप्त स्नातकोत्तर उपाधि होगी। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि अब कोई भी बिना स्पष्ट मान्यता की उपाधि के आवेदन नहीं कर सकेगा।

पुरानी नियमावली में एलटी डिप्लोमा, बीटीसी, बीएड या समकक्ष उपाधि को अधिमानी अर्हता के रूप में मान्यता प्राप्त थी लेकिन संशोधित नियमों में एलटी डिप्लोमा और बीटीसी को हटा दिया गया है। अधिमानी योग्यता के रूप में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने एनसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्था से बीएड की उपाधि प्राप्त की हो। यह बदलाव यह संकेत देता है कि अब शिक्षा विभाग की मंशा एक स्पष्ट, विवादरहित और गुणवत्ता-आधारित चयन प्रक्रिया अपनाने की है। खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ के 134 रिक्त पदों का अधियाचन पहले ही उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी को भेजा जा चुका है। अब जब संशोधित नियमावली भी आयोग को भेज दी जाएगी, तो बहुत जल्द भर्ती विज्ञापन जारी होने की संभावना है। इससे पहले 2019 में आयोग द्वारा 309 पदों पर भर्ती हुई।

# पीएम किसान उत्सव दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को विकास खंड निघासन मुख्यालय पर पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी से दिए गए संबोधन का सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने गंभीरता से देखा और सुना। प्रधानमंत्री ने किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आत्मनिर्भर खेती और तकनीक आधारित कृषि की दिशा में उठाए जा रहे कदमों को साझा किया।

> किसानों और जनप्रतिनिधियों ने दिखाई गहरी रुचि, योजनाओं से जुड़ने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में विकास खंड क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। किसानों ने न सिर्फ प्रधानमंत्री का भाषण ध्यानपूर्वक सुना, बल्कि पीएम किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, आधुनिक कृषि उपकरण व सरकार की अन्य किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था चाक-चौबंद रही, जिसका श्रेय खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह व उनकी टीम को जाता है। कृषि, सिंचाई, पशुपालन, ग्रामीण विकास जैसे विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए किसानों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## प्रधान के परिवार को अंत्योदय कार्ड, ग्रामीणों में आक्रोश

**मोहम्मदी, खीरी, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत दिलावरपुर के ग्राम प्रधान कदीर के परिवार द्वारा अंत्योदय कार्ड के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान बनने के बाद भी उनकी पत्नी नूरजहां के नाम पर पुराना अंत्योदय कार्ड चालू है, जबकि 2024 में उनकी बहू यासमीन के नाम पर भी नया कार्ड जारी हुआ। अंत्योदय कार्ड केवल अति-गरीब परिवारों के लिए होते हैं, ऐसे में प्रधान जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए इस लाभ को लेना नैतिक और कानूनी रूप से अनुचित माना जा रहा है। ग्रामीण छोटेलाल ने इसकी शिकायत आई जी आर एस पोर्टल और तहसील दिवस में भी की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि किसी गरीब का कार्ड होता तो कार्रवाई तुरंत होती, लेकिन यहां खादी के दबाव में सिस्टम चुप है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनपद स्तर पर विरोध और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करेंगे।

# नया पिंड में नदी ने शुरू किया भूमि कटान पिछले वर्ष मोहाना ने मचाई थी तबाही

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



खैरटिया क्षेत्र के नया पिंड गांव में एक बार फिर मोहाना नदी ने अपनी रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। नदी द्वारा भूमि कटान की शुरुआत होते ही गांव में दहशत का माहौल बन गया है। हालांकि लेखपाल का कहना है कि अभी यह कटान बेहद धीमा है, लेकिन ग्रामीणों को पिछले वर्ष की तबाही अब भी नहीं भूली है।

गौरतलब है कि बीते वर्ष मोहाना नदी ने नया पिंड गांव में भीषण कटान कर 27 परिवारों को बेघर कर दिया था। अब एक बार फिर नदी ने गांव के गज्जन सिंह और प्रेम सिंह के खेतों के पास कटान शुरू कर दी है। कटान की रफ्तार अभी भले ही धीमी हो, लेकिन ग्रामीण आशंका जता रहे हैं कि पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश से नदी का जलस्तर बढ़ सकता है और पिछले साल जैसी त्रासदी दोबारा सामने आ सकती है। गांव में इस समय लगभग 60 परिवार रह रहे हैं, जो भय के साए में दिन बिता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कटान बढ़ने की स्थिति में उनके घर और खेत खतरे में आ सकते हैं। नदी का पानी तेज धार के साथ बह रहा है, जिससे भूमि कटान की आशंका और भी अधिक बढ़ गई है।

मौके पर पहुंचे लेखपाल विश्वजीत वर्मा ने स्थिति का जायजा लेते हुए बताया कि "फिलहाल कुछ कटान जरूर हुआ है, लेकिन इसकी गति काफी धीमी है। अभी स्थिति नियंत्रण में है और किसी तरह के बड़े खतरे की आशंका नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में छात्रों की रचनात्मकता ने मोहा मन



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** एम.जे. एविटिविटी हाईस्कूल उतरौला में आज छात्रों के लिए एक अंग्रेज़ी लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता, भाषाई क्षमता और लेखन कौशल को विकसित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषा में विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को सुंदर और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। लेखन में भाषा की शुद्धता, विषय की समझ और प्रस्तुतिकरण के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों प्रिंस मिश्रा, अंसार हुसैन, फलक, आकांक्षा, संगीता, शिखा, पाकीजा एवं सूरज कुंवर का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ हिमांशु धर द्विवेदी ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की कला को निखारती हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा जल्द ही की जाएगी और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। स्कूल प्रबंधक समीर रिजवी ने इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने की बात कही है।


### भाकियू ने विद्युत कटौती को लेकर किया विरोध

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत एवं भारतीय मजदूर किसान संगठन राष्ट्रीबादी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद खलील शाह सहित सभी पदाधिकारियों कि एक बैठक जिला अध्यक्ष के आवास पर हुआ जिसमें बिचारा किया गया है कि बिजली कटौती बंद काराने के सम्बन्ध में चर्चा हुवा जो सरकार के आदेश को ताखपर रखकर बिजली विभाग जिगना श्रीदतगंज पावर हाउस में रात दिन बिजली कटौती दस दस मिनट पर कीया जारहा ऐदी बिजली कटौती बंद नहीं हुवा तो जिगना पावर हाउस का किसान यूनियन महात्मा टिकैत एवं भारतीय मजदूर किसान संगठन का घेराव किया जाए गा जो इस मिश्रण गर्मी में आम जन मानस काफी परेशान है जनता की पारेशानी को देखते हुए बिजली कटौती के विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### नीमगांव में बढ़ती चोरियों से दहशत, पुलिस खुलासे में नाकाम

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** नीमगांव थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी वारदात का खुलासा नहीं कर सकी है। बीते दो माह में करीब तीन दर्जन से अधिक घरों में चोरी हो चुकी है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। 1 अगस्त की रात ग्राम पिपरी नारायन में चोरों ने एक ही रात में पांच घरों को निशाना बनाया। ग्रामीणों का आरोप है कि चोर हाईटेक तरीके से ड्रोन कैमरे का उपयोग कर रहे हैं। **वारदातों का विवरण:-** गिरीश के घर में चोर छत के रास्ते घुसे और नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। गोली चलाने के बावजूद चोर फरार हो गए। कालीचरन तिवारी के घर से 1 लाख रुपये नकद और 5 लाख रुपये के जेवर, पुतन लाल के घर से 60 हजार रुपये और एक जोड़ी झुमकी, सुरेश चंद के घर से 35 हजार रुपये नकद और 7.5 लाख रुपये के जेवरात, जबकि पिंकू तिवारी के घर से 60 हजार रुपये नकद और कीमती जेवरात चोरी हुए हैं। एसएसआई धर्मेंद्र सिंह यादव और चौकी प्रभारी आशीष सहरावत समेत पुलिस जांच करने पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने रात एक बजे से तीन बजे के बीच तीन लाइटों वाला एक ड्रोन कैमरा उड़ता देखा था,तथा पुलिस द्वारा चोरों की तलाश और मामले की जांच के लिए साक्ष्य एकत्र करने हेतु फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।

### राजा राजेश्वर सिंह के प्रयासों से मदनापुर लालबोझी के पास शारदा रिसाव को रोकने के लिए बाढ़ खण्ड की पहल



> घाघी नाले पर आ रहे अतिरिक्त पानी के रुकने से घाघी में बाढ़ की तबाही से राहत की बढ़ी उम्मीद

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह के अथक प्रयासों से मदनापुर लालबोझी के निकट घाघी नाले में शारदा नदी से हो रहे भयंकर रिसाव को नियंत्रित करने के लिए बाढ़ खंड विभाग ने तिगुड़िया (परप्यून पाइप) लगवाया है। यह कार्य शारदा नदी से आ रहे दबाव को रोकने और भूमि कटाव पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से कराया गया है। उल्लेखनीय है कि घाघी नाले पर रिसाव के कारण अतिरिक्त पानी के दबाव नाले के किनारे बना बांध अक्सर रानीगंज सहित कई क्षेत्रों में टूट जाता है, जिससे दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुसकर तबाही मचा देता है। इससे स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इसके लिये आसपास के गावों के क्षेत्रीय किसानों ने राजा साहब से संपर्क कर पानी के रिसाव को नियंत्रित कराने हेतु राजा साहब से गुहार लगाई जिसके उपरांत बाढ़ नियंत्रण के इस कार्य को कराने के लिए राजा राज राजेश्वर सिंह ने प्रमुख सचिव अनिल गर्ग से विशेष भेंट कर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया था। इसके बाद प्रमुख सचिव ने बाढ़ खण्ड अधिसाशी अभियंता को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए। इसी का परिणाम है कि अब विभाग ने रिसाव रोकने के लिए प्रयोगिक तौर पर तत्काल कार्यवाही करते हुए परप्यून पाइप की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

# पंचायत भवन में दो बार चोरी, फिर भी न मुकदमा, न जांच, आखिर जिम्मेदार कौन?

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत जगदेवपुर का पंचायत भवन एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जहां एक ओर भवन की बदहाल हालत विकास के दावों की पोल खोल रही है, वहीं अब लगातार दो बार हुई चोरी की घटनाओं ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही बार चोरी होने के बावजूद न कोई एफआईआर दर्ज की गई और न ही किसी तरह की जांच शुरू की गई।

स्थानीय निवासी विमल कुमार ने इस मामले को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के रूप में दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि पंचायत निधि से खरीदे गए आवश्यक उपकरण–जैसे कंप्यूटर, प्रिंटर, बैटरी, पंखा, कुर्सी, मेज और सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) से जुड़ा अन्य सामान–अब पंचायत भवन से पूरी तरह नदारद है। यही नहीं, पंचायत सहायक रोजाना कार्यालय आती हैं, लेकिन बिना बिजली, पंखा और जरूरी सुविधाओं के कामकाज पूरी तरह प्रभावित है। विमल कुमार ने बताया कि पिछले नौ महीनों में पंचायत भवन में दो बार चोरी हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से न तो कोई कार्रवाई की गई और न ही जांच की पहल।

> जांच हुई थी लोहे के दरवाजे लगवा दिए गए थे और पुलिस को सूचना दे दी गई थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है।
> *एडीओ अनिल वर्मा ब्लॉक बिजुआ*

उन्होंने सवाल उठाया कि पहली चोरी के बाद सीसीटीवी कैमरे लगाने की जरूरत क्यों नहीं समझी गई? साथ ही उन्होंने संदेह जताया कि कहीं ये चोरी की घटनाएं महज दिखावा तो नहीं? विमल ने पंचायत निधि से खरीदे गए सामान के बिलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सही तरीके से पड़ताल की जाए तो असली तस्वीर सामने आ सकती है। ग्रामीणों का भी कहना है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे इस मामले को जिला स्तर पर उठाने को मजबूर होंगे।

# गदाईनाथ से निकला कांवरियों का जत्था, छोटी काशी में भोलेनाथ का करेंगे जलाभिषेक



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> 251 शिवभक्तों ने भरा शारदा नदी से जल, 13वीं बार निकली भानपुर कांवर संघ की यात्रा

सावन की भक्ति से सराबोर कांवरियों का 251 भक्तों वाला जत्था शनिवार को बाबा गदाईनाथ देवस्थान से जल भरकर गोला गोकरणनाथ (छोटी काशी) के लिए रवाना हुआ। भानपुर कांवर संघ की यह 13वीं यात्रा है, जो हर साल की तरह इस बार भी हर्षोल्लास और जयकारों के बीच निकली।

शारदा नदी के पवित्र तट से जल भरने के बाद श्रद्धालु भानपुर, बिजुआ और अलीगंज होते हुए करीब 40 किलोमीटर पैदल चलकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। संघ के संचालक आदित्य कुमार तिवारी ने बताया कि बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी मिलकर यह पदयात्रा पूरी श्रद्धा के साथ करते हैं। यह परंपरा बीते कई दशकों से निभाई जा रही है।

सावन माह के चलते हर हाईवे, चौराहे और मार्ग पर कांवरियों की टोलियों का स्वागत किया जा रहा है। जगह-जगह शिविर लगे हैं, जहां जलपान, विश्राम और प्राथमिक उपचार की सुविधा दी जा रही है। भक्ति, उमंग और अनुशासन से भरी इस यात्रा में 'बोल बम' के नारों से वातावरण शिवमय हो उठा है।

भगवान शिव के प्रसिद्ध धाम गोला गोकरणनाथ मंदिर (छोटी काशी) में सावन के दौरान लाखों श्रद्धालु जल चढ़ाने पहुंचते हैं। इस मौके पर प्रशासन ने भी सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। भानपुर कांवर संघ का जत्था सोमवार को मंदिर में जलाभिषेक करेगा।

### झंडी राज से निकली दसवीं कांवड़ यात्रा, श्रद्धा व भक्ति के रंग में रंगे श्रद्धालु



**निघासन खीरी।** भक्ति और आस्था से ओतप्रोत दसवीं कांवड़ यात्रा का शुभारंभ शनिवार को झंडी राज गांव से हुआ। कांवड़ियों का जोश देखते ही बनता था, जब वे बूढ़े बाबा मंदिर से पवित्र छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए हर-हर महादेव के जयघोष के साथ रवाना हुए। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ पैनल लॉयर सुमित सिंह ने सभी कांवड़ियों को तिलक लगाकर किया। यात्रा का आरंभ गांव के प्राचीन बूढ़े बाबा मंदिर से हुआ, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कांवड़िये रवाना हुए। झंडी चौराहे पर चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने यात्रा को रोककर सभी कांवड़ियों का तिलक कर स्वागत किया और उन्हें यात्रा के दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी। इस दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने सुरक्षा और अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया। कांवड़ यात्रा में इस बार भव्य झांकियों ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। धार्मिक गीत-संगीत के साथ निकली यात्रा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# रेहरा-सादुल्लानगर मार्ग पर झूलते हाई वोल्टेज तार दे रहे हादसे को दावत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



रेहरा-सादुल्लानगर मुख्य मार्ग पर ग्राम सभा विस्मभरपुर के पास खतरा लगातार मंडरा रहा है। यहां सड़क किनारे गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के तार इतने नीचे झूल रहे हैं कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

यह मार्ग नहर से होते हुए एक सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल तक जाता है। हर दिन दर्जनों बच्चे इसी रास्ते से होकर विद्यालय आते-जाते हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि तार इतने नीचे हैं कि अगर कोई ऊंचा वाहन या साइकिल सवार भी पास से गुजरे, तो जानलेवा करंट लग सकता है।

स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि कई बार इन तारों में करंट पेड़ों तक उतर चुका है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। राजकुमार यादव, शिव शंकर, गुड्डू, कल्लू, ननकन यादव, जीतेंद्र, काशी नाथ और गिराऊ समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या की सूचना बिजली विभाग को कई बार दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

ग्रामीणों की मांग है कि विद्युत विभाग तत्काल कार्रवाई करते हुए इन तारों को ऊंचा करे ताकि बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या को नहीं सुलझाया गया, तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है – और इसकी ज़िम्मेदारी विभागीय लापरवाही की होगी।

इस संबंध में एसडीओ रेहरा बजार एस के वर्मा ने बताया कि संज्ञान में नही है ।जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।।

# मन की बात के प्रसारण में हंगामा

> ग्रामीण ने मोदी-योगी पर की आपत्तिजनक टिप्पणी, समिति ने दी तहरीर

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात एवं 20वीं किसान सम्मान निधि किस्त के लाइव प्रसारण के दौरान कबिरहा साधन सहकारी समिति, गुरुदीनपुरवा में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ग्रामीण ने कार्यक्रम के बीच आपत्तिजनक बातें कहनी शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी शेरा यादव पुत्र शिवनाथ यादव ने प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे कायक्रम में मौजूद किसानों में आक्रोश फैल गया और कई लोग कार्यक्रम छोड़कर उठ गए। समिति अध्यक्ष निरंकार सिंह और सचिव नवीन अवस्थी ने इस घटना की लिखित शिकायत थानाध्यक्ष ईसानगर को दी है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि शेरा यादव ने न केवल सरकारी कार्यक्रम में बाधा पहुंचाई बल्कि समिति के कर्मचारियों को भी धमकाया। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि शेरा यादव बीते कुछ दिनों से किसी समस्या से जूझ रहा था और संभवत: नशे की हालत में था। एक ग्रामीण ने कहा– गांव की देसी का कमाल और मजबूरिया समझिए बाबूजी, नहीं तो कौन ऐसा कहता सार्वजनिक जगह पर!

समिति पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार सरकारी कार्यक्रमों की गरिमा को ठेस न पहुँचा सके।

# डीएम ने सहकारी समिति व खुदरा उर्वरक दुकानों पर कृषकों से की वार्ता

**टोकन व्यवस्था बनाते हुए सभी कृषकों को सुलभ रूप से उर्वरक प्रदान किए जाने के दिए निर्देश**



**बलरामपुर।** शासन के दिशानिर्देशों के क्रम में खरीफ फसल सीज़न में कृषकों को सुलभ , पर्याप्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने को डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा विकासखंड बलरामपुर में सहकारी समिति रामनगर (सिसई) , विकास खंड तुलसीपुर में सहकारी समिति बेलीखुर्द , विकास खंड गैसड़ी में सहकारी समिति गैसड़ी का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने विकास खंड तुलसीपुर एवं गैंसडी में खुदरा उर्वरक दुकानों का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न रजिस्टर का अवलोकन किया एवं स्टॉक पंजिका से स्टॉक का मिलान किया। सभी सहकारी समिति एवं खुदरा उर्वरक दुकानों पर यूरिया का वितरण संचालित पाया गया। इस दौरान सहकारी समिति एवं खुदरा उर्वरक दुकानों पर यूरिया लेने आए कृषकों से वार्ता की । उन्होंने बताया कि जनपद में सभी सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। सहकारी समिति पर आने वाले सभी कृषकों को उर्वरक प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सहकारी समिति के प्रभारियों को टोकन व्यवस्था बनाते हुए सुलभ रूप से कृषकों को उर्वरक उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सेल्फी प्वाइंट से नाराज छात्राएं, सपा ने सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सपाइयों ने सात सूत्री मांग पत्र एसडीएम उतरौला अभय सिंह को सौंपा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार के बगल नगर पालिका द्वारा बनवाए जा रहे सेल्फी प्वाइंट को लेकर शिक्षक एवं छात्राओं ने इसका विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन भी किया था। सेल्फी प्वाइट निर्माण से छात्र-छात्राएं काफी आहत हैं।

बच्चियों के भविष्य को देखते हुए तत्काल सेल्फी प्वाइंट निर्माण को रोकने, सेल्फी प्वाइंट की जगह छात्राओं के साइकिल खड़ी करने के लिए वहाँ फर साइकिल स्टेंड बनवाए जाने, ग्राम सभा इटईरामपुर में चल रहे राजकीय विद्यालय के बच्चों और अनके अभिभावाकों से प्रधानाचार्य द्वारा जबरन धन उगाही को रोकते हुए प्रधानाचार्य को तत्काल रूप से हटाए जाने, मानक अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था कराए जाने, तहसील क्षेत्र में यूरिया खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने, यूरिया खाद की बढ़ती किल्लत को देखते हुए सहकारिता समिति व बाजार के बीज की दुकानों पर उपलब्ध कराए जाने, ग्राम सभा चीती से गुमशुदा हुई लडकी रेखा देवी को शीघ्र खोजने के लिए पुलिस टीम गठित करने की मांग की। पूर्व नगरपालिका प्रत्याशी एजाज मलिक, विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, सभासद राजा अंसारी, बीरे, शमीम, शत्रोहन प्रसाद वर्मा, नसीम खान, सलाहुद्दीन राईनी, असर अली, मोहम्मद इदरीसी, छब्बू शाह, निहाल खां, मोहम्मद इजहार खान, अकरम खान, नसीम अंसारी, विनोद गुप्ता, मो शोएब , मोहम्मद वकार आदि मौजूद रहे।

# दस वर्षों से निष्प्रयोज्य पड़ा एएनएम सेंटर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड रेहराबाजार की ग्राम पंचायत रहमतपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के उद्देश्य से लगभग दस वर्ष पूर्व बना एएनएम (सहायक नर्सिंग मिडवाइफरी) सेंटर आज तक निष्प्रयोज्य बना हुआ है। न तो वहां कोई स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है, और न ही वहां तक पहुंचने के लिए कोई उचित रास्ता है।

> रहमतपुर के ग्रामीणों ने की संचालन और मार्ग निर्माण की मांग



**रास्ता भी नहीं है सुगम**

ग्रामीणों का कहना है कि एएनएम सेंटर पूरी तरह घास-फूस और झाड़ियों से घिरा हुआ है। बरसात के दिनों में तो वहां तक पहुंचना और भी कठिन हो जाता है। सेंटर तक कोई पक्की या कच्ची सड़क भी नहीं बनी है, जिससे वहां पहुंचना ग्रामीणों के लिए नामुमकिन सा हो गया है। ग्रामवासियों रामजी, संकटा तिवारी, सेतु तिवारी और राकेश ने बताया कि वर्षों पहले लाखों रुपये की लागत से बना यह केंद्र आज तक उपयोग में नहीं लाया गया। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधा की निचले स्तर तक पहुंच की बातें कागजों तक ही सीमित रह गई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि एएनएम सेंटर तक जाने के लिए रास्ता बनवाया जाए, परिसर की साफ-सफाई कराई जाए और सेंटर को शीघ्र चालू कर वहां नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उनके गांव में ही मिल सके। इस संबंध प्रभारी चिकित्साधिकारी रेहराबाजार डॉक्टर संदीप राजभर ने कहा कि ए एन एम सेंटर के बंद होने से जिसको दिक्कत है प्रार्थना पत्र दे प्रार्थना पत्र को शासन स्तर पर भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।।

# अल्फाज से आसमान तक : उतरौला के यूसुफ का साहित्यिक सफर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** मोहम्मद यूसुफ इक़बाल सिद्दीकी का नाम आज किसी परिचय का मोहताज नहीं। उतरौला नगर के पटेल नगर मोहल्ले से ताल्लुक रखने वाले इस युवा शायर ने अपने अदबी सफर से न केवल नगर का बल्कि जिले का भी नाम रोशन किया है। उनका जन्म 13 सितंबर 2004 को उतरौला में हुआ। पिता मोहम्मद इक़बाल सिद्दीकी के मार्गदर्शन और अपने जुनून के बल पर यूसुफ आज साहित्यिक मंचों पर एक जाना-पहचाना चेहरा बन चुके हैं।

शैक्षणिक पृष्ठभूमि :- यूसुफ ने अपनी प्रारंभिक, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा स्कॉलर्स एकेडमी इंटर कॉलेज, उतरौला से हासिल की। वर्तमान में वह लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष के छात्र हैं और शिक्षा के साथ-साथ साहित्यिक रुचियों को भी बराबरी से निभा रहे हैं।

> शायरी की दुनिया का चमकता सितारा : मोहम्मद यूसुफ इक़बाल सिद्दीकी- 58 हज़ार फॉलोअर्स, देशभर में मुशायरे, और अब ग़ालिब की सरज़मीं तक पहुंचने की तैयारी



अदबी सफर :- बचपन से ही उन्हें साहित्य, शायरी, ग़ज़ल और किताबों में गहरी दिलचस्पी रही। विभिन्न महान लेखकों और शायरों की रचनाएं पढ़ते हुए उन्होंने अपने भीतर के शायर को जगाया और 2021 में उतरौला में आयोजित अपने पहले मुशायरे में मंच से कलाम पेश कर अदबी दुनिया में कदम रखा। इसके बाद एक के बाद एक मंच, मुशायरे और नशिस्तों का सिलसिला चलता गया और यूसुफ ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### देश के दिग्गज शायरों के साथ मंच साझा

अब तक वे नदीम फारूख़, मेहशर अफ़रीदी, अबरार काशिफ़, मनिका दुबे, आज़म शकीरी, नुसरत अतीक़ और देश के कई चर्चित शायरों के साथ एक ही मंच पर अपनी शायरी का जादू बिखेर चुके हैं।

### डिजिटल दुनिया में भी अदब की अलख

यूसुफ इक़बाल ने शायरी के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया को भी एक सशक्त माध्यम बनाया है। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर उनके 58,000 से अधिक फॉलोअर्स का एक बड़ा परिवार है, जहां वे रोज़ाना नई-नई शायरी, ग़ज़ल और अदबी वीडियो के ज़रिए लोगों से जुड़े रहते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है और वे नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### आगामी विशेष कार्यक्रम

10 अगस्त 2025- इंदौर, डॉ. राहत इंदौरी की टीम द्वारा आयोजित भव्य मुशायरे में मंच साझा करेंगे। 23 अगस्त 2025- दिल्ली के ऐवान-ए-ग़ालिब ऑडिटोरियम में जश्न-ए-भारत कार्यक्रम में प्रमोटर और विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं, जहां उन्हें देश के दिग्गज शायरों से संवाद का अवसर मिलेगा। उतरौला की मिट्टी से निकले इस युवा शायर की उड़ान अब देश के बड़े-बड़े मंचों की ओर है। मोहम्मद यूसुफ इक़बाल सिद्दीकी आज की पीढ़ी के लिए नज़ीर हैं कि अदब, हिम्मत और हुनर मिलकर कैसे नामुमकिन को मुमकिन बनाते हैं।

# समय व गुणवत्ता से निस्तारित करें प्रार्थना पत्र

## डीएम, एसपी व सीडीओ ने तहसील मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

▸ समाधान दिवस मनकापुर में सात शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 148 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता पारस नाथ निवासी लोदिया खुर्द बभनीपायर छपिया मनकापुर ने अवगत कराया कि मेरे गांव के लेखपाल द्वारा मेरा अंश निर्धारण गलत कर दिया है, जिसको संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने मौके पर ही सही कराकर शिकायतकर्ता पारस नाथ को खतौनी उपलब्ध कराया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार मनकापुर चन्दन, नायब तहसीलदार मनकापुर अनिल कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, एक्सईएएन प्रान्तीय खण्ड, खंड विकास अधिकारी मनकापुर, छपिया, बभनजोत, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 20 को होगा एलबीएस शिक्षक संघ का निर्वाचन

**गोण्डा।** एल.बी.एस. कॉलेज शिक्षक संघ का निर्वाचन 20 अगस्त को संपन्न होगा। इसी दिन शिक्षक संघ द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. जितेंद्र सिंह ने आज शिक्षक-संघ निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी। उन्होंने बताया कि दिनांक 05 एवं 06 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के नैक कार्यालय में 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक नामांकन पत्रों की बिक्री होगी और उन्हें वहीं जमा किया जाएगा। दिनांक 12 अगस्त को नैक कार्यालय से ही सुबह 11 से 1 बजे अपराह्न तक नामांकन पत्रों की वापसी होगी। उसके अगले दिन 13 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच और योग्य प्रत्याशियों का प्रकाशन 3 बजे अपराह्न तक किया जाएगा। नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत यदि आवश्यक हुआ तो 20 अगस्त को 11 बजे पूर्वाह्न से 2 अपराह्न बजे के मध्य सभा कक्ष में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होगी। इसी दिन 3 अपराह्न बजे से मतगणना संपन्न होगी।

## प्रसव के दौरान महिला की मौत केस में इंस्पेटर ने अस्पताल पहुंचकर की जांच

समृद्धि न्यूज

▸ नगर कोतवाल ने बताया कि अभी विवेचना चल रही है उसके बाद की जाएगी कार्रवाई

**गोंडा।** प्रसव के दौरान तारा देवी की मौत के प्रकरण में क्राइम प्रभारी सभा जीत सिंह नगर कोतवाली क्षेत्र के आई टी आई चौराहे के निकट स्थित मेडिसिन नर्सिंग होम में पहुंच गए। जिस से नर्सिंग होम के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मेडिसिन के कर्मचारी भाग खड़े हुए। क्राइम प्रभारी सभा जीत सिंह ने बताया कि मेडिसिन नर्सिंग होम में पहुंच के स्थलीय जांच किया गया जिस में नर्सिंग होम का नक्शा नजरी बनाया गया। नर्सिंग होम के कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं मिले। मेडिसिन हॉस्पिटल के संचालक डाक्टर स्टाफ नर्स और सफाई कर्मचारी के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के महादेवा केशव पुर पहड़वा निवासी सूरज ने तहरीर दिया कि बीते 25 जून को अपने पत्नी तारा देवी को प्रसव के लिए भर्ती कराया था। हॉस्पिटल संचालक से बात हुई कि मेरे पत्नी का प्रसव सीनियर डाक्टर की देख रेख में किया जाए। उन्हों बताया कि डाक्टर अविनाश डाक्टर इलमां डाक्टर सौम्या शुक्ला में से कोई न कोई डाक्टर रहेंगे लेकिन उस दिन मेरी पत्नी तारा देवी का प्रसव हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टॉफ , सफाई कर्मचारी के माध्यम से कराया गया। मुझे बताया गया कि जच्चा बच्चा दोनो ठीक है। लेकिन थोड़ी देर के बाद बताया गया कि आप की पत्नी की मृत्यु हो गई। हॉस्पिटल के स्टॉप की लापरवाही की वजह से मेरी पत्नी की मृत्यु हुई है।

नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि तहरीर पर मेडिसिन हॉस्पिटल के संचालक नर्सिंग स्टॉफ और सफाई कर्मचारी के खिलाफ में मुकदमा लिखा गया था।

## खबरें एक नजर में

### पुल पर चढ़ते समय ट्रक का ब्रेक हुआ फेल, कार से टकराई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज की तरफ से बुधवार शाम 8 बजे यूरिया खाद लाद कर परसपुर के लिए जा रहा ट्रक दुर्जनपुर घाट पुल पर चढ़ते समय ट्रक का ब्रेक फेल हो गया जिससे ट्रक पीछे की ओर लुढ़कने से पीछे लगी वैगन–आर कार क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद पीछे लगी अन्य वाहनों पर सवार लोगों ने भाग कर किसी तरह से जान बचाई। वैगन–आर कार में सवार पांच लोग किसी तरह बच निकले। ट्रक सड़क को छोड़ते हुए जाकर एक होटल की दुकान और पीछे लगी बैग नार कार के स्पोर्ट पा कर रुकी। घटना के समय ट्रक के पीछे एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह और तरबगंज ब्लाक प्रमुख मनोज पांडेय की कार भी लगी रही। गनीमत रही की दोनों कार किसी तरह बगल से बचकर निकल गई । अयोध्या से करनैलगंज को जा रहे वैगन–आर ट्रक के चपेट में आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वजीरगंज पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले ली। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल होने से पीछे लगी वैगन–आर कार क्षतिग्रस्त ग्रस्त हुई है। इस मामले में किसी की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराया गया है।

### मध्यस्थ बनने आठ अगस्त तक अधिवक्ता भेजें आवेदन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 25 मध्यस्थों की होगी नियुक्ति

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा जिले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मैं संचालित मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थ बनने हेतु अधिवक्ताओं से आवेदन मांगे गए हैं। द्वितीय अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंडा दानिश हसनैन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थों के पैनल हेतु 25 पदों पर मध्यस्थ की नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त व समय शाम 5 बजे तक है। निर्धारित योग्यता रखने वाला कोई भी अधिवक्ता आवेदन कर सकता है। आवेदन पत्र जनपद न्यायालय गोंडा की वेबसाइट से डाउनलोड किए जाते हैं इसके अलावा जिला सूचना कार्यालय गोंडा से भी प्राप्त किया जा सकते हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र व वांछित दस्तावेज की स्वप्रमाणित प्रतियां एक बंद लिफाफे में करके सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंडा के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकता है। योग्यता व अन्य जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंडा से संपर्क किया जा सकता है।

### एक ही रात में सात स्थानों पर चोरों ने किया हाथ साफ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार मध्य रात्रि बसंतापुर ग्राम पंचायत में एक ही रात सात घरों में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। गांव निवासी मक्कू पुत्र शंकर के यहां चोरों ने नकब लगाकर नगदी और जेवरात सहित करीब 25000 की चोरी की। जनका के यहां चोरों ने धावा बोला यहां भी 2000 नगदी और जेवरात चुरा ले गए। ध्रुप कुमार के यहां भी चोर दाखिल हुए यहां गृहस्थी आदि चुरा ले गए। दुर्गा के घर में घुसे चोरों ने मोबाइल फोन और 2200 रुपए नगद चुरा ले गए। कल्लन के यहां से मोबाइल फोन। मालिक राम के घर से बाजा और गृहस्थी चुरा ले गए। मायाराम के यहां किराना का सामान और 700 रुपए नगद चुरा ले गए। शनिवार सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो सभी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। बीते कुछ माह पूर्व इसी ग्राम पंचायत में चार घरों में भी चोरों ने तांडव मचाया है। जिसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

### बहराइच से केदारनाथ स्कैडिंग यात्रा करके घर पहुंचा युवक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रामगांव इलाके के गम्भीरवा बाजार निवासी दीपू निषाद सत्ताईस दिन पूर्व अपने घर से स्कैडिंग यात्रा करते हुए पहले राम नगरी अयोध्या पहुंचा वहां पर दर्शन करके हरिद्वार के लिए रवाना हुआ रास्ते मे विभिन्न स्थानों पर लोगों ने युवक का माल्यापर्ण करते हुए स्वागत किया और सुखमय यात्रा के लिए आशीर्वाद दिया। यात्रा के दौरान भारी बरसात, तेज धूप व भीषण गर्मी से जूझता हुआ आखिरकार केदारनाथ पहुंचकर भगवान के दर्शन किये। इसके बाद विभिन्न प्रांतों से गुजरते हुए अपने पैतृक आवास गम्भीरवा बाजार पहुंचा। नानपारा–बहराइच मार्ग पर स्थित तुलसीपुर चौराहे पर सैकड़ों युवाओं की भीड़ यात्रा से लौटे युवक का स्वागत करने के लिए इकट्ठा थी। इसमें मोहित कुमार, जगदीश सोनी, रोहित गुप्ता, आशुतोष साहू,कुलदीप सोनी, दीपू साहू, टिंकू जयसवाल, बृजेश सिंह आदि लोगों ने मिठाई खिलाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# अहंकार के कारण ही व्यक्ति का होता है पतन

समृद्धि न्यूज



▸ बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित शारदा मैरिज लॉन में आयोजित चौथे दिन हुआ पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक का पूजन

**गोन्डा।** श्री महापुराण कथा को लेकर गोंडा नगर में श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति द्वारा आयोजित पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा गोंडा के तत्वावधान में सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक व शिव महापुराण कथा बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित शारदा मैरिज लान में आयोजित चौथे दिन शनिवार को प्रातः 6 बजे से पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक का पूजन प्रारंभ हुआ। जिसमें पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। जिसमें नारियल के जल से अभिषेक किया गया, जिससे नेत्र रोग मुक्त माना जाता है। पार्थिव पूजन के समय तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

शुक्रवार को सांयकाल तृतीय दिवस की कथा में श्री रविशंकर जी महाराज गुरु भाई जी ने शिव कथा एवं दिव्य कथाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यदि भगवान की कृपा हो तो चोर भी कुबेर जैसे पद को प्राप्त कर सकता है। साथ ही साथ प्रजापति दक्ष की कथा सुनाते हुए बताया की अहंकार के कारण व्यक्ति का पतन हो जाता है। तदु परांत शिव विवाह की कथा का वर्णन सुनकर सभी श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए। भगवान शिव का बारात रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी धर्मशाला से निकलकर कथा स्थल तक पहुंचा । भगवान भोले की बारात में श्रोतागण खूब झूमे। कथा स्थल पर उज्जैन से आईं महाकाल की विराट झांकी सजी हुई थीं। कथा में मुख्य यजमान श्रीमती आरती सोनी एवं संतोष सोनी रहे। कथा के दौरान बीच-बीच में भगवान भोलेनाथ की सज रहे भोले बाबा निराले दुल्हे में,मतवाले दुल्हे में भजनों की अमृत वर्षा हुई। कथा में साज सज्जा और कोरस पर शिवा पंडित और राघव पंडित ग्रुप रहा। कथा समाप्ति पर आरती हुई उसके बाद प्रसाद वितरण होगा। कथा के दौरान दौरान मंडलीय प्रभारी संदीप मेहरोत्रा, शिव शंकर सोनी, रवि सोनी, अमित सोनी, दीपक मराठा, उमेश शुक्ला, केडी मिश्रा, विशाल बंसल, सूर्य प्रकाश सोनी, देवेंद्र सोनी, आयूष सोनी, रमेश गुप्ता, रविंद्र कुमार सिंह, राकेश गुप्ता, राम शंकर कसौधन,राजेश गुप्ता, दिलीप मिश्रा, माया सोनी, कनक लता सोनी, ममता सोनी, रंजना सोनी सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

## छात्र पंचायत के सदस्यों ने समोसा व किताब रखकर किया प्रदर्शन




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अनिश्चितकालीन धरने प्रदर्शन का आठवां दिन रहा धरना अभी भी इको गार्डन लखनऊ में जारी है लेकिन धरने में आज खास दिन समोसा व किताब रखकर प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि आज हम समोसा वा किताब इसलिए रखी प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि सदन में माननीय सांसद रवि किशन जी के द्वारा समोसे को लेकर तो आवाज उठाई जा रही है लेकिन जो बगल में हमारी किताब रखी हुई है जिसमें खुले में लूट मची हुई है इसको लेकर आवास सदन में नहीं उठाई जा रही इसी को लेकर आज हमने इन दोनों को रख के विरोध प्रदर्शन किया है हमारी यही मांग है कि अगर सदन में समोसे पर चर्चा हो सकती है तो देश के नीव शिक्षा है उसे पर भी सदन में चर्चा होनी चाहिए क्योंकि किसी भी देश का आधार शिक्षा ही होता है वर्तमान समय में देश में शिक्षा की स्थिति बहुत ही दयनीय है लगातार प्राइवेट स्कूलों के द्वारा प्रतिवर्ष किताब के नाम पर स्कूल ड्रेस के नाम पर आदि के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जाता है तो हमारी सदनों में यह मांग है की सदन में एक देश एक शिक्षा नीति लागू हो इसको लेकर चर्चा होनी चाहिए वह कानून बनना चाहिए वह बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्र नेता अंकित तिवारी ने बताया कि कल हम लोग सड़क पर संसद लगाने जा रहे हैं इसमें प्रदेश भर के छात्र नेता आएंगे वह अपना–अपना विषय रखेंगे सदन मैं जो विषय सदन में पास होगा उसी के अनुसार आगे का कार्यक्रम हम लोग करेंगे वह लखनऊ के जिला अध्यक्ष मुर्तुजा हिलाल ने बताया कि धरने का आठवां दिन है लेकिन अभी तक कोई भी प्रतिनिधिमंडल या अधिकारी हमसे मिलने नहीं आया है हम लड़ेंगे और जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी हम लोग कार्यक्रम जारी रखेंगे इस अवसर पर अंकित वर्मा अयोध्या , करण मोरिया अयोध्या, नितिन मिश्रा बस्ती, हिमांशु तिवारी, अंशुमान सिंह, अभय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग के घटिया काम पर भड़के विधायक सुरेश्वर सिंह

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** विकासखंड महसी के ग्राम आसमानपुर में शुक्रवार को सौभाग्य योजना 3 के उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक सुरेश्वर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। विधायक जब विद्युत पोल के पास फीता काटने गए, तब उन्होंने पोल फिक्सिंग के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए।

विधायक ने वेदांता फार्म के ठेकेदार सरवर से मानक के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने कार्य के लिए निर्धारित मानकों की फाइल देखने को कहा। ठेकेदार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इससे विधायक नाराज हो गए। मौके पर मौजूद विद्युत विभाग के जेई अनीश कुमार पांडेय ने स्वीकार किया कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। विद्युत विभाग के एसडीओ मोहम्मद आसिम उद्घाटन कार्यक्रम में देरी से पहुंचे। उन्होंने तबीयत खराब होने का हवाला दिया। वे भी कोई सटीक जानकारी नहीं दे पाए। जिले के एसई विजय कुमार राजपूत ने भी बताया कि उन्हें इसके मानक और लागत की जानकारी नहीं है। इस पर विधायक ने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को बुलाकर मटेरियल की सैंपलिंग के लिए भेज दिया। विधायक ने कहा कि यह पूरी तरह से फर्जी काम हो रहा है। विद्युत विभाग सरकार की नीतियों को बदनाम कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पोल ग्राम पंचायत की सड़क पर लगाए गए हैं। यह मानकों के अनुरूप नहीं है।विधायक ने चेतावनी दी कि इस भ्रष्टाचार में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार इतने पैसे लगाकर घर-घर बिजली कनेक्शन पहुंचा रही है। लेकिन विद्युत विभाग पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है।

## गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**पयागपुर, बहराइच।** जनपद के थाना पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत परसिया आलम गांव में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर एक पेड़ से युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 23 वर्षीय अरुण तिवारी पुत्र राम प्रसाद तिवारी के रूप में हुई है, जो पयागपुर के परसिया गांव का निवासी था। परिजनों के मुताबिक, अरुण तिवारी सुबह घर से किसी काम से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी देर इंतजार के बाद जब उसकी तलाश की गई, तो गांव से कुछ दूरी पर उसका शव एक पेड़ से लटकता हुआ मिला। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। घटना को लेकर गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

# डीएम ने महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल तहसील व ब्लॉकों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



▸ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए किया पौधरोपण क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर योजनाओं का गुणवत्तापरक ढंग से क्रियान्वयन के दिये निर्देश

**बहराइच।** नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए हरिशंकरी पौध का वृक्षारोपण भी किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने विकास खण्ड चित्तौरा, पयागपुर, विशेश्वरगंज तथा तहसील पयागपुर का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय व परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं, शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति इत्यादि का जायजा लिया। तहसील पयागपुर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने राजस्व ग्रामवार कुल गाटा के मिनजुमला गाटा संख्या का विवरण तैयार करने, समस्त ग्रामों की श्रेणी 2 व 3, असंक्रमणीय भूमि व आसामी विवरण बनाने, अनुसूचित जाति, जनजाति व्यक्ति के किसी भूमि पर अवैध कब्जा का चिन्हीकरण, संग्रह अनुभाग में आनलाइन एवं आफलाइन आरसी का मिलान कर अधिक से अधिक वसूली करने के निर्देश दिये।

अंश निर्धारण, स्वामित्व योजना, चकबन्दी प्रकिया, कम्प्यूटरीकृत इत्यादि की भी जानकारी प्राप्त कर तहसील प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान तहसील के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट वार्ता भी की। डीएम ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण भी किया। ब्लाकों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जीरो पावर्टी, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, पौधारोपण, राष्ट्रीय अजीविका मिशन, मनरेगा इत्यादि से सम्बन्धित प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतों में भ्रमणशील रहकर योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ शासन की मंशानुसार पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# सहकारी समितियों को यूरिया भेजने का कार्य हुआ प्रारंभ : जिला कृषि अधिकारी

▸ जनपद को प्राप्त हुए 44500 बैग यूरिया उर्वरक

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जनपद बहराइच को चिलवरिया रैक प्वाईन्ट से 44500 बैग यूरिया उर्वरक प्राप्त हुई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा चिलवरिया रैक प्वाईन्ट पर प्राप्त इफको यूरिया बैग का अवलोकन किया गया।

तदोपरांत जिला कृषि अधिकारी एवं उप क्षेत्रीय प्रबंधक इफको द्वारा समस्त यूरिया उर्वरक रैक पॉइंट से सीधे रिटेलर्स एवं कोऑपरेटिव समिति को भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी जनपद में प्राप्त उर्वरक के अतिरिक्त, 10838 मैट्रिक टन यूरिया, 3469 मेट्रिक टन डीएपी, 2799 मेट्रिक टन एनपीके एवं 12795 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। डॉ. यादव ने बताया कि जनपद के सभी सहकारी समिति पर 36324 बोतल नैनो डीएपी एवं 22436 नैनो यूरिया उर्वरक भी उपलब्ध है। उन्होंने जिले कृषकों को सुझाव दिया है कि डीएपी के साथ-साथ नैनो डीएपी, एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट ट्रिपल सुपर फास्फेट का भी प्रयोग करें, इसकी भरपूर मात्रा जनपद में उपलब्ध है। उन्होंने कृषकों को आश्वसत किया है कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी।

कार्यक्रम | कपूरथला में 06 अगस्त तक सजेगी आकांक्षा हॉट, जिला व ब्लाक के फ्रंट लाइन वर्कर्स हुए सम्मानित

# समारोहपूर्वक ‘संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह’ का आगाज

▸ समारोह के दौरान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूंचकाकों के संतृप्तिकरण के उपरान्त कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट ‘उत्थान’ (आडिटोरियम) परिसर में 02 से 06 अगस्त तक लगायी गयी ‘आकांक्षा हॉट’’ का एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों एवं अतिथियों के साथ फीता काटकर आकांक्षा हाट का शुभारम्भ किया तथा विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात अतिथिगणों द्वारा शिलालेख का अनावरण किया गया।

इसके पश्चात् फीता काटकर कर मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट ‘उत्थान’ (आडिटोरियम) का लोकार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अतिथिगणों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। जबकि आयुष चिकित्सक डॉ. पीयूष नायक ने कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डाला। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं राजकीय बालिका इण्टर कालेज अचौलिया फखरपुर, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया, बाल शिक्षा निकेतन बहराइच, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कालेज, मेट्रो म्यूज़िकल कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद गोंड ने कहा कि जनपद में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के प्रयास से आडिटोरियम का निर्माण जनपद के लिए गौरव की बात है। किसी प्रकार के शासकीय आयोजन में स्थान को लेकर अब कोई बाधा नहीं आयेगी। श्री गोड ने वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किसानों के खातों में पीएम सम्मान निधि की 20वीं किश्त की धनराशि भेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। सीडीओ श्री चन्द्र ने कहा कि सभी सहयोगी विभागों के अथक प्रयास से जनपद को यह गौरव प्राप्त हुआ है। श्री चन्द्र ने कहा कि जुलाई 2024 से सितम्बर 2024 के मध्य सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें प्रथम त्रैमासान्त में एडीपी के अन्तर्गत 06 सूचकांको गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरण, मृदा हेल्थ कार्ड का वितरण, माध्यमिक विद्यालय में शत प्रतिशत विद्युतीकरण व प्राथमिक विद्यालयों में सत्र प्रारम्भ के एक माह में पुस्तकों का वितरण तथा एबीपी के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, हाइपरटेंशन की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग, डायबिटीज की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं को पोषाहार, मृदा हेल्थ कार्ड व स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड के वितरण में जनपद में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने पर प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जायेगा।

**(सम्मन वास्ते कारोरदा उसूर तबह तलब)**

न्यायालय नायब तहसीलदार शिरोमन नगर
ता. पेशी 06/08/2025
मुद्दई
रामसेवक
बनाम माखन (मृतक)

हरगाह रामौतार पुत्र गुरुबक्श निवासी ग्राम नाऊ नगला, परगना शिरोमन नगर,तहसील शाहाबाद, जनपद हरदोई ने नाबिल बतारिख दायर की गई है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारिख 06माह 08 सन 2025 ई. बवक्त बजे दिन के असालतन या मार्फत किसी के जो मुकदमा के हालात सरकार वक्त वाकिफ किया गया हो और कुछ उजारत बहाल मुताफ़िक क मुकदमा का जवाब दे सकेगा। जिसके बाद कोई सनद हो कि बनाम ऐसे अदालत को दे सके कि हाजिर हो और जवाबदेही को करें। आपको लाजिम है कि उस सच जुमला दस्तावेज पैरोकार आपको लाज़िम अपना जवाबदेही वक्त तालीम चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है। अगर आप बरोज बुन्कर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको महसूस औ फसल होगी। बबावत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत ने आज बतारीख 23 माह 07 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया है। इत्तिला 1. आपको यह आदेश दिया जाता है कि आपका द्वारा गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे तो आप अदालत हाजी सम्मन मराद जारी करवा सकते हैं कि जो गवाह हो उसे जवरन हाजिर कराया जाय और दस्तावेज को किसी तरका से पेश करने की आप इस्तेहाक रखते हैं, वह उससे पेश कराई जाये व शर्ते खर्चा जरूर अदालत में दाखिल करने, इस कर्ज की दरख्वास्त गुजराये। 2. अगर आप मुतालिब मुद्दई की तामील करते हैं तो आपको लाजिम है कि रुपया मय खर्चा जालित अदालत से दाखिल करें, ताकि कार्रवाही इजरा डिग्री की तो डायरी जानमाल या दोनों पर करना पड़े।

**आज्ञा से न्यायालय नायब तहसीलदार शिरोमन नगर, शाहाबाद, हरदोई**

# अमेरिकी टैरिफ का उत्तर : आत्मनिर्भर भारत का वैश्विक उत्तरगान

**श्याम जाजू**

तीस जुलाई 2025 को अमेरिका के राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प ने चौंकाने वाली घोषणा करते हुए भारत से आने वाले लगभग सभी आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की बात कही। इस टैरिफ के दायरे में भारत की सबसे महत्वपूर्ण निर्यात वस्तुएँ जैसे कि दवाएं (विशेषकर जेनेरिक दवाएं), वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, ऑटो पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल एपीआई और औद्योगिक मशीनरी शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रम्प प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि अगर भारत रूस से तेल और हथियारों की खरीदारी जारी रखता है, तो उस पर अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। यह नीति सिर्फ आर्थिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक, कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशकों में गहरे हुए हैं। चाहे वह रक्षा समझौते हों, तकनीकी सहयोग हो या क्वाड जैसे बहुपक्षीय मंच। ऐसे में ट्रम्प की यह नीति अचानक एक अप्रत्याशित मोड़ का संकेत देती है, जो केवल व्यापारिक संबंधों को नहीं, बल्कि संपूर्ण वैश्विक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। डोनाल्ड ट्रम्प ने 2025 के चुनावी मौसम में फिर से अपनी प्रसिद्ध लेकिन विवादास्पद नीति को केंद्र में रखा है। उनका दावा है कि विदेशी उत्पादों पर ऊँचा कर लगाने से अमेरिकी कंपनियों को संरक्षण मिलेगा, देश में नौकरियाँ लौटेंगी, और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। भारत जैसे देशों से सस्ते आयात ट्रम्प के अनुसार अमेरिका की मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को नुकसान पहुँचा रहे हैं। अपने चुनावी वादों में ट्रम्प ने एक और बार अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों की समीक्षा, चीन और भारत जैसे देशों पर सख्ती और अमेरिका के भीतर पुनः औद्योगीकरण की बात की है। ट्रम्प ने यह भी कहा है कि अमेरिका अब कोई फ्री लंच नहीं देगा और प्रत्येक सहयोगी देश को 'Cost-Benefit' आधार पर देखा जाएगा। यही वजह है कि भारत जैसे सहयोगी देश, जिन्होंने रूस से ऊर्जा और रक्षा उपकरणों की खरीद को बनाए रखा है, अब ट्रम्प के रडार पर हैं।

यह निर्णय केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि अमेरिका के अन्य साझेदारों के लिए भी एक कड़ा संकेत है। ट्रम्प दरअसल एक व्यापक भू-राजनीतिक संदेश देना चाह रहे हैं कि यदि कोई देश अमेरिका की रणनीतिक प्राथमिकताओं के विपरीत जाता है। जैसे रूस के साथ व्यापार, तो उसे आर्थिक रूप से दंडित किया जा सकता है। यह नीति अमेरिका के पारंपरिक नेतृत्व वाले उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था से एक निर्णायक विचलन दर्शाती है। ट्रम्प का यह कदम ऐसे समय पर आया है जब यूक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान तनाव, और वैश्विक आर्थिक मंदी जैसी चुनौतियाँ विश्व भर में अनिश्चितता फैला रही हैं। ऐसे में ट्रम्प द्वारा भारत पर टैरिफ और दंडात्मक कर लगाने का निर्णय एकतरफा नहीं माना जा सकता, यह अमेरिका के भू-राजनीतिक पुनः सरेखन की ओर भी संकेत करता है। दिलचस्प बात यह है कि ट्रम्प इस बार स्वयं को शांति दूत के रूप में भी प्रस्तुत कर रहे हैं। वे दावा कर चुके हैं कि अगर वे सत्ता में लौटते हैं, तो वे रूस-यूक्रेन युद्ध को 24 घंटे में रोक देंगे, इसका क्या हुआ आपको ज्ञात ही है, ट्रम्प के भारत-पाक सुलह के दावे पर भारत ने संसद में साफ शब्दों में खंडन किया। यह सिर्फ अस्वीकार नहीं, भारत की संप्रभुता और कूटनीतिक सिद्धांतों की अडिगता का ऐलान था, महाशक्ति कोई भी हो, भारत अपने रुख से नहीं डिगेगा। इसी प्रकार, उन्होंने चीन और ताइवान के बीच तनाव कम करने की दिशा में हस्तक्षेप का इशारा भी दिया है। यह सब नोबेल शांति पुरस्कार पाने की आकांक्षा से भी जुड़ा हुआ है, जिसका ट्रम्प ने कई बार सार्वजनिक रूप से उल्लेख किया है। इस पृष्ठभूमि में, ट्रम्प द्वारा भारत जैसे देश पर कर लगाने का निर्णय और रूस के साथ व्यापार को दंडित करना, उनकी उस छवि को भी मजबूत करने का प्रयास है। उनकी रणनीति स्पष्ट है, घरेलू जनमत को अमेरिका के आर्थिक हितों के नाम पर एकजुट करना और अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक निर्णायक, अप्रत्याशित नेता के रूप में अपनी वापसी करना।




**भारत से आने वाले लगभग सभी आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की बात कही। इस टैरिफ के दायरे में भारत की सबसे महत्वपूर्ण निर्यात वस्तुएँ जैसे कि दवाएं (विशेषकर जेनेरिक दवाएं), वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, ऑटो पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल एपीआई और औद्योगिक मशीनरी शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रम्प प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि अगर भारत रूस से तेल और हथियारों की खरीदारी जारी रखता है, तो उस पर अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। यह नीति सिर्फ आर्थिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक, कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशकों में गहरे हुए हैं। चाहे वह रक्षा समझौते हों, तकनीकी सहयोग हो या क्वाड जैसे बहुपक्षीय मंच। ऐसे में ट्रम्प की यह नीति अचानक एक अप्रत्याशित मोड़ का संकेत देती है।**

अमेरिका इस समय आंतरिक रूप से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रहा है। उच्च महंगाई, बेरोजगारी, ओपिओइड महामारी, और राजनीतिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों के कारण आम अमेरिकी नागरिक का सरकार और वैश्विकरण पर से विश्वास कम हो रहा है। ऐसे में ट्रम्प जैसे नेता बाहरी दुश्म का सहारा लेकर जनमत को अपनी ओर खींचना चाहते हैं और भारत, चीन जैसे देश उस रणनीति का हिस्सा बन जाते हैं। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश, जो तकनीकी, औद्योगिक और रक्षा के क्षेत्रों में अमेरिका के रणनीतिक सहयोगी रहे हैं, उन्हें ट्रम्प द्वारा केवल व्यापार घाटे की दृष्टि से देखना, यह दर्शाता है कि अमेरिका की विदेश नीति अब नीतिगत स्थिरता के बजाय आंतरिक राजनीति से प्रेरित हो रही है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है, जो वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए आने वाले वर्षों में बड़ी चुनौती बन सकती है। 1998 में भारत ने पोखरण-II परमाणु परीक्षण किए, इस घटना भारत के परमाणु परीक्षणों के बाद अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से की जा सकती है। यह भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता की घोषणा थी, लेकिन पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका, ने इसे अपनी वैश्विक नीति के खिलाफ माना और भारत पर कठोर आर्थिक, रक्षा और तकनीकी प्रतिबंध लगा दिए। भारत पर सैन्य सहयोग, स्पेस टेक्नोलॉजी, उच्च तकनीकी उपकरणों, और विदेशी सहायता तक की रोक लगा दी गई। उस समय भी अमेरिका ने भारत पर एकतरफा आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन परिणाम यह हुआ कि भारत ने आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया। आईटी क्रांति, रक्षा अनुसंधान में नवाचार, और रणनीतिक स्वावलंबन की नींव उन्हीं वर्षों में रखी गई थी।

ट्रम्प द्वारा घोषित नया टैरिफ और पेनल्टी कर, एक नया 1998 क्षण साबित हो सकता है। एक ऐसा क्षण जहाँ भारत को फिर से अपने आर्थिक, तकनीकी और रणनीतिक मार्ग को स्वतंत्रता के साथ तय करना होगा। 25% टैरिफ एक गंभीर आर्थिक चुनौती के रूप में सामने आया है। यदि यह प्रस्ताव लागू होता है, तो भारत के निर्यात उद्योगों, विशेषकर टेक्सटाइल, आईटी हार्डवेयर, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटो पार्ट्स जैसे क्षेत्रों पर सीधा असर पड़ेगा।

## टैरिफ के बाद भी कमजोर नहीं होंगे भारत-रूस के रिश्ते

पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश दे दिया है। ताकि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदने से परहेज करें और रूस आर्थिक तौर पर कमजोर पड़े। लेकिन रूस ने इन फैसलों को लेकर पश्चिमी देशों पर जहां नाराजगी जाहिर की है, वहीं भारत के पक्ष में खुलकर सामने आ गया है। रूस ने साफ लफ्जों में कहा कि ट्रंप भारत और रूस के रिश्तों को कभी कमजोर नहीं कर पाएंगे। दरअसल रूस भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नाराजगी जाहिर की है। रूस ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को भी आड़े हाथों लिया है। रूस ने कहा कि पश्चिम के देश भारत के साथ रिश्ते खराब करने पर तुले हैं। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन ने साबित कर दिया है कि उन पर अब भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्हें भले ही लगता हो कि भारत के खिलाफ इस तरह के कदम लगाकर हमारे संबंधों को कमजोर किया जा सकता है, लेकिन वह एक ख्वाब बनकर रहेगा। उनके ये मनसूबे कामयाब नहीं होने पाएंगे। अमेरिका के भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के यूरोपीय यूनियन ने भी वाडीनार रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस रिफाइनरी में रूस भी हिस्सेदार है। अलीपोव ने कहा कि इस तरह के कदमों और धमकियों से पश्चिम भारत के साथ संबंधों में टाइम बम लगा रहा है। ऐसा करके पश्चिमी देश विश्वास कायम नहीं कर सकते। अमेरिका ने जो भी किया है, उससे उसी की क्रेडिबिलिटी खराब होगी। उन्होंने कहा कि रूस ने कभी किसी स्वार्थ के लिए भारत से संबंध मजबूत नहीं किए हैं। वहीं अमेरिका सिर्फ और सिर्फ अपना फायदा देखता है। बता दें कि भारत 80 फीसदी तक पेट्रोलियम का आयात करता है। बड़ी मात्रा में वह रूस से तेल खरीदता है। इसीलिए पश्चिमी देशों के कहने के बावजूद भारत ने रूस से ना तो व्यापारिक संबंध खत्म किए और ना ही किसी तरह के प्रतिबंध लगाए। गुरुवार शाम डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत 68 देशों पर टैरिफ का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अगले सात दिनों में ये टैरिफ रेट लागू हो जाएंगे। अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर रूस और भारत दोनों पर अपनी खीझ निकाली थी। उन्होंने कहा था कि रूस और भारत की अर्थव्यवस्था मर चुकी हैं। ट्रंप ने आदेश में कहा कि कुछ व्यापारिक साझेदार ऐसे भी हैं जो अमेरिका के साथ बातचीत करने में विफल रहे हैं या आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर अमेरिका के साथ तालमेल के लिए पर्याप्त कदम उठाने में विफल रहे हैं। अमेरिका की ओर से जारी सूची में शुल्क दर 10 प्रतिशत से 41 प्रतिशत तक है, जिसमें जापान पर (15 प्रतिशत), लाओस और म्यांमाक पर (प्रत्येक पर 40 प्रतिशत), पाकिस्तान पर (19 प्रतिशत), श्रीलंका पर (20 प्रतिशत) और ब्रिटेन पर (10 प्रतिशत) शुल्क लगाया गया है। ट्रंप ने बुधवार को भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके अलावा, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी फैसला किया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में भारत की व्यापार नीतियों को 'सबसे कठिन और अप्रिय' बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से खरीद को लेकर जुर्माना' भी देना होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भारत ने रूस से अपने सैन्य उपकरण और ऊर्जा उत्पाद तब खरीदे है जब हर कोई चाहता है कि रूस, यूक्रेन में हत्याएं बंद करे।

**विचार**

# भाषायी विवाद की समाप्ति के लिए संस्कृत को संवाद की भाषा बनाना जरूरी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत में भाषायी विवाद किसी न किसी रूप में खड़ा करना कोई नया मुद्दा नहीं है, अक्सर हिंदी बनाम गैर-हिंदी भाषाओं, दक्षिण बनाम उत्तर, अंग्रेज़ी बनाम स्थानीय भाषाओं, जैसी बहसें उठती रहती हैं। लेकिन अभी जब से केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूला लेकर आई है, तब से यह देखने में आ रहा है कि देश के कई गैर भाषायी राज्यों में अंग्रेजी का विरोध नहीं हो रहा, जो एक विदेशी भाषा है, लेकिन हिन्दी भाषा का लगातार विरोध हो रहा है। यह स्थिति निश्चिम ही देश के एक बड़े समुदाय की गुलाम मानसिकता को भी दर्शाती है, जिन्हें अपने स्वदेश की भाषा प्यारी नहीं, विदेशी अंग्रेजी भाषा से प्रेम है। अब ऐसे में समाधान क्या हो, तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भावगत ने जो रास्ता सुझाया है, वास्तव में देश को आज उस बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। यह हमारी संस्कृति के संरक्षण के लिए भी सही है और देश में उठ रहे भाषायी विवाद को समाप्त करने की दिशा में भी एक स्थायी हल है।

एक दृश्य संस्कृत को लेकर मध्य प्रदेश की विधानसभा में देखने को मिला, यह अपने आप में बहुत ही विशेष नजारा था। यहां देखने को आया कि कैसे भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से संस्कृत में प्रश्न पूछा और मंत्री स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने उसी संस्कृत भाषा में उत्तर दिया। विधानसभा में जब ये संवाद चल रहा था तो सदन में मौजूद सभी सदस्यों एवं मंत्रियों ने संस्कृत में हुए इस संवाद का करतल ध्वनि से स्वागत किया था ।




तात्पर्य भाषायी विवाद के बीच जब हम इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृत को देखते हैं, तो यह भाषा इस विवाद का न्यायसंगत, सांस्कृतिक और व्यावहारिक स्तर पर एक संभावित समाधान प्रस्तुत करती हुई दिखाई देती है । इसीलिए ही डॉ. भागवत संस्कृत भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहते हैं, यह भारतीय भाषाओं की जड़ है और इसे संवाद की भाषा बनाना बेहद जरूरी है। उनका कहना है, ÷संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और चेतना की वाहक है। यह भारत की सभी भाषाओं की जड़ है। संस्कृत को केवल समझना ही नहीं, बल्कि बोलने में भी दक्षता हासिल करनी चाहिए।

वे समझाते हैं कि स्वत्व भौतिक नहीं, बल्कि यह हमारी वैचारिक और सांस्कृतिक पहचान है, और इसे व्यक्त करने के लिए भाषा का माध्यम आवश्यक है। संस्कृत को समझना, वास्तव में भारत को समझने के समान है।÷ फिर यह कार्य सिर्फ भारत के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि संस्कृत में निहित ज्ञान और दृष्टिकोण ने सदियों से मानवता को दिशा दी है। यही कारण है जो संस्कृत भाषा को विदेशी विद्वानों ने भी विश्व की सबसे वैज्ञानिक और पूर्ण भाषा होना स्वीकार किया है। कई विद्वानों ने वर्षों भारत में रहकर यहां के धर्म, दर्शन, कला, भाषा, और संस्कृति का गहन अध्ययन किया और अपने ग्रंथों के माध्यम से विश्व को भारत की आत्मा से परिचित कराया। फ्रांस के रोमाँ रोलाँ ने स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण पर जीवनियाँ लिखीं, जिनमें उन्होंने भारत को एक जीवित आत्मा की संज्ञा दी। अमेरिका के हेनरी डेविड थोरो और राल्फ वाल्डो इमर्सन ने वेदांत और उपनिषदों से प्रेरित होकर अपने लेखन को एक नई आध्यात्मिक दिशा दी। स्विट्ज़रलैंड के मनोविश्लेषक कार्ल युंग ने योग और तंत्र को मानव चेतना के विश्लेषण में अत्यंत उपयोगी माना और कहा किभारत का योग न केवल आत्मिक मुक्ति का मार्ग है, बल्कि मनोविज्ञान का भी अगला चरण है।

अमेरिका के प्रसिद्ध इतिहासकार विल ड्यूरैंट ने अपनी चर्चित पुस्तक "The Story of Civilization" में लिखा, ÷भारत मानव सभ्यता की जननी है। वहाँ की संस्कृति, कला, धर्म और दर्शन अद्वितीय हैं। पश्चिम ने भारत से बहुत कुछ सीखा है।

वे यह भी कहते हैं कि संस्कृत सभी भाषाओं की माता है, और भारत ने ही सबसे पहले मानवता को धर्म, दर्शन और विज्ञान सिखाया। अमेरिका के ही महान साहित्यकार मार्क ट्वेन ने कहा, भारत मानव इतिहास की पालना है, भाषा की जननी और परंपरा की माँ है। इतिहास, परंपरा और संस्कृति में भारत का कोई सानी नहीं। फ्रांसीसी लेखक एलेन दानिलो ने भारतीय संगीत, मंदिर वास्तुकला और मूर्तिकला को चेतना की मूर्त अभिव्यक्ति कहा। उनकी पुस्तक The Myths And Gods Of India The Classic Work On Hindu Polytheism भारतीय देवी-देवताओं, मंदिरों और पुराणों की गहन व्याख्या करती है।

**तात्पर्य भाषायी विवाद के बीच जब हम इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृत को देखते हैं, तो यह भाषा इस विवाद का न्यायसंगत, सांस्कृतिक और व्यावहारिक स्तर पर एक संभावित समाधान प्रस्तुत करती हुई दिखाई देती है । इसीलिए ही डॉ. भागवत संस्कृत भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहते हैं, यह भारतीय भाषाओं की जड़ है और इसे संवाद की भाषा बनाना बेहद जरूरी है। उनका कहना है, ÷संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और चेतना की वाहक है। यह भारत की सभी भाषाओं की जड़ है। संस्कृत को केवल समझना ही नहीं, बल्कि बोलने में भी दक्षता हासिल करनी चाहिए।**

# देवदास से सैयारा तक दर्शकों पर प्रेम का जादू

प्यार एक जज्बात है। किशोर से लेकर अधेड़ व्यक्ति तक को सच्चे प्यार की तलाश होती है। स्वरूप चाहे अलग हो, मगर सच्चा प्यार सबकी चाहत होती है। सिर्फ फिल्म के परदे पर ही नहीं, आम लोगों की जिंदगी में भी प्रेम कहानियां होती है। लेकिन, जब दर्शक उन्हें परदे पर देखता है, तो उसे वो 'लार्जर देन लाइफ' नजर आती हैं। असल में दर्शक फिल्मों के जरिए अपने प्यार के सपनों को पूरा करने की कल्पना करता है। यही वजह है कि फिल्मों में प्रेम कहानियों पर बनी फिल्में ज्यादा पसंद की जाती हैं और बॉक्स ऑफिस पर ऐसी फिल्में कमाई का रिकॉर्ड बनाती हैं।

दरअसल, सिनेमा में प्रेम कथाओं का इतिहास समृद्ध और विविधता से भरा रहा है। शुरुआती दौर से आज तक प्रेम, रोमांस और कोमल भावनाओं को प्रमुख विषय के रूप में फिल्माया जाता रहा है, जो दर्शकों की भावनाओं के साथ गहराई से जुड़ता है। फिल्म इतिहास में 1930 से 1950 के दशक में प्रेम कहानियों को सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों के संदर्भ में दर्शाया गया था। उस दौर में 'देवदास' जैसी फिल्में बनी जिसने प्रेम, त्याग और सामाजिक बंधनों जैसे मसलों को उजागर किया। तब प्रेम को आदर्शवादी और भावनात्मक रूप से चित्रित किया जाता था। इसके बाद फिल्में आजादी की कहानियों में उलझ गई। वहीं 1960-70 का दशक फिर प्रेम कहानियों से गुलजार रहा। इस दौरान प्रेम कहानियों में अधिक यथार्थवादी और समकालीन विषयों को शामिल किया गया। 'प्रेम कहानी' और 'लव स्टोरी' जैसी फिल्मों ने प्रेम और व्यक्तिगत संघर्षों के जटिल पहलुओं को दर्शाया। मनोरंजन के साथ इन फिल्मों ने प्रेम, दोस्ती और पारिवारिक रिश्तों के बदलते स्वरूपों पर भी प्रकाश डाला। वहीं 1980-90 के दशक की प्रेम कहानियों में संगीत, नृत्य और भावनात्मक दृश्यों का अधिक उपयोग किया गया। 'मैंने प्यार किया' और 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' जैसी फिल्मों ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया और प्रेम को सुखद और आशावादी दृष्टिकोण से चित्रित किया।

इन फिल्मों ने प्रेम, दोस्ती, और परिवार के महत्व पर जोर दिया। लेकिन, 2000 के बाद की लव स्टोरी में सामाजिक मुद्दे, अंतर-सांस्कृतिक प्रेम और प्रेम के विभिन्न रूप शामिल किए गए। 'गदर' और 'तेरे नाम' जैसी फिल्मों ने प्रेम, देशभक्ति और सामाजिक संघर्षों के बीच के जटिल संबंधों को उजागर किया। सच्ची घटनाओं पर बनी 'छपाक' जैसी फिल्में भी पसंद की गई। 'सैयारा' की सफलता की एक बड़ी वजह यह भी मानी जा सकती है कि दर्शक ओटीटी की उन फिल्मों और वेब सीरीज से ऊब चुके हैं, जिनमें हिंसा और खून खराबा ज्यादा हो। रणवीर कपूर की 'एनिमल' जैसी फिल्में भी कम नहीं। ऐसे माहौल में दर्शकों को कुछ अलग से मनोरंजन की जरूरत थी, जिसे 'सैयारा' ने काफी हद तक पूरा किया। देखा जाए तो फिल्म के कथानक में कोई नयापन नहीं है, जो दर्शकों को बांधकर रखे। ये फिल्म दक्षिण कोरिया की 2004 में आई फिल्म 'ए मोमेंट टू रिमेंबर' का अनऑफिशियल अडॉप्टेशन है। इसी कहानी पर 2008 में अजय देवगन की फिल्म 'मैं, तुम और हम' आ चुकी है। इसमें काजोल का किरदार अल्जाइमर से पीड़ित होता है। इस फिल्म से प्रभावित 'सैयारा' की कहानी लिखते समय ध्यान रखा गया कि खून खराबा से ऊबे दर्शकों को कैसे भावनात्मक तरीके से रुलाया जाए।

नायक और नायिका में तालमेल भी मुश्किल से बनता है, पर जब दोनों एक-दूसरे की पीड़ा को समझते हैं, तो जुड़ जाते हैं। शराबी बाप का परेशान बेटा और अल्जाइमर की मरीज लड़की में नजदीकी बढ़ जाती है और इमोशनल दर्शक फिल्म को हिट करा देते हैं। आज के दौर में प्रेम कथा की नई परिभाषा रची है फिल्म 'सैयारा' ने। बिना प्रचार के आई नए कलाकारों की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई का कीर्तिमान रचा। हालांकि कहानी में कोई नयापन नहीं। 'सैयारा' की नई जोड़ी अहान पांडे और अनीता पड्डा में दर्शकों को नयेपन का अहसास हुआ। इसी ताजगी ने 'सैयारा' को सफलता दिलाई। हिंदी सिनेमा की करीब सवा सौ साल की यात्रा में दर्शकों को हमेशा से युवा सितारों की चाहत रही, जो बड़े परदे के जरिए उनके दिलों को धड़काए रखें। हालांकि, सिनेमा के शुरुआती दौर में हीरो कहीं से युवा दिखाई नहीं देते थे।



# राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंह:-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुला :-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# प्रशासनिक सुधार की शुरुआत दिल्ली से हो

**मनोज कुमार मिश्र**

आजादी के बाद से ही दिल्ली शासन की प्रयोग स्थली बनी हुई है। कम अधिकारों वाली विधानसभा, दिल्ली नगर निगम, महानगर परिषद और 1993 के बाद से दिल्ली विधानसभा से मूल रूप से दिल्ली की शासन व्यवस्था चलती रही है। बावजूद इसके दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश ही रही। जो अधिकार आजादी के समय मुख्य आयुक्त के पास थे वे आज कमोबेश दिल्ली के उप राज्यपाल के पास हैं। दोनों ही केन्द्र सरकार से नियुक्त होते हैं। जाहिर है कि उनकी वफादारी केन्द्र की सरकार के प्रति रहती है।

1911 में दिल्ली देश की राजधानी बनी और 1915 में जमनापार के 65 गांव दिल्ली में शामिल किए गए। तब से आज तक दिल्ली 1483 वर्ग किलोमीटर की बनी हुई है। आबादी के दबाव से दिल्ली बेहाल हो गई है। कायदे में देश की राजधानी और एक शहर वाले इस राज्य को शासन के नजरिए से आदर्श बनाया जा सकता है, जिसका देश के दूसरे राज्य अनुशरण करें लेकिन वास्तव में अब तक से ज्यादातर प्रयोग शासन को अनुपयोगी बनाने के लिए किए जाते रहे हैं। दिल्ली की जनता दिल्ली के विधायक चुनती है जबकि दिल्ली की जमीन का मालिक केन्द्र सरकार के अधीन बनी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को बना दिया गया है। दिल्ली के ज्यादातर सरकारी कर्मचारी केन्द्रीय चयन आयोग के माध्यम से चुने जाते हैं लेकिन उनमें घालमेल करके उनकी उपयोगिता कम कर दी गई। परिणाम यह हुआ कि पासपोर्ट बनाने और संपत्ति कर के अलावा कोई भी बड़ा काम आज भी पूरी तरह से न तो दलालों से मुक्त हो पाया और न ही सही मायने में आनलाइन हो पाया। सुनने में यह कठोर शब्द है लेकिन वास्तव में अधिकारियों और कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग आज भी जन सुविधाओं को आनलाइन न करने के प्रयास में जुटा हुआ है। 27 साल लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार के लिए प्रशासनिक सुधार दिल्ली में उपलब्धियों के मामले में बड़ी लकीर खींचने का अवसर है। यह दिल्ली जैसे छोटे राज्य में केन्द्र सरकार के सहयोग से संभव है। इतना ही नहीं एक बड़ा का यह रोल माडल देश भर के लिए बन जाएगा। यह समझ से परे है कि दिल्ली के विकास के लिए योजनाएं बनाने वाला डीडीए दिल्ली का मालिक कैसे बन गया। अभी की स्थिति में दिल्ली सरकार विकास के काम के लिए दिल्ली की जमीनों का अधिग्रहण करके डीडीए को सौंप देती है। फिर उसी जमीन को स्कूल, कालेज, अस्पताल, सामुदायिक केन्द्र आदि जरूरी चीजों के लिए ऊंची कीमत पर काफी प्रयास करके डीडीए से जमीन खरीदती है। इस प्रक्रिया में काफी समय और धन की बर्बादी होती है। यह समझ से परे है कि अपनी ही जमीन का अधिग्रहण करके उसे डीडीए को क्यों दे और फिर उसी जमीन को ज्यादा दाम में डीडीए से खरीदे। जबकि डीडीए पहले ही मास्टर प्लान के साथ-साथ जिला प्लान आदि बना चुका है। बताते हैं कि दिल्ली की जमीन से बने डीडीए के लैंडबैंक के पास हजारों करोड़ रुपए पड़े हुए हैं, जिनका उपयोग दिल्ली के विकास कामों पर किया जा सकता है। इससे भी अजूबा काम दिल्ली के सरकारी कामों की रीढ़ की हड्डी माने जानेवाले दास कैडर (दिल्ली के सभी विभागों के कर्मचारी-दिल्ली एडमिनिस्टैटिव सर्विस) के कर्मचारी ही दिल्ली का कामकाज करते हैं। इनका चयन भारत सरकार का कर्मचारी चयन आयोग से होता है। इनके शुरू से दो हिस्से होते हैं - विभागीय (मिनिस्ट्रीयल) और कार्यकारी (एक्सक्यूटीव)। दोनों की लिखित परीक्षा एक साथ होती है लेकिन साक्षात्कार और प्रशिक्षण अलग-अलग होता है। विभागीय कर्मचारी कनिष्क- वरिष्ट लिपिक (एलडीसी, यूडीसी) मुख्य लिपिक(हेड क्लर्क) के पदों पर पदोन्नति पाते हुए सुपरिटेंडेंट (कार्यालय अधीक्षक) बनते हैं। उसी तरह कार्यकारी विंग के कर्मचारी-उप निरीक्षक, निरीक्षक और सहायक आयकर अधिकारी तक बनते हैं। बाद में वरिष्ठता के आधार पर प्रादेशिक सेवा के अधिकारी (दानिक्स) भी बनते हैं। दोनों विंग के कर्मचारियों को दानिक्स कोटे के आधे-आधे पद मिलते रहे हैं। दोनों विंग के कर्मचारी अपने काम की विशेषता हासिल करते रहे हैं। संख्या ज्यादा विभागीय कर्मचारियों की होती थी, इसलिए उनमें प्रमोशन कम होते थे लेकिन दोनों ही तरह के कर्मचारी अपने काम में दक्ष होते थे। बताते हैं कि 1981-82 में विभागीय कर्मचारियों के कुछ लोगों के दबाव में तब के मुख्य सचिव ने दोनों को मिला दिया। जिससे दोनों के दानिक्स में प्रमोशन समान हों। इसके चलते कर्मचारियों की विशेषज्ञता समाप्त हो गई। जितने कर से जुड़े विभाग हैं उनके बारे में फिल्ड में जाने वाले उप निरीक्षक और निरीक्षक अपने इलाके की पूरी जानकारी रखते थे। वे काम ईमानदारी से करें या न करें लेकिन उन्हें अपने इलाके के बारे में पूरी जानकारी रहती थी। उनकी जानकारी का विभाग को फायदा मिलता था। उसी तरह से कार्यालय अधीक्षक को अपने दफ्तर की एक-एक फाइल की जानकारी होती थी। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि किसी भी दफ्तर से पुराने रिकार्ड जुटाना कठिन है। कहीं मास्टर फाइल नहीं मिलेगी जिससे पूरे विभाग का पता चल सके। उसी तरह बिक्री कर, आबकारी, आयकर, परिवहन आदि करों जुड़े हर मामले के लिए पूरे विभाग को लगना पड़ता है।

**1911 में दिल्ली देश की राजधानी बनी और 1915 में जमनापार के 65 गांव दिल्ली में शामिल किए गए। तब से आज तक दिल्ली 1483 वर्ग किलोमीटर की बनी हुई है। आबादी के दबाव से दिल्ली बेहाल हो गई है। कायदे में देश की राजधानी और एक शहर वाले इस राज्य को शासन के नजरिए से आदर्श बनाया जा सकता है, जिसका देश के दूसरे राज्य अनुशरण करें लेकिन वास्तव में अब तक से ज्यादातर प्रयोग शासन को अनुपयोगी बनाने के लिए किए जाते रहे हैं। दिल्ली की जनता दिल्ली के विधायक चुनती है जबकि दिल्ली की जमीन का मालिक केन्द्र सरकार के अधीन बनी दिल्ली विकास प्राधिकरण को बना दिया गया है।**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# उफनायी नदियों का जल स्तर घटने से पीड़ितों ने ली राहत की सांस

- कमिश्नर ने मौके पर जाकर पीड़ितों से पूछा हाल-चाल, राजनैतिक दलों ने भी वितरित कराये लंच पैकेट

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

यमुना व बेतवा नदी को रौद्र रुप कम होने वाला है खतरे के निशान से बह रही दोनो नदिया चार सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से घटना शुरु हो गयी है फिलहाल कही से पानी न छोडे जाने से लोगो ने राहत महसूस की है, वही आज चित्रकूटधाम के कमिश्नर अजीत कुमार ने मौके पर जाकर बाढ़ पीडितों से हाल चाल पूछा और हरहाल में लोगोको सुविधायें देने के आदेश दिये है. जानकारी के मुताबिक दो दिन से लगातार खतरे के निशान से बह रही दोनो नदियो से करीब चालिस गांव बुरी तरह प्रभावित हो गये इन गावों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है. हालाकि यमुना अभी भी खतरे के निशान से चार मीटर ऊपर व बेतवा नदी तीन मीटर ऊपर बह रही है सैकडो की तादाद में लोग आश्रय स्थलो पर आश्रय लिये हुये है। वही केंद्रीय जल आयोग ने दावा किया है कि दोनो नदिया चार सेंटी मीटर की प्रति घंटे की दर से घटना शुरु हो गयी है जिससे पीडितो को उम्मीद है कि शीघ्र ही वह अपने आशियाने में जाकर फिर से घर गृहस्थी बसायेगे। वही केन नदी का बहाव 102.44 मीटर पहुच चुका है जिससे मौदहा क्षेत्र में भीषण बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। वही राठ मोड पर करीब दस किलोमीटर दूरी पर सड़को के किनारे तंबू डालकर रात व्यतीत कर रहे है सभी पीडितो ने आश्रय स्थलो में जाने से इंकार कर दिया है उनका तर्क है कि वहा पर भीषण अव्यवस्थाएं है जिससे लोग बीमार हो जायेगे। कमिश्नर अजीत कुमार शाम को पीडितो के मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना और प्रशासन से कहा कि किसी भी पीडित को कोई समस्या नही होना चाहिये। वही राजनैतिक दलो ने केलोगो ने पीडितो को राहत सामग्री वितरित की है।







### दिन भर खाने की व्यवस्था को लेकर पीड़ितों व कर्मियों में होती है नोक-झोक

**हमीरपुर।** स्थानीय डिग्री कालेज में दिन भर बाढ पीडितो के लिये चलने वाली रसोईया में खाने को लेकर व्यवसथापको व पीडितो में चख चख होती रहती है। पीडितो का कहना है कि उन्हे दिनभर खाने के लिये रसोईया से सामग्री मिलनी चाहिये जबकि डियूटी में लगे कर्मियों का कहना है कि भोजन के लिये एक समय फिक्स होना चाहिये इसी बात को लेकर दिन भर नोकझोक होती रहती है हालाकि व्यवस्था में लगे कर्मियों ने पीडितो की मांगके अनुसार ही भोजना उपलब्ध कराते है। आज कई महिलाएं जब खाने के लिये बैठ गयी तभी कर्मियो ने पूडी कम बनी होने की बात कही इसी बात को लेकर पीडितो व कर्मियों मेंकाफी देरतक चख चख होती रही बाद में सभी को खानी की व्यवस्था की गयी है।

### बाढ़ के पानी में युवक की डूबने से मौत परिवारीजनों ने लगाया जाम

**हमीरपुर।** नगर सीमा से लगे डिग्गी डेरा निवासी एक युवक की बाढके पानी मेंडूबने से मौत हो गयी,गुस्साएं पीडितो व परिवारीजनों ने लाश को रखकर जाम लगा दिया किसी प्रकार पुलिस कर्मियो ने मौके पर जाकर जाम खुलवाया। डेरा निवासी इंद्रप्रकाश(28) कल देर रात से अचानक गायब हो गया था रात भर खोजने के बाद उसका कही अता पता नही चल पाया,आज सुवह उसकी लाश एक नाले में उतराती मिली जिससे लोगो मेंगुस्सा बढ गया और हाईवे लाश को रखकर जाम लगा दिया,पीडितो का कहना है कि युवक के लापता होने की जानकारी एसडीआरएफ को दी गयी थी मगर किसी ने कोई खोज नही की यदि समय रहते युवक की खोजबीन हो जाती तो यह घटना नही होती जानकारी होते पुलिस व तहसीलदार मौके पर जाकर लोगो को समझा बुझाकर जाम खुलवाया और आश्वासन दिया कि जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

# लगातार बारिश से खरीफ की फसल तबाह, धान किसानों को मिली राहत

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक माह से बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी सुबहए कभी शाम तो कभी रात में झमाझम बारिश हो रही हैए जिससे जनजीवन के साथ-साथ किसानों की किस्मत भी प्रभावित हो रही है। इस बार लगातार हो रही बारिश के चलते तिलए उड़द सहित अन्य खरीफ की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। कई किसान बारिश के लगातार जारी रहने से अभी तक खेतों में बुवाई भी नहीं कर पाए हैंए जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

हालांकि धान की खेती करने वाले किसानों को इस बारिश से फायदा जरूर हुआ है। खेतों में भरपूर पानी पहुंचने से धान की फसल लहलहा उठी है और ऐसे किसान थोड़ी राहत महसूस कर रहे हैं। बीती गुरुवार की रात से शुरू हुई झमाझम बारिश शुक्रवार की सुबह 9 बजे जाकर थमी। बारिश के चलते खेत-खलिहान लबालब हो गए और गांवों की गलियां कीचड़ से भर गईं। तेज बारिश के कारण कस्बा सहित कई गांवों में विद्युत आपूर्ति भी बाधित रहीए जिससे लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। बच्चों को सुबह स्कूल जाने में परेशानी हुई और कई जगहों पर तो बच्चे स्कूल ही नहीं पहुंच पाए।लगातार हो रही बारिश ने एक ओर जहां आमजन को राहत पहुंचाई हैए वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए यह आफत बनकर आई है। विशेषकर उन किसानों के लिए जिनकी फसलें या तो बर्बाद हो गई हैं या जो खेतों में बुवाई ही नहीं कर पाए हैं। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे किसानों की क्षति का आकलन कर राहत दिलाने की व्यवस्था करे।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने लाखों की नगदी की पार, रोजाना चोरी की घटनाओं से लोगों में खौफ

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** एक ही गांव के अलग-अलग दो स्थान चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया सोने चांदी आभूषण सहित नगदी पार कर ले गए पीड़ित ने जिसकी शिकायत कोतवाली में देकर न्याय की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की रीवन गांव निवासी गायत्री पत्नी सुरेंद्र ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मेरा पति सूरत गुजरात में बच्चों के भरण पोषण हेतु काम कर रहा है मध्य रात में अपने छोटे बच्चों के साथ नीचे मकान में सो रही थी तभी चोरों ने पड़ोसियों की छत से नीचे उतरकर सोने चांदी के जेवरात लेकर संपत हो गए इसी प्रकार उसी गांव के निवासी विशोक पुत्र रामौवतार ने बताया कि रात में चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखे पांच हजार रुपये पार कर दिया क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद और आए दिन ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### महिला के सामने अश्लील हरकतें करने की रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बिंवार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि गांव का युवक रोहित उसके सामने गाली गलौज और अश्लील हरकते कर रहा था जिसे एक बार उसके पति ने भगा दिया लेकिन कुछ देर बाद वह फिर से आ गया और उसके सामने खडे होकर मूत्रविसर्जन करने लगा जिसका उसके पति ने विरोध किया तो उसके पति को लाठी मारकर घायल कर दिया महिला ने बताया कि आरोपी का पिता अपने पुत्र को ले गया था लेकिन शिकायत करने पर मारपीट करने की धमकी दे गया है पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण खंभे में उतरे करंट की चपेट मैं आकर भैंस की जान चली गई।भैंस की मौत से गरीब किसान का हाल बेहाल है। जेई ने मुआवजे का आश्वासन दिया है। कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर स्थित बड़े पीर साहब की दरगाह के पीछे वार्ड नंबर 3 में खंभे से बल्लियों के सहारे फैले जर्जर तारों एवं उसमें बने अवैध कट से उतरे करंट की चपेट में आकर भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग को फोन कर विद्युत सप्लाई बंद करवा दी अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी घटना घट सकती थी। पीड़ित किसान हरिश्चंद्र पुत्र शिवलाल उर्फ कंचन ने बताया की वह अपनी भैंस को लेकर जा रहा था तभी वहां पर फैले हुए तारों में उतरे करंट की चपेट में आकर भैंस की जान चली गई। जिससे उसको आर्थिक छति पहुंची है। उक्त मामले में अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग राजू प्रसाद ने बताया की मामले की जानकारी मिली हैए जांच उपरांत कार्यवाही की जाएगी और किसान को उचित सरकारी मुआवजा भी दिलवाने की बात कही है।

### दो बाइक सवारों को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** हमीरपुर मुख्यालय से बाढ़ का नजारा देखकर बाइक से लौट रहे दो युवकों को नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। यह हादसा सुमेरपुर क्षेत्र के नरायनपुर के पास हुआ, जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मौदहा के हैदरगंज निवासी मोहम्मद नसीम उर्फ बबलू 30 वर्ष अपने मित्र आरिश 24 वर्ष के साथ बाइक से हमीरपुर मुख्यालय बाढ़ देखने गए थे। लौटते समय रात करीब साढ़े 8 बजे नरायनपुर के निकट हमीरपुर की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मोहम्मद नसीम को मृत घोषित कर दिया, जबकि आरिश का प्राथमिक उपचार जारी है। मृतक मोहम्मद नसीम चार भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। उसकी असामयिक मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना के बाद रोडवेज बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# मौदहा में नौ साल से बंधक बने परिवार को मिली राहत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



मौदहा कस्बा में बीते नौ वर्ष से बंधक बना कर रखें गए एक परिवार के सदस्यों की गृहस्थी आरोपी के घर से निकलाना कर पुलिस ने पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मौदहा कस्बा निवासी छिद्दू ने दो दिन पहले कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया था कि कस्बा के ही रफीक ठेकेदार ने उसे परिवार सहित बंधक बना कर रखा है। साथ ही बीते 9 साल तक अपनी खेती.बाड़ी सहित घर का काम कराया है। रफीक और उसके परिजन पीड़ित व उसके बच्चों से मारपीट करते रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रफीक ठेकेदार सहित उसके पुत्र इमरान रफीक व पुत्री पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया था।इसी क्रम में शनिवार को पुलिस ने रफीक के घर में रखे छिद्दू का सारा सामान निकलवा दिया है। हालांकि इस कार्रवाई पर रफीक ठेकेदार के पुत्र इमरान रफीक का कहना था कि छिद्दू उनके घर में लगभग आठ साल से रहता था। और उनकी खेती का काम देखता था। जिसके बदले में उसे पैसे दिए जाते थे। साथ ही यदि उसे और भी पैसों की जरुरत होती थी तो दिए जाते थे। उसे रिक्शा और मोबाईल फोन भी दिलाया था। उसके आपरेशन के समय भी रुपये दिए थे। वह लगभग ढाई लाख रुपये का कर्जदार है। और शायद रुपये लौटाने के चलते या किसी के बहकावे में आकर उसने ऐसा किया है।

# जिला स्तरीय समाधान दिवस में आए 62 मामलों में एक निस्तारित




**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

महीने के पहले शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर खराब मौका असर देखने को मिला जिसके चलते फरियादियों की संख्या काफी कम रही हालांकि एक मामला निस्तारित कर दिया गया है जबकि अधिकाँश मामले राजस्व विभाग से ही जुडे दर्ज किए गए।महीने के पहले शनिवार को कस्बे के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी न्यायिक रिजवाना शाहिद ने की हालांकि पानी और नदी नालों के उफान के चलते बंद रास्तों का असर समाधान दिवस पर भी देखा गया और खराब मौसम के चलते कुल 62 मामले दर्ज किए गए जिनमे से एक मामले को मौके पर निस्तारित कर दिया गया कस्बे के कलीम चौधरी ने चकरोड की पैमाईश कराकर चकरोड खुलवाने की शिकायत दर्ज कराईए तो वहीँ हैदरिया निवासी सिराजुददीन ने रास्ते में गिरे घर के पडे मलबे के चलते जलभराव और घर के शेष हिस्से के गिरने की सम्भावना जताते हुए गिरवाने और रास्ता साफ कराने की शिकायत दर्ज कराई जबकि इलाहीतालाब निवासी बरदानी ने दबंगो द्वारा मारपीट करने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के बाद पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने की गुहार लगाई। इसके अतिरिक्त जमीनी विवादए अन्ना गोवँश विचरणए अवैध अतिक्रमण सहित पुलिसए राशन कार्ड आदि के मामले जमकर दर्ज किए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिए क्षेत्राधिकारी विनीता पहलए तहसीलदार शिखर मिश्राए सीएचसी अधीक्षक डा रजत रंजन तिवारी के साथ पूर्तिए बिजलीए शिक्षाए कृषि सहित अन्य विभागों के जिम्मेदार या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न तैतीस में पांच शिकायतों का हुआ निस्तारण



सदर तहसील में आज संपूर्ण समाधान दिवस प्रशासनिक अधिकारी (एओ) प्रदीप कुमार निगम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमे 33 शिकायते दर्ज करायी गयी पांच शिकायतों का तत्काल निस्तारण कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक एसडीएम व तहसीलदार सदर की बाढ़ में डियूटी लगने के कारण आज संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर के प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कुमार निगम की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ जिसमे राजस्व विभाग की आठ,पुलिस विभाग की छह,विकास विभाग की चार,विद्युत विभाग की चार,चंकबंदी की एक,नगर पालिका हमीरपुर की पांच,श्रम प्रवर्तन विभाग की एक,जल संस्थान की एक,बीएसए की एक,डीएफओ की एक लोनिवि की एक समेत तैतीस शिकायते दर्ज की गयी है जिसमे पाच का निस्तारण कर दिया गया है. हालाकि आज तहसील दिवस में ज्यादातर अधिकारी गैर हाजिर रहे अधिकारियों का कहना है कि बाढ में डियूटी लगने के कारण तहसील दिवस में नही पहुच पाये। प्रशासनिक अधिकारी श्री निगम ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र निस्तारण करने को कहा है ताकि लोगो को संपूर्ण समाधान दिवस मे ज्यादा से ज्याद शिकायते दर्ज कराने के बाद समयावधि के साथ निस्तारण करने का विश्वास हो सके। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम,लोनिवि के सतपाल यादव व सीडीपीओ व संबंधित थाने की पुलिस मौजूद रही।

# ट्रक ने सड़क पर बैठे गोवंशों के उड़ाये चीथड़े, कुत्तों ने बनाया निवाला, एक सप्ताह पहले भी हुई थी घटना

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कुनेहटा गांव में सड़क में बैठे गौवशो को अनियंत्रित ट्रक ने रौद कर मौत के घाट उतार दिया घटना स्थल पर ही गायों की मौत हो गई।कौआ व कुत्ते नोच नोच कर गायों निवाला बना रहे है।सरकार के लाख प्रयास करने के करने के बाद गौवंश की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।

एक सप्ताह पूर्व मकराँव गाँव में गौवंशों को अनियंत्रित ट्रक ने रौद कर मौत के घाट उतार दिया था दर्दनाक घटना को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी कड़ी कार्रवाई की थी फिर भी शासन के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए प्रधान व सचिव गौवंश को गौशाला में संरक्षित करने का नाम नहीं ले रहे है ऐसी ही घटना की पुनरावृत्ति मुस्करा मौदहा के बीच स्थित कुनेहटा गांव में शुक्रवार की मध्य रात में सड़क पर बैठे गायों को अज्ञात ट्रक ने रौद कर मौत के घाट उतार दिया घटना स्थल पर ही दो गायों की दर्दनाक मौत हो गई अन्य साथी गाय घायल हो गई सड़क पर गौवंशों की मृत शरीर को कुत्ते कौवे निवाला बना रहे हैं और प्रधान व सचिव मृत गौवंश के अवशेषों को 12 घंटे तक सड़क से हटाने का काम नहीं किया जबकि इस संबंध में सचिव राजू सिंह से जानकारी ली गई तो उनका कहना है कि आज गायों को गौशाला में बंद कर दिया जाएगा एक ही गाय की मौत हुई है। इतना ही नहीं क्षेत्र में किसी भी गौशालाओं में शासनादेश के बावजूद भी तक गायों को संरक्षित नहीं किया बेज़ुबान गौवंश रात को सड़कों या आर सी सी में बैठकर रात बिताते है कोई अप्रिय घटना होने पर अधिकारी अपना पल्लू झाड़ते हुए गायों को किसानों की हवाला देकर पाक साफ बचने का प्रयास करते हैं। इस घटना के संबंध में विकासखंड अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अधिकांश गौशालाओं में वर्षा होने से पानी भरा हुआ है जिससे लिखित तौर पर प्रधानों एवं सचिव को निर्देशित किया गया है कि चरवाहा लगवा कर गायों को सड़कों पर बैठने से रोका जाए घायल गायों को उपचार किया जा रहा है मृत गायों की जानकारी नहीं है।

# प्रसूता की मौत पर परिवारीजनों ने काटा हंगामा

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार की शाम कस्बे के उरई रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में बच्ची को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत हो जाने पर स्वजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा काटा। मौके पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार सीओ राजीव प्रताप सिंह सहित कोतवाली पुलिस ने पहुंच कर स्वजनों को शांत कराया।शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतका के पति ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। जरिया थाने के विवेकानंद नगर गोहांड निवासी अनिल राजपूत ने बताया कि गुरुवार की सुबह उसकी 22 वर्षीय पत्नी निधी को प्रसव पीढ़ा हुई थी। स्वजन इलाज के लिए उरई रोड लोदीपुर रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए थे। जहां अस्पताल स्टाफ से पत्नी की पूर्णतः जांच कराई। बताया कि अस्पताल स्टाफ व चिकित्सक ने डिलेवरी की जिम्मेदारी भी ली। स्वजनों ने यह भी कहा कि अगर डिलेवरी में जच्चा.बच्चा की समस्या हो तो वह बाहर ले जाए। तभी चिकित्सक व अस्पताल स्टाफ ने इलाज की पूरी सुविधा होने की बात कही। बताया कि दोपहर करीब तीन बजे आपरेशन से पत्नी ने पुत्री को जन्म दिया। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक पत्नी की हालत बिगड़ गई। चिकित्सक उन्हें अंदर ले गए। आरोप लगाया कि जब उसने व स्वजनों ने स्टाफ से पूछा तो उन्होंने सब ठीक होने की बात कही। शाम करीब साढ़े छह पत्नी की मौत हो गई। सीओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच कराई जा रही है।

### चोरों ने की ई-रिक्शा की आठ बैटरियां चोरी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार की रात चोरों ने अलग.अलग दो स्थानों से ई रिक्शा की 8 बैटरियां चोरी कर ली है। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के मियांपुरा मोहल्ला निवासी विनोद प्रजापति ने बताया कि वह ई.रिक्शा चलाकर अपने परिवार का गुजर बसर करता है। शुक्रवार की शाम को उसने ई रिक्शा घर के बाहर खड़ा कर दिया। चोरों ने ई रिक्शा की चार बैटरी चोरी कर ली है। इसी तरह खुशीपुरा मोहल्ला निवासी अशोक पासवान ने बताया घर के बाहर ई रिक्शा खड़ा कर चार्ज पर लगाया था। रात में चोरों ने चार बैटरी चोरी कर ली। बताया कि चोर कार से आए थे। जब शनिवार सुबह जागे तब चोरी की घटना की जानकारी हो सकी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

# निघासन समाधान दिवस में 33 शिकायतें दर्ज, मात्र छह का हुआ निस्तारण



- पर्यावरण संरक्षण को लेकर उठाए गए ठोस कदम, हरि शंकरी अभियान का हुआ ऐलान

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज।**

तहसील परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी राजीव निगम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जन समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित इस समाधान दिवस में कुल 33 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से मौके पर मात्र 6 का ही निस्तारण किया जा सका।

बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिकायतों में सबसे अधिक 12 मामले राजस्व विभाग से जुड़े रहे, जबकि पुलिस विभाग से 8, विकास विभाग से 6, नगर पंचायत से 3 तथा जल निगम, खाद्य एवं आपूर्ति और बाल विकास विभाग से एक-एक शिकायत प्राप्त हुई। समाधान दिवस के दौरान कुछ विभागों की कार्यशैली पर नाराजगी भी देखने को मिली। कई शिकायतकर्ता यह कहते नजर आए कि उनकी पुरानी शिकायतों पर भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस पर उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी महत्वपूर्ण पहल की गई। पूरब पीपल, पश्चिम पाकड़, उत्तर दिशा में बरगद लगाएं, हरा-भरा, संरक्षित हो जीवन –इस प्रेरक संदेश के साथ आगामी एक अगस्त को जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों व सार्वजनिक स्थलों पर हरि शंकरी पौधारोपण अभियान चलाने की घोषणा की गई।

# शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो निस्तारण : डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 45 में से 04 तथा तहसील कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता में 38 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। जिलाधिकारी नें सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

# बारिश के चलते बांक के जूनियर हाई स्कूल के भवन से गिरने लगा छत का मसाला

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कंपोजिट विद्यालय बांक में सुबह जूनियर हाई स्कूल भवन के खुलते कक्षा 6 क्लास के छत से मसाला गिरने लगा। मसाला गिरता देखकर क्लास खोलने वाली शिक्षिका ने आनन फानन में छात्र छात्राओं को क्लास से बाहर कर दिया और सभी को बरामदे में बैठाने के बाद प्रधानाध्यापक को मौके पर बुलाकर कक्ष की हालत से रूबरू कराया। प्रधानाध्यापक ने इसकी सूचना बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को मौके पर भेजा। खंड शिक्षा अधिकारी ने भवन की जर्जर हालत

**खंड शिक्षा अधिकारी ने भवन देख बरसात में क्लास लगाने से किया माना**

को देखते हुए बरसात के दौरान क्लास चलने से साफ मना किया है। कंपोजिट विद्यालय बांक के जूनियर हाई स्कूल की सहायक शिक्षिका मंजीता अहिरवार ने बताया कि सुबह उन्होंने जैसे ही कक्षा 6 की क्लास को खोला तो देखा की छत एवं दिवाल से मसाला गिर रहा है। इस पर उन्होंने आनन फानन छात्र.छात्राओं को क्लास से बाहर कर दिया और सभी को बरामदे में बैठाकर कक्ष की हालत से प्रधानाध्यापक को बताया। उस समय क्लास में कुल 33 छात्र छात्राएं मौजूद थे। प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने भवन की हालत से जिला बेसिक अधिकारी आलोक सिंह को अवगत कराया बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल विद्यालय की निरीक्षण के लिए भेजा। विद्यालय पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ने भवन को देखकर बरसात के दौरान कक्षा चलने से साफ मना किया। प्रधानाध्यापक ने बताया भवन कई वर्ष पुराना है दीवारों में जगह.जगह से दरारें पैदा हो गई हैं। छत भी टपकता है यह मरम्मत लायक भी नहीं है नया भवन बनवाना ही विकल्प बचा है।

### रात में दरवाजा खुलवाकर महिला को पीटा

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा में एक दबंग ने पड़ोसी महिला का दरवाजा खुलवाकर मां बेटी को लाठियां से पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। बिरखेरा निवासी रश्मि गुप्ता ने बताया कि बीती रात 11:00 बजे पड़ोसी पप्पू सिंह गालियां देते हुए दरवाजा पीट रहा था जब उसने दरवाजा खोला तो दबंग ने मेरे साथ मेरी पुत्री ज्योति को लाठियां से जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# कनौरा पिपरी की क्षतिग्रस्त पुलिया बनी ग्रामीणों की मुसीबत, स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर संकट



- ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ को सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम पंचायत पिपरी कनौरा में स्थित पीडब्ल्यूडी मार्ग पर बनी पुलिया की खराब स्थिति अब ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन चुकी है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने से स्कूली बच्चों के साथ-साथ आमजन को भी आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि स्वतंत्र राजपूत के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ को एक लिखित ज्ञापन सौंपकर तत्काल पुलिया के पुनर्निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया रेलवे की गिट्टी ले जाने वाले ओवरलोड ट्रकों के आवागमन के कारण टूट गई है, जिससे यह मार्ग अब जानलेवा स्थिति में पहुंच गया है।

स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को प्रतिदिन पानी भरी और टूटी पुलिया पार करनी पड़ती है, जिससे कई बार वे बीच रास्ते से लौट आते हैं। माता-पिता भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कई बार इस पुलिया के मरम्मत की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में भूपेंद्र सिंह, दिनेश साहू, बाबूलाल साहू, लखन, अरविंद राजपूत, मनोज समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द टूटी हुई पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि आगामी समय में स्कूली बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित न होना पड़े और आवागमन फिर से सुचारु हो सके। उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी और संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

# युवाओं में विवेकवान नेतृत्व करें विकसित : डॉ चंद्रशेखर प्राण

▸ ग्रामीण नेतृत्व विकास प्रशिक्षण में समाजसेवियों ने गांव के विकास के लिए किया मंथन, 60 समाजसेवी ले रहे प्रशिक्षण





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पंच परमेश्वर विद्यापीठ, तीसरी सरकार अभियान, इंडिया पंचायत फाउंडेशन, मिशन समृद्धि और बिरजू संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में स्थित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में ग्रामीण नेतृत्व विकास कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में समाजसेवियों ने गांव की चुनौतियां, समस्याएं समाधान और विवेकवान ग्रामीण नेतृत्व को उभारने के मुद्दे पर गहन चर्चा की। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक तीसरी सरकार अभियान उत्तर प्रदेश के संस्थापक, पंच परमेश्वर विद्यापीठ के कुल गुरु डॉ चंद्रशेखर प्राण, दिल्ली से आये पानी अध्येयता, पानी पत्रकार अरुण तिवारी, मिशन समृद्धि से प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पंकज तिवारी, कई विश्वद्यालयों में कुलसचिव रहे पीएन प्रसाद ने ग्रामीण नेतृत्व के गुर बताए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के अग्रणी समाज सेवियों ने भाग लिया। रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, खुशहालपुर डिग्री कालेज के प्रवक्ता डॉ विनोद गौतम, द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष हरिनंदन सिंह गौतम, भीम आर्मी के शिवबरन सिंह, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी जेएल भास्कर, प्रसिद्ध गीतकार साहब नारायण शर्मा प्रसार संस्था के प्रमुख शिशुपाल यादव, श्रावस्ती के समाजसेवी अवधेश शर्मा, आदर्श सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र शर्मा सहित 60 समाजसेवियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण आयोजक बिरजू संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी का स्वागत किया और प्रशिक्षण के उद्देश्य बताए।

डॉ प्राण जी ने दृष्टि और दृश्य का अंतर समझाते हुए बताया कि गांव में समस्याओं का दृश्य क्या है, उस दृश्य को देखने के लिए आपकी दृष्टि कैसी है, और उस समस्या के समाधान के लिए आपका नेतृत्व किस प्रकार का है, इसे समझने की जरूरत है। आज नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव लाने की जरूरत है,लोगों में विवेकवान नेतृत्व को विकसित करने की जरूरत है। प्रतिभागियों को पांच समूहों में विभक्त करके छोटे समूह में चर्चा कराई गई और गांव की समस्याएं, चुनौतियां और उनका समाधान विषय पर चर्चा की गई और उसके बाद प्रस्तुतिकरण कराया गया।

डॉ प्राण ने कहा कि परिवार, पड़ोस और गांव के समूह से बने इस समाज को विवेकवान बनने के लिए युवाओं को विवेकवान होना पड़ेगा। प्रशिक्षण के आयोजन में चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार व शिक्षिकाओं ने विशेष योगदान दिया।

# जल निकासी समस्या का समाधान करने पहुंची टीम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



पूर्वजों के समय से जिस नाली से विपक्षी के घर की छत दरवाजे व घर का पानी निकल रहा था उसे स्वयं बन्द कर लिया। जिससे रास्ते में पानी भर जाता हैं ग्रामीणों व स्कूल जाने वाले बच्चों का आवागमन बाधित हो गया है। बच्चे पानी में गिर जाते है। समस्या के समाधान के लिए गाँव पहुंचे सचिव नाली खुलवाने के बजाय इंटरलाकिंग व डामरीकृत सड़क के बीच मे नाली बनवाने का प्रस्ताव लेकर चले आये।

विकास खंड त्रिवेदीगंज के अखैयापुर से ब्लॉक मुख्यालय आये अजय कुमार, संतोष कुमार, लल्लू, गोविंद, राम अवतार, राकेश कुमार, रामनाथ, लालता प्रसाद, राम बहादुर, कमलेश कुमार सहित तमाम ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव निवासी रामकुमार ने अपने घर से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए पूर्वजों के समय से बनी नाली को स्वय बन्द कर लिया। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन के हस्तक्षेप पर रामकुमार द्वारा कई बार नाली खोली गई और फिर बंद कर ली गई। जिसकी वजह से बरसात में पानी भर जाता है। ग्रामीणों ने बताया की समस्या के समाधान के लिए पंचायत सचिव गांव पहुंचे और बिना ग्रामवासियों की सहमति के इंटरलॉकिंग एवं डामरी कृत मार्ग के बीच में नाली बनवाने का प्रस्ताव लेकर चले आए। ग्रामीणों ने बताया कि यदि नाली का निर्माण हुआ तो लाखों रुपए की लागत से बना मुख्य इंटरलॉकिंग मार्ग बर्बाद हो जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की पुराने समय से बनी जल निकासी नाली को चालू करवा कर जल निकासी सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

# चार दिन पहले घर से निकले युवक का बरामद हुआ शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

चार दिन पहले घर से निकले एक 32 वर्षीय युवक का शव शनिवार को सराय निरह मजरे बेहटा गाँव स्थित जंगल के निकट नाले से बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के गंगापुर संसारा निवासी हरिश्चंद्र रावत का पुत्र सुरजीत 32 वर्ष गत 30 अगस्त को घर से निकला था और फिर वापस नहीं लौटा था। बताते हैं कि शराब के नशे का आदी एवं मिर्गी के दौरे से पीड़ित मृतक अक्सर मजदूरी के लिए घर से चला जाता था और कई दिन बाद लौटता था। यही वजह रही कि घर में रहने वाली भाभी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। आज चौथे दिन भी जब मृतक वापस नहीं लौटा तो उसने इसकी जानकारी चाचा द्वारका प्रसाद को दी। जिसके बाद परिजनो ने ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की तो पता चला कि चार दिन पहले मृतक कटिया लेकर मछली मारने के लिए निकला था। इसी आधार पर परिजन एवं ग्रामीण जब ढूंढते हुए सराय निरहू गांव के निकट जंगल में नाले पर पहुंचे तो नाले के किनारे कटिया एवं गमछा बरामद हुए। लगभग 25 मीटर और आगे बढ़ने पर मृतक की लाश नाले में तैरती हुई मिली। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह अहमदाबाद शहर में रहकर रोजी रोजगार करने वाले भाई कैलाश के परिवार के साथ रहता था।

# भाजपा ने मनाया किसान सम्मान निधि जारी होने का उत्सव



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पीएम किसान उत्सव दिसव के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण तथा पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए शनिवार को हैदरगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार जायसवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह मंडल अध्यक्ष हैदरगढ़ रजत मिश्रा मोहित, महामंत्री सन्तोष कुमार, केवीके अध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार सिंह, डॉ रूपन रघुवंशी, डॉ भाष्कर प्रताप सिंह,डॉ रिंकी चौहान डॉ अर्चित शुक्ल, विजय कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी, ज्ञानेंद्र कुमार सहायक विकास अधिकारी कृषि, विनोद कुमार प्रभारी बीज भंडार, छोटेलाल पांडेय, टीम सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

## सम्पूर्ण समाधान में आई 65 शिकायतें

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में कुल 65 शिकायतें आई। कुल प्राप्त शिकायतों में से 23 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लिया। राशन कार्ड पाकर दोनों महिलाएं बहुत खुश हुईं।समाधान दिवस के अंत में एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेष बची 42 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता, नायब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय, अन्नू सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, अवर अभियंता लोक निर्माण सिल्की अग्रवाल, वन डिप्टी रेंजर मनोज कुमार यादव, सिरौलीगौसपुर सीएचसी चिकित्साधिकारी देव प्रताप सिंह और समाज कल्याण विभाग से अभिषेक कुमार मौजूद रहे।कई विभागों के अधिकारी देर से पहुंचे या अनुपस्थित रहे, जिस पर एसडीएम ने स्पष्टीकरण पत्र जारी किया।

# एसडीएम ने पूजा पाल को किया सम्मानित



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बाल वैज्ञानिक पूजा पाल को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम प्रीति सिंह ने पूजा को प्रेरित करते हुए कहा, अपने रास्ते से हटिएगा नहीं, आपका सफर लंबा हो गया है। जल्दी सफलता मिलने से सफलता सिर पर चढ़ने लगती है, लेकिन आपको इसे सिर पर नहीं चढ़ने देना है। अभी आपको और पढ़ना है, आगे बढ़ना है और मस्तिष्क को स्वतंत्र रखना है। एसडीएम ने पूजा को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया और अग्नि की उड़ान सहित कई पुस्तकें भी भेंट कीं। साथ ही उन्होंने तहसील और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से पूजा का परिचय करवाया।पूजा पाल ने इस सम्मान के लिए अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह अपने शिक्षकों की बदौलत ही यहां तक पहुंची हैं और अभी उन्हें और आगे बढ़ना है। खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने पूजा से बातचीत की और उनकी जापान यात्रा के बारे में विस्तृत चर्चा की। एसडीएम ने पूजा के पिता से कहा कि जिस तरह से आपने बेटी को आगे बढ़ाया है, उसे इसी तरह आगे बढ़ाते रहें।

# राजनीति और वकालत में अच्छी पैठ रखते थे रामसेवक यादवः गोप

▸ वक्ताओं ने रामसेवक यादव की वैचारिकी और जीवन संघर्ष पर डाला प्रकाश

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



पूर्व सांसद रामसेवक यादव राजनीति और वकालत में अच्छी पैठ रखते थे। एक तरफ जहां उन्होंने गरीबों और पीड़ितों को न्याय दिलाया वहीं दूसरी तरफ वह उनकी मुखर आवाज बनकर सदन में गरजे। रामसेवक यादव समाजवादी आन्दोलन के पुरोधा ही नहीं बल्कि कानून के अच्छे जानकार भी थे। यह बात स्थानीय जिला बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित स्मृति व्याख्यान में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। शनिवार को स्व. रामसेवक यादव जन्मशताब्दी वर्ष समारोह समिति के संयोजन में पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने सभागार में स्व. रामसेवक यादव के चित्र का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता कर रहे जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि रामसेवक यादव बाराबंकी के गौरव रहे है। उनकी लोकप्रियता उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में रही है। समिति के अध्यक्ष एवं समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने विस्तार से रामसेवक यादव की वैचारिकी पर प्रकाश डाला। पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह ने भी सम्बोधित किया।

सभा का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूं नईम खान ने किया। अंत में समिति के संयोजक ज्ञान सिंह यादव ने सभा में आए हुए समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी अरविन्द कुमार यादव, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता मुईन अहमद, जिला बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, हिसाल बारी किदवई, हरीश अग्निहोत्री, रामगोपाल शुक्ला, सूरज यादव गामा एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, अधिवक्ता सरदार राजा सिंह, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, पूर्व सभासद मो. आसिफ, शिवशंकर शुक्ला, नरेश कुमार सिंह एडवोकेट, संत शरण यादव, खुशीराम यादव, रामनरेश, रणंजय शर्मा, पूर्व प्रमुख हशमत अली गुड्डू, सपा प्रवक्ता वीरेन्द्र प्रधान, स्वर्ण ध्वजानंद एडवोकेट, मुकेश यादव, सभासद शिवा शर्मा, उदय प्रताप सिंह, कांशीराम यादव आदि कई लोग मौजूद रहे।

## कीटनाशक छिड़क रहे किसान को सांप ने डसा, हालत गम्भीर

**फतेहपुर, बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र में शनिवार को गांव पडरी जगसेडा के एक युवक को खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते वक्त दौरान विषैले सांप ने काट लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पडरी जगसेडा गांव निवासी अनमोल वर्मा 18 पुत्र रमेश वर्मा जो अपने खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर रहा था।इसी दौरान खेत में बैठे सांप ने उन्हें काट लिया।घटना होते ही परिजन बिना किसी विलम्ब के तुरंत अनमोल वर्मा को अपने निजी साधन से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर लेकर पहुंचे।जहां मौजूद चिकित्सकों ने तत्काल भर्ती कर सर्पदंश युवक का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया।युवक की स्थिति में सुधार होना शुरू हो गया है।


## कार्यालय ग्रा0पं0 बनकटी वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 02/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनकटी वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 03/08/2025 से 08/08/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 08/08/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | इन्द्रपाल के घर से अजय पाल के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य | 3.41 लाख | 6820 | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(रविराज सिंह) ग्रा0पं0 बनकटी वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-(संदेश कुमार)



## कार्यालय ग्राम पंचायत अलीपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना 2025-2026 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 03.08.2025 से 10.08.2025 तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि | अलीपुरा | ग्राम पंचायत अलीपुरा में बाबूलाल नायक के घर से श्री एहसान के बाड़े तक सी.सी. रोड निर्माण | 12.33 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सारिया आदि | ? | 6 माह |
| 2. | विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि | अलीपुरा | ग्राम पंचायत अलीपुरा में मेन रोड से बड़े मंदिराराम जानकी मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण | 12.67 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, सारिया आदि | ? | 6 माह |

**शर्ते-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

प्रधान सचिव


# बाढ़ क्षेत्र में स्टीमर से पहुंचे अधिकारी, राहत शिविरों में पहुंची मदद



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को कालपी तहसील के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में उच्चाधिकारियों का संयुक्त दल स्टीमर से पहुंचा और वहां चल रहे राहत प्रयासों का स्थलीय निरीक्षण किया। विधायक विनोद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक नरेंद्र जादौन, मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे, डीआईजी केशव कुमार चौधरी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने जायजा लिया। अधिकारियों ने मंगरौल स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए बाढ़ राहत केंद्र और कम्युनिटी किचन का अवलोकन किया तथा वहां मौजूद बाढ़ प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए गए शिविरों की व्यवस्था देखी गई। मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत शिविरों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, प्राथमिक उपचार सामग्री तथा पशुओं के लिए टीकाकरण एवं चारे की व्यवस्था समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। बाढ़ राहत केंद्र पर उपस्थित पीड़ितों को प्रशासन द्वारा संपूर्ण राहत किट वितरित की गई, जिसमें दैनिक उपयोग की आवश्यक खाद्य सामग्री, स्वच्छता से जुड़ी वस्तुएं और घरेलू सामान शामिल था। प्रत्येक किट में आटा, चावल, दाल, भुना चना, चीनी, नमक, बिस्कुट, लाई, आलू, तेल, हल्दी, मसाले, नहाने व कपड़े धोने का साबुन, डेटॉलध्सेवलॉन, सैनिटरी पैड, सूती कपड़ा, तौलिया, माचिस, मोमबत्ती, बाल्टी, मग तथा तिरपाल जैसी वस्तुएं शामिल रहीं। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित नागरिकों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

# स्वयं सहायता समूह बने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त मंच



नारी शक्ति गौरव कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम (राज्य मंत्री स्तर) कमलावती सिंह ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन उरई में प्रोबेशन विभाग की समीक्षा की गई। तदोपरांत ब्लाक सभागार जालौन में अनुरागिनी संस्था के प्रमुख प्रवीण कुमार जादौन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में समस्त महिलाओं के खान-पान पर विशेष ध्यान देने को कहा और स्वयं सहायता समूह की उपयोगिता के बारे में बताया। जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्रीमती उर्विजा दीक्षित ने मातृ शक्ति को उनकी महत्ता बताई। कार्यक्रम का संचालन गरिमा पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जालौन रामराज, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी, बीडीओ प्रशांत, अनू सिंह, शशि सिंह, ऊषा गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नटर्रा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 03.08.2025 से 10.08.2025 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा मूल्य-100 रू.**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | नग/मी. | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नटर्रा | बकरी शेड निर्माण (संजू पुत्र रामपाल के बाड़े में) | 149177 | 2 प्रतिशत | सीमेन्ट, ईंटा, बालू, गिट्टी, पाईप चद्दर आदि | 4X3 मी. | 6 माह |

**शर्ते-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

प्रधान सचिव


# समाधान दिवस में आई 25 शिकायतें, मौके पर 8 निस्तारित

▸ अधिकारी शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करेः एसडीएम

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को तहसील कार्यालय स्थित कक्ष में किया गया जिसमें पुलिस, राजस्व, नगर पालिका, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 25 शिकायतें फरियादियों द्वारा दर्ज कराई गईं।

मौके पर 8 शिकायतें निस्तारित कर दी गई जबकि शेष अन्य शिकायतें निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के हवाले दे दी गई। एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता एवं सीओ परमेश्वर प्रसाद, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित समाधान दिवस में ग्राम ब्योना निवासी रघुनंदन सिंह ने गांव में लगे बिजली पोल में करंट प्रवाहित होने और करंट की चपेट में आने से 9 वर्षीय भांजे की झुलस जाने की शिकायत कर मौके से पोल हटवाए जाने की मांग की। ग्राम खैराबेड़ा निवासी राजाभईया ने पंचायत मित्र पर सरकारी भूमि पर मकान बनाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्राम खैरी निवासी सुनीता परिहार ने कोटेदार की नियुक्ति हेतु बुलाई गई मीटिंग मनमाने तरीके से किए जाने की शिकायत कर दोबारा से मीटिंग आयोजित करने की मांग की। ग्राम तीतरा प्रधान सहित कुछ ग्रामीणों ने गांव के एक व्यक्ति पर आम रास्ते में अतिक्रमण करने और लड़ाई झगड़ा करने की शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम ने दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ कोंच गिरवर प्रसाद वर्मा, नदीगांव मानू लाल यादव, कोतवाल विजय कुमार पांडेय, एसडीओ विद्युत रविन्द्र कुमार, आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी एबीएसए कोंच सुनील कुमार राजपूत, नदीगांव शैलेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## बाढ़ राहत, बचाव कार्य पर्यवेक्षण के लिए दो नोडल अधिकारी नियुक्त

**उरई,जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद की सीमा में प्रवाहित यमुना नदी का जल स्तर खतरे के निशान से अधिक हो जाने के कारण तहसील माधौगढ़, जालौन एवं कालपी के कतिपय ग्राम प्रभावित हो गये हैं। इन प्रभावित ग्रामों में राहत एवं बचाव कार्य का पर्यवेक्षण सुनिश्चित किए जाने एवं प्रभावित व्यक्तियों को खाद्य सामग्री, आवश्यक औषधि एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराए जाने, राहत केन्द्रों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने एवं लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुचाए जाने हेतु निम्न अधिकारियों को उनके सम्मुख अंकित तहसील के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत किल्होवा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 03.08.2025 से 10.08.2025 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा मूल्य-100 रू.**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | नग/मी. | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किल्होवा | केटल शेड निर्माण (जयहिन्द पुत्र द्रगपाल के बाड़े में) | 169822 | 2 प्रतिशत | सीमेन्ट, ईंटा, बालू, गिट्टी, पाईप चद्दर आदि | 4X3 मी. | 6 माह |

**शर्ते-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

प्रधान सचिव

# नई कृषि तकनीक से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में करें सहयोग

**पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ**



फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंत्री असीम अरुण व मौजूद सीडीओ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के शुभ अवसर पर समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में प्रधानमंत्री किसान उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाराणसी से सीधा प्रसारण भी उपस्थित जनसमूह ने देखा और सुना। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कन्नौज की धरती मां अन्नपूर्णा की उपासक है और यहां के किसान सदैव प्रकृति से प्रेरणा लेकर संसाधनों का कुशल उपयोग करते हुए श्रेष्ठ उत्पादन करते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद कन्नौज के 2,51,315 पात्र कृषकों को 50 करोड़ 26 लाख 30 हजार की धनराशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से उनके खातों में भेजी गई है, जिससे किसान उर्वरक, बीज व अन्य कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे। अपने उद्बोधन में मंत्री ने किसानों को मेहनत, लगन और निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने पारंपरिक खेती के साथ-साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, मछली पालन जैसे विविध कृषि संबंधी उद्यमों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नई कृषि तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करें। इस दौरान सीडीओ रामकृपाल चौधरी, उप कृषि निदेशक संतोष कुमार, जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण, किसान उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में 139 शिकायतों में 10 का मौके पर निस्तारण



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। तहसील सदर में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की अध्यक्षता शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 139 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मंत्री ने समाधान दिवस के दौरान आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादी की मांग यदि नियमानुसार संभव हो तो उसे समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि किसी को भी निराश होकर वापस न लौटना पड़े। इस दौरान एडीएम आशीष कुमार सिंह, ज्वांइट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी सदर वैशाली, तहसीलदार अभिनव वर्मा, नायब तहसीलदार भारत कुमार मौर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने शुक्रवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया। वे हरिपुर कैथोली गांव पहुंचीं, जहां बेवर के पास हुए हादसे में सुरेंद्र चौहान के परिवार ने अपने पांच सदस्यों को खो दिया था। प्रिया शाक्य ने मृतकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ईश्वर मृत आत्माओं को शांति प्रदान करे और घायल बच्ची को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दे। उन्होंने परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है, और प्रिया शाक्य का यह दौरा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना का प्रतीक रहा।

# आपदा में जीवन रक्षक है नागरिक सुरक्षा कोर



**समाज की सेवा में है समर्पित**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

जनपद कन्नौज में गठित नागरिक सुरक्षा कोर आपदा प्रबंधन और जनहित कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा स्थापित यह कोर लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय है। हाल ही में, चीफ वार्डन प्रवीण टंडन के नेतृत्व में कोर ने विशाल काँवरिया भंडारे की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। नागरिक सुरक्षा कोर के दायित्वों में आपदा के दौरान बचाव कार्य, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना, और राहत सामग्री वितरण शामिल है। यह संगठन बाढ़, भूकंप, या अन्य प्राकृतिक आपदाओं में त्वरित प्रतिक्रिया देता है। इसके अतिरिक्त, कोर सामाजिक जागरूकता अभियान, यातायात प्रबंधन, और जनहित कार्यों में सहयोग करती है। डिप्टी चीफ वार्डन नीरज दुबे ने बताया कि यह संस्था स्वयंसेवकों के माध्यम से समाज सेवा और आपदा प्रबंधन में योगदान देती है। यह कोर आपदा प्रबंधन के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करती है।

कार्यक्रम में डिविजनल वार्डन नीतीश श्रीवास्तव, राम जी सिसोदिया, गोपाल पाण्डेय, अभय वैश्य, शैलेन्द्र सिंह, विवेक गुप्ता, दक्ष श्रीवास्तव, मोनू राय, योगेश द्विवेदी, आर्यन कटियार, सर्वेश सिंह, धीरज राजपूत, और कृष्णपाल सिंह ने सक्रिय भागीदारी की।



## टेंट कारोबारियों की बैठक में उठा जीएसटी का मुद्दा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में सौरिख रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर हुई टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में 18 प्रतिशत जीएसटी से व्यवसाय में आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी व्यापारियों का कहना था कि ग्राहक बहुत मुश्किल से किराया दे पाते हैं, कोई भी ग्राहक जीएसटी के रूप में अलग से रकम नहीं देना चाहता। इसका सीधा असर व्यवसाय पर पड़ रहा है प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष राजू टेंट हाउस ने कहा पिछली बैठकों में भी यह समस्या उठ चुकी है। संगठन की ओर से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा जन्म से लेकर मृत्यु तक टेंट हाउस वाले काम आते हैं लेकिन उनकी कोई इज्जत नहीं करता और समय से भुगतान भी नहीं देता। इसको लेकर जल्दी ही बड़ा आंदोलन करके जीएसटी 18 की बजाय 5 प्रतिशत करने की मांग उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मामला 12 से 14 सितंबर तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले तृतीय महाधिवेशन (टेंट डेकोर एक्सपो)में भी उठाया जाएगा। ऐसे में अधिक से अधिक व्यवसायी उसमें पहुंचे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीपू टेंट, जिला महामंत्री लल्ला लाइट डेकोरेशन डीजे, जिला उपाध्यक्ष श्यामू टेंट हाउस, जिला कोषाध्यक्ष लाल उर्फ राहुल, नगर अध्यक्ष विकास दुबे वैष्णवी लाइट व जिला उपाध्यक्ष संदीप फ्लावर डेकोरेशन सौरिख आदि मौजूद रहे।

**सड़क हादसे में पांच की मौत का मामला**

# मोमबत्ती जलाकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



नवीन मंडी परिवार के पप्पू चौहान के भतीजे दीपक चौहान, उनकी पत्नी, बहन और दो बच्चों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत पर पुरानी गल्ला मंडी में मोमबत्ती जलाकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को इस हादसे का जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने बताया कि बेवर थाना क्षेत्र के नगला ताल के पास हाईवे पर बरसाती पानी जमा था। इस पानी की बौछार कार की विंडस्क्रीन पर पड़ने से दीपक चौहान नियंत्रण खो बैठे और कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी ओर चली गई, जहां सामने से आ रहे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि हाईवे पर कई जगहों पर जल निकासी की व्यवस्था न होने से बरसात में पानी जमा हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। उन्होंने एनएचएआई की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए सुधार की मांग की। इस अवसर पर किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, अबली गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, बृजेश गुप्ता, आनंद गुप्ता, सचिन, वेद प्रकाश राठौर, अमित भारतीय, अनिल यादव, संकेत गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, जावेद खान और नवनीत दुबे मौजूद रहे।

# कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण तेजी से करने के निर्देश

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्माणाधीन सहायक अभियंता सिंचाई उपखण्ड कार्यालय एवं आवासीय भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर ले आउट देखा, जिसमें जानकारी दी गई कि कार्यालय एवं आवसीय भवन हेतु परियोजना की लागत 439.97 लाख है। 01 सहायक अभियंता कार्यालय, टाइप-4 के 02 आवास, टाइप-3 के 3 आवास, टाइप-2 के 06 आवास, टाइप-1 के 09 आवास, आफिस कम्युनिटी सेन्टर-1 तथा सबआर्डीनेट कम्युनिटी सेण्टर-1 का निर्माण किया जाना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में अच्छी क्वालिटी की सामग्री लगायी जाए। निर्माण कार्यो की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदार तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक/जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीर सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड कन्नौज सूर्यमणि सिंह व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 220 शिकायतों में 21 मामलों का हुआ निस्तारण

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 98, पुलिस विभाग की 48, विकास विभाग की 23, व अन्य विभागों सहित कुल 220 शिकायतें प्राप्त हुई।

मौके पर 21 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष 199 शिकायतों का समयान्तर्गत व गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। रोहित कुमार पुत्र होरी लाल बवरापुर, मुकेश चन्द्र पुत्र बाबूराम मटेला, विमलेश दुबे पुत्र वीरेन्द्र देववरमपुर, कुलदीप पुत्र चन्द्रभान रामपुर बैजू, प्रभात सिंह पुत्र रामरक्षपाल रामपुरबैजू, शिशुपाल वर्मा पुत्र ग्रीशचन्द्र गिस्वरपुर, जयश्री पत्नी राकेश कुमार गिरधरपुर, प्रमोद कुमार पुत्र परमेश्वरी हयातनगर, चन्द्रपाल पुत्र हाकिम सिंह कैरदा, मनोज पुत्र अहिवरन निवासी, अजय पाल पुत्र मौजीलाल नौगाई, प्रभाकर पुत्र आनन्द किशोर हरबल्लभपुर, वीरेन्द्र पुत्र राजाराम नौगाई, सुनील कुमार पुत्र रामनाथ जमामर्दपुर, प्रवीन सिह चैहान पुत्र बलवीर सिंह खुबरियापुर, रामाधार पुत्र द्वारिका भानपुर, सुभाषचन्द्र पुत्र सूरज प्रसाद अतिराजपुर द्वारा वरासत दर्ज कर खतौनी दिये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये वरासत दर्ज कराने की कार्यवाही कर खतौनी वितरित करायी गयी। इसके साथ ही महेश चन्द्र पुत्र मुरलीधर सरायप्रयाग, पैसन सिंह पुत्र मुन्नू लाल अनीभोज व भीमसेन पुत्र रामचरन सुल्तानपुर द्वारा खतौनी में नाम सही कराने हेतु तथा रोशन पुत्र सतीष चन्द्र तिसौली द्वारा खतौनी में बालिग दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसका अनुपालन करा कर खतौनी में नाम संशोधन करा दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता को सुनकर ही शिकायत का निस्तारण करेगा। किसी भी दशा में शिकायत का निस्तारण किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा विधिविरुद्ध एवं निर्धारित समय सीमा के पश्चात् न किया जाए। यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा गलत तरीके से शिकायत का निस्तारण किया गया तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंनें निर्देश दिये गये कि आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से 3 दिन पूर्व ही समस्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय में ग्यारहवीं में रिक्त सीटों पर करें आवेदन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय कन्नौज में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-11 (कॉमर्स) में कुछ सीटें रिक्त हैं। विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन छात्र- छात्राओं ने सत्र 2025- 26 में कक्षा 10 परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है, वे 10 अगस्त 2025 तक विद्यालय से प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया मेरिट के आधार पर की जाएगी, जिसमें सीबीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी समय पर विद्यालय से संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त करें और निर्धारित तिथि से पूर्व उसे पूर्ण कर जमा करें।

# एड्स एक जानलेवा बीमारी, बने जागरूक, रहे सतर्क

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




जागरूक करती छात्राएं

राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रचार- प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. नेहा मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने सरायघाघ गांव एवं काशीराम बस्ती में जाकर महिलाओं, बालिकाओं, युवाओं एवं अन्य लोगों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया।

छात्राओं ने बताया कि एचआईवी/एड्स एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है, जो न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर भी गहरा प्रभाव डालती है। इसके बावजूद, शिक्षा और जागरूकता इसके प्रसार को रोकने के लिए सबसे सशक्त साधन हैं। छात्राओं ने ग्रामीणों को एचआईवी के संक्रमण के प्रमुख कारणों जैसे असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या रक्त का उपयोग तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में संक्रमण के विषय में जानकारी दी। बताया गया कि शिक्षित महिलाएं अपने बच्चों को इस संक्रमण से बचाने में अधिक सक्षम होती हैं क्योंकि वे गर्भावस्था के दौरान जांच एवं सावधानियों के प्रति सजग रहती हैं। प्राचार्य रीतू सिंह ने छात्राओं और संयोजक को शुभकामनाएं दीं तथा समाज में इस प्रकार की जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता एवं कर्मचारीगण रहे।

## युवक ने लगाया हजारों की ठगी का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पीड़ित ने युवक पर बिजली कर्मी बनकर हजारों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जलालाबाद निवासी अमजद पुत्र आमीन ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि लगभग ढाई वर्ष पूर्व गुरसहायगंज निवासी युवक ने उसका बिजली का बिल जमा कराने के लिए उससे 34 हजार रुपये लिए थे। तब युवक ने खुद को बिजली कर्मी बताया था। जब उसने जानकारी की तो उसका बिल जमा नहीं हुआ और आरोपित बिजली कर्मी भी नहीं निकला। जिस पर उसने दी गई रकम वापस मांगी। अब आरोपित रकम वापस करने से इंकार कर रहा है। कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**सिंचाई उपखण्ड छिबरामऊ के निर्माणाधीन कार्यालय का निरीक्षण कर डीएम ने दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने छिबरामऊ स्थित निर्माणाधीन सहायक अभियंता सिंचाई उपखण्ड कार्यालय एवं आवासीय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। परियोजना की अनुमानित लागत 439.97 लाख बताई गई है। इस योजना के अंतर्गत एक सहायक अभियंता कार्यालय, टाइप-4 के 2 आवास, टाइप-3 के 3 आवास, टाइप-2 के 6 आवास, टाइप-1 के 9 आवास, एक ऑफिस कम्युनिटी सेंटर एवं एक सबऑर्डिनेट कम्युनिटी सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उपनिदेशक/जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीर सिंह, अधिशासी अभियंता श्री भूपेन्द्र राय तथा सहायक कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि रहे।

## पशुचिकित्सालय में निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने पशुचिकित्सालय छिबरामऊ में निर्माणाधीन अनावासीय भवन कर निरीक्षण कर ले आउट देखा। जिसमें जानकारी दी गई कि निर्माणाधीन अनावासीय भवन परियोजना की लागत रू0 69.11 लाख है। जिसमें कार्यालय कार्य संचालन हेतु अनावासीय भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन भवन का निर्माण कार्य में तेजी लाएं। निर्माण कार्यो की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए।

# गैंगस्टर एक्ट के दो वांछितों को पुलिस ने दबोचा

**मझपुर्वा के आफताब हत्याकाण्ड में थे वांछित**

**गुरसहायगंज , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। बीते वर्ष कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा निवासी दिव्यांग आफ्ताब की हत्या हो गई थी। मामले में आरोपित राजन उर्फ़कमालुद्दीन पुत्र बहारुद्दीन निवासी मोहल्ला मुजाहिद नगर व राजा अली पुत्र मुजफ्फर निवासी ग्राम खाड़ेदेवर थाना गुरसहायगंज, सोनू उर्फ रफेउद्दीन वांछित चल रहे थे। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी अभियुक्तो को जेल भेजा था। मुकदमे में सभी अभियुक्त जमानत पर थे तथा असमाजिक कार्यों में लिप्त थे। जिससे क्षेत्र में काफी भय व्याप्त था। इसी के चलते पुलिस द्वारा उपरोक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। जिसमें उपरोक्त अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहे थे। जिन्हें पुलिस तलाश रही थी। पुलिस ने दो अभियुक्तों राजन उर्फ़ कमालुद्दीन व राजा अली को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हाईवे पर ई-रिक्शा व बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे हाईवे की एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। शनिवार की शाम लगभग 04.30 बजे सराय प्रयाग तेराजाकेट के बीच स्थित पैट्रोल पंप के सामने बाइक व ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार नगर के मोहल्ला मुजाहिद नगर निवासी अहमद (16) पुत्र चंदू, शोएब उर्फमुन्ना (17) पुत्र इसरार, अरसलान (14) पुत्र नफीस बाइक घायल हो गए। बाइक सवार छिबरामऊ से गुरसहायगंज स्थित घर लौट रहे थे। घटना को देख स्थानीय लोगों व राहगीरों की मौके पर भीड़ लग गई। घायलों को हाईवे की एंबुलेंस से नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के बाद तीनों घायलों को चिंताजनक हालत में राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया गया।

# पति सहित छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

दहेजलोभी ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। जबकि मायके आकर भी विवाहिता से मारपीट की। पीड़िता ने एसपी के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जलालाबाद निवासी रितिका पुत्री ब्रजेश चन्द्र ने एसपी के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि आगरा के शास्त्री पुरम निवासी शुभम वर्मा से बीते 2024 को उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के तहत हुआ था। विवाह के बाद उसके पति शुभम, ससुर विपिन कुमार, सास ऊष, देवर अभिषेक, ननद संध्या, ननदोई मोहित ने दहेज में उससे 01 लाख रुपये की मांग करना शुरू कर दिया। असमर्थता जताने पर उसको प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके बाद उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर उसे घर से निकाल दिया। 27 जुलाई की दोपहर लगभग दो बजे पति सहित ससुराली उसके घर आए और गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की। दहेज की रकम न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रक्षाबंधन पर रचनात्मकता की अनूठी मिसाल

**वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में हुई इंटर-हाउस राखी मेकिंग प्रतियोगिता**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज**



जब बंधन प्रेम का हो और रचना भावनाओं से भरी हो, तब कला भी बोल उठती है। ऐसा ही एक सुंदर दृश्य देखने को मिला वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर-हाउस राखी मेकिंग प्रतियोगिता में, जहाँ छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और भारतीय परंपराओं के प्रति प्रेम को अपने हाथों से बनी राखियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी हाउस गांधी, नेहरू, टैगोर और पटेल हाउस के प्रतिभागियों ने भाग लिया। हर छात्र ने अपनी कल्पना, सजावट और परिश्रम से ऐसी राखियाँ बनाई जो न केवल सुंदर थीं, बल्कि उनमें भारतीय संस्कृति और भाई-बहन के पावन रिश्ते की झलक भी स्पष्ट दिखाई दे रही थी।

प्रतियोगिता में बच्चों को इको-फ्रेंडली सामग्री का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था, ताकि वे पर्यावरण के प्रति भी अपनी ज़िम्मेदारी समझ सकें। मोती, रंगीन धागे, रेशमी कपड़े, दालें, और फूल-पत्तियों का इस्तेमाल कर बनाई गई राखियाँ सभी का मन मोह लेने में सफल रहीं।

मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य असीम मंसूर ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को उजागर करती हैं, बल्कि उन्हें हमारी संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ती हैं। निर्णायक मंडल द्वारा रचनात्मकता, मौलिकता, स्वच्छता और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कला विभाग और गतिविधि समन्वयक द्वारा किया गया।

# जानलेवा हमले में युवक को दस वर्ष का कारावास

▸ तीस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने जानलेवा हमले के मामले में राजू पुत्र छोटे सिंह निवासी नगला बाग कोतवाली मोहम्दाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते 18 वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम नगला बाग निवासी सुनील कुमार पुत्र पूरन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरे चाचा श्याम सिंह की हत्या आज से लगभग डेढ़ माह पूर्व कर दी गई थी। जिसमें श्यामवीर सिंह उर्फ पप्पू घटना में शामिल थे। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। दिनांक 16 मार्च 2006 को मेरे पिता व माता अन्य पारिवारिक लोग घर के आंगन में बैठकर बातें कर रहे थे। बिजली का बल्ब आंगन में जल रहा था। उसी समय श्यामवीर सिंह उर्फ पप्पू, संजय उर्फ अर्जुन व राजू अपने अपने हाथों में तमंचे लेकर गालियां देते हुए दरवाजे के पास आए तथा कहा कि दरवाजा खोलो हमें बात करनी है। हम लोगों ने दरवाजा खोलने से इनकार किया, तो उक्त लोग भड़क गये और कहने लगे आज एक दो को मार दो सारा किस्सा खत्म हो जाएगाष। घर के बाहर की दीवाल से चढ़कर उक्त लोगों ने मेरे पिता पर जान से मारने की नियत से फायर कर कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए। उन्हें उपचार के लिया डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली राय ने राजू उर्फ छोटे को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व तीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। मुकदमा विचारण के दौरान श्यामवीर की मृत्यु हो गई थी।

## खनन माफियाओं में पुराने विवाद के चलते हुई मारपीट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** खनन माफियाओं में पुराने विवाद के चलते जमकर मारपीट हुई। जिससे दोनों खनन माफियाओं के बीच मारपीट से बाजार में दहशत फैल गयी। जानकारी के अनुसार खनन माफिया मनोज यादव अपनी कार को खान पेट्रोल पंप के पास ठीक करवा रहा था। दबंग खनन माफिया बीनेश यादव 7-8 साथियों के साथ आकर मनोज यादव पर लाठी-डंडों व लोहे की राडों से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। बीच बचाव करने आए युवक को भी मारपीट कर किया घायल कर दिया। खनन माफिया की मारपीट से खनन माफिया व भतीजा गंभीर रूप से हुआ घायल। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।


# शोहदे युवक से परेशान युवती पहुंची थाने

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती अपनी छोटी बहन के साथ शनिवार नवाबगंज किसी काम से आई हुई थी। युवती वापस अपने घर जा रही थी, तभी रास्ते में थाना नवाबगंज के गांव वीरपुर निवासी एक युवक ने उसे रोक लिया और युवती से अश्लील हरकतें करने लगा। जिस पर युवती ने विरोध किया और थाने जाकर पुलिस से शिकायत करने की बात कही, तो युवक किसी से न कहने की बात कहकर युवती से गाली-गलौज करने लगा। युवती अपनी बहन को लेकर थाने पहुंची और घटना की सारी जानकारी दी। युवती ने बताया कि युवक आए दिन उससे फोन पर बात करने का दबाव बनाता है। जब बात करने से मना कर दिया, तो देख लेने की धमकी देता है। युवती के माता-पिता दिल्ली प्रांत में प्राइवेट नौकरी करते हैं। युवती अपनी दो छोटी बहनों के साथ गांव में रहकर पढ़ाई कर रही है। युवती ने बताया कि युवक उसके गांव में आकर घर के आसपास मारपीट करने की नियत से घूमता रहता है। जो कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। जिस पर पुलिस युवक व उसके साथी को पूछताछ के लिए थाने ले आई और युवती को घर भेज दिया। थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि मामला न्यायालय में होने के कारण मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि तहरीर मिलेगी तो दोषियों के खिलाफ उचित कारवाही की जाएगी।

## कब्जा करने की नियत से दबंगों ने जोता खेत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने कब्जा करने की नियत से पीड़ित का खेत जोत लिया। विरोध करने पर दबंग व उसके परिजन गाली-गलौज कर मारपीट करने पर आमादा हो गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव बलोखर निवासी रामसिंह पुत्र मचल सिंह का गांव में ही रोड के किनारे खेत है। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे गांव के ही बृजपाल पुत्र शंकर लाल व रामचरन पुत्र लटूरी व उसके परिजनों ने रामसिंह का खेत कब्जा करने की नियत से जोत लिया। रामसिंह ने इसका विरोध किया, तो युवक व उसके परिजन गाली-गलौज कर मारपीट करने पर अमादा हो गये। थाना नवाबगंज पुलिस को रामसिंह ने बृजलाल व रामचरन व उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।



सीएचसी में भर्ती घायल

## बाइक साइकिल की टक्कर में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** साइकिल की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव शाहीपुर निवासी संजय उम्र 20 वर्षीय पुत्र जीवाराम अपनी मां ओमादेवी उम्र 40 वर्ष तथा बहन ज्योती उम्र 23 वर्ष को बाइक पर बैठालकर कायमगंज तहसील रोड मुन्सिफ कोर्ट में तारीख करने आ रहा था। जैसे ही वह गाँव काकन नगला कोतवाली कायमगंज के पास पहुँचा, तभी सामने से आ रहे साईकिल सवार से उसकी बाइक टकरा गयी। जिससे मां, बहन गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ उपचार जारी है।

# एसडीएम ने 101 शिकायतों में 11 का किया मौके पर निस्तारण

▸ लेटलतीफ आने पर मेरापुर के उप निरीक्षक को लगायी फटकार



शिकायतें सुनते एसडीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना मेरापुर के उपनिरीक्षक के लेट आने पर उपजिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई और कहा दोबारा से अगर किसी भी विभाग का अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान समय पर नहीं उपस्थित हुआ तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने समस्याएं सुनकर समाधान का भरोसा दिया। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर गुणवत्ता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण मे देरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास सहित अन्य विभागों करी कुल 101 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान सीओ संजय वर्मा, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, नगर पालिका के जेई प्रभान्त कुमार, बीडीओ राजेन्द्र प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मिश्रा, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमसाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवाबगंज थानाध्यक्ष अवध नारायण पाण्डेय, मेरापुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पति ने पीटा, पत्नी ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज रक्षाबंधन त्यौहार के लिए पति से पैसे मांगने पर पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दी। पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने पति के भाई को उठाकर पूछताछ शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव ऊंची गधेड़ी निवासी उपासना पत्नी अनुज बाथम की शादी लगभग दो माह पूर्व हुई थी। थाने में पहुंचकर उपासना ने पति के खिलाफ मारपीट करने की तहरीर दी। उपासना ने आरोप लगाया कि उसका पति अनुज अपनी सारी कमाई का पैसा अपनी भाभी के पास रखता है और उपासना को घरेलू खर्च के लिए पैसे नहीं देता है। शनिवार रात उपासना ने रक्षाबंधन के त्यौहार के लिए पति से 500 रूपये मांगे। पति ने पैसे देने से साफ मना कर दिया। जिसको लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया। पति अनुज ने उपासना के साथ मारपीट कर दी। सुबह उपासना ने अपने मायके फोन कर घटना की सारी जानकारी दी। इसके बाद वह नवाबगंज के एक रिश्तेदार के साथ थाने पहुंची और महिला हेल्प डेस्क पर मौजूद कांस्टेबिल प्रियंका को विवाद की जानकारी दी। महिला कांस्टेबिल ने उपासना को थानाध्यक्ष के समक्ष पेश किया। उपासना में अपने साथ हुए मारपीट की जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने अनुज के भाई को थाने बुला कर पूछताछ शुरू कर दी।

# दुकान का ताला खोलकर हजारों की चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जांच पड़ताल करती पुलिस

चोरों ने इलेक्ट्रानिक दुकान का ताला खोलकर हजारों की नकदी पार कर दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला खटकपुरा सिद्दीकी निवासी फिरोज खान पुत्र रईस खान की लाल दरवाजे पर खान कूलिंग सेंटर के नाम से दुकान है। जहाँ फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर आदि की रिपेयरिंग का कार्य होता है। फिरोज ने बताया कि 31 जुलाई को शाम 6:30 शाम को दुकान बंद कर कायमगंज अपनी रिश्तेदारी में चला गया था। शुक्रवार को दुकान नहीं खुली। शनिवार को जब फिरोज दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान के बाहर लगा गेट खोला। जिसके बाद पता चला कि दुकान के भीतर गुल्लक में रखे लगभग 31 हजार रुपए व 20 हजार का सामान गायब था। सूचना डायल 112 को दी। जिसके बाद बस अड्डा चौकी प्रभारी कपिल कुमार व घुमना चौकी प्रभारी अमित गुप्ता मौके पर पहुंचे और जाँच की। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी। घुमना चौकी प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जाँच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# टैंकर की चपेट में आकर सैनिक की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



मृतक सैनिक का फाइल फोटो

जिम करने जा रहे सैनिक की टैंकर से कुचलकर हालत नाजुक हो गयी। परिजन उसे सीएचसी लेकर आये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम नगला जोध निवासी 20 वर्षीय कमल सिंह पुत्र रंजीत सिंह सेना में तैनात था। बीते लगभग 15 दिन पूर्व ही अवकाश पर घर आया था। मिली जानकारी के मुताबिक वह शनिवार सुबह जिम करने गाँव से रजीपुर जा रहा था। उसी दौरान रजीपुर के पास कानपुर-फतेहगढ़ मार्ग पर कानपुर से आ रहे टैंकर ने बाइक सवार कमल को कुचल दिया। जिससे उसकी हालत नाजुक हो गयी। परिजनों के द्वारा उसे सीएचसी कमालगंज में भर्ती किया गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज हेतु मिलेट्री अस्पताल फतेहगढ़ ले गये। जहाँ उसकी मौत हो गयी। मृतक की पत्नी दीपा व माँ रेनू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्री हैं। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि कमल की मौत हो गयी है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# स्कूल प्रबंधक के घर से लाखों की चोरी



चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात स्कूल प्रबन्धक के घर के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों की नकदी व जेवरात साफ कर दिये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के ग्राम चाँदपुर निवासी अशोक कुमार गाँव में ही एक निजी स्कूल के प्रबन्धक हैं। अशोक कुमार ने बताया कि बीती रात उनके परिजन अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। सुबह उनका छोटा भाई नितीश कुमार मोबाइल चार्जिंग पर लगाने के लिए उठा, तो देखा कमरे में बक्से आदि का ताला टूटा पड़ा था। बक्से में रखे लगभग दो लाख रूपये और सोने-चांदी के जेबरात चोरी हो गये थे। सामान अस्त-व्यस्त था। चोर मकान के पीछे लगे जंगले से मकान में दाखिल हुए और घटना को अंजाम देकर चले गये। नितीश ने डायल 112 को सूचना दी। घटना की सूचना पर डायल 112 व थाना कादरी गेट के रोडबेज बस अड्डा चौकी प्रभारी कपिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की। चौकी प्रभारी ने बताया कि जाँच की जा रही है। जाँच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## उधार रुपये मांगने पर पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर अगू निवासी वीरेंद्र ने बताया कि दो माह पूर्व उसने अपने चचेरे भाई कल्लू को चालीस हजार रुपए उधार दिए थे। एक महीने बीत जाने के बाद रुपए वापस न करने पर वीरेंद्र चार दिन पूर्व रुपए का तगादा करने भाई के घर चला गया। इसी बात पर कल्लू, कलिया व बाबू ने गाली-गलौज कर लोहे के पाइप से मार पीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अतिक्रमणकारियों को पुलिस ने दी चेतावनी



चौराहे पर लगा जाम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज चौराहे से लेकर तिराहे तक दोनों तरफ दुकानदारों के द्वारा दुकानों के बाहर टीन शेड व तिरपाल डालकर फुटपाथ पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे वाहनों को आवागमन के लिए जगह न होने पर मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग, नवाबगंज-मोहम्मदाबाद मार्ग, नवाबगंज-मंझना मार्ग, नवाबगंज मुख्य बाजार मार्ग पर आए दिन जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर शनिवार शाम थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने चौराहे पर घूम-घूमकर दुकानदारों को रविवार तक अपनी-अपनी दुकानों के बाहर लगी टीन शेड, पन्नी आदि को हटाने व सड़क के किनारे फुटपाथ को खाली रखने की चेतावनी दी। उन्होंने दुकानदारों को फुटपाथ पर अतिक्रमण न हटाने पर वैधानिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी। थानाध्यक्ष द्वारा दी गई कड़ी चेतावनी से दुकानदार सहमे नजर आए।

# वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

मेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक व उसके स्वजनों को घर में घुसकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से घायल कर दिया था। जिससे तीन सगे भाई घायल हो गए थे। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने मारपीट की धाराओं में दर्ज मुकदमे को हत्या में तरमीम कर दिया। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

क्षेत्र के गांव नाजिर नगला निवासी महेंद्र पाल यादव ने ग्यारह दिन पूर्व पूर्व शाम वह अपने खेत पर गए थे। उसी समय परिवार के ही सुग्रीव सिंह ने मेड़ काट दी। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद वह घर चले आए। उन्होंने घर आकर भाइयों को मड़ काटने की जानकारी दी। इसी बात का उलाहना देने पर सुग्रीव सिंह स्वजनों के साथ घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगा।

भाई के मना करने पर उन्होंने लाठी-डंडे फावड़े से हमला कर दिया। जिससे महेंद्र, रामरहीश व खेतपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को लोहिया रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर खेतपाल को सैफई रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर पर दो दिन बाद आठ आरोपितों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार दोपहर एक बजे खेतपाल यादव की मौत हो गई। मुकदमा तरमीम होने पर संतोष, बबलू, दुर्गेश, नन्हें, सुग्रीव, लालाराम, नरवीर व सत्यपाल उर्फ कल्लू निवासी नाजिर नगला के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने शनिवार सुबह छापेमारी कर आरोपित पिता संतोष व पुत्र नन्हे को हत्या में प्रयोग किए गए एक लाठी, दो डंडे व एक गड़ासा के साथ दबोच लिया। पुलिस उन्हें थाने ले आई। अन्य आरोपित मौके से फरार हो गए। शनिवार दोपहर उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया आरोपित पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# सिलेंडर रिफलिंग के दौरान धू-धू कर जली ओमनी वैन



धू-धू कर जलती ओमनी वैन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव लुधैया पावर हाउस के पाप गैस सिलेन्डर में रिफलिंग के दौरान अचानक ओमनी वैन में आग लग गई। आग की तेज लपटों को देखकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। वहाँ से गुजर रहे बाइक चालक अपनी-अपनी जान बचाकर बाइकें छोड़कर भाग खड़े हुए। हालांकि जब तक संवाददाता मौके पर पहुंचे, तब तक सभी लोग जा चुके थे। जिससे ओमनी वैन किसकी थी, उसके बारे में जानकारी नहीं हो सकी।

## चोरी के शक में युवक को पीटा परिजनों ने दुकान पर की चढ़ाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के चौराहे पर भोले गुप्ता की परचून की दुकान है। शनिवार शाम उसी दुकान पर नगर के मोहल्ला नगला हीरा सिंह निवासी एक युवक समान खरीदने आया। जब युवक जाने लगा, तो भोले गुप्ता उससे तेल का एक डिब्बा चोरी का लेने का आरोप लगाकर उलाहना देने लगा। कुछ देर बहस होने के बाद खोजबीन करने पर तेल का डब्बा दुकान के पड़ोस में पड़ा मिला। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने युवक को चोरी करने के शक में गाली -गलौज करते हुए मारपीट कर दी। विवाद होता देख मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले गई। थोड़ी देर बाद युवक के परिजनों को मामले की जानकारी होने पर परिजन मोहल्ले के लगभग 15 लोगों को अपने साथ लेकर भोले की दुकान पर मारपीट करने की नियत से हमला कर दिया। गाली-गलौज व चौराहे पर भीड़ होती देख पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ को मौके से हटाया और भोले गुप्ता को पूछताछ के लिए थाने ले आई।

# बारिश से कच्चा मकान गिरा, मलबे में दबकर तीन गायों की मौत



गिरे मकान के मलबे में दबी गाय

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव नवादा सिरौली में वारिश के चलते कच्चा मकान गिर गया। जिसमें दबकर तीन गायों की मौत हो गयी। जबकि घरेलू सामान खराब हो गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्य रामबाबू बाथम के कच्चे मकान की छत और दीवार शनिवार को करीब 11 बजे बारिश के कारण गिर गई। मकान में रामबाबू की तीन गायें बंधी थीं। साथ ही आठ-दस बोरी गेहूं और भूसा भी मलबे में दब गया।

मकान गिरने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर मलबे को हटाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने मलबे से गायों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों गायों की मौत हो चुकी थी। हादसे में रखा गेहूं और भूसा भी पूरी तरह खराब हो गया है। रामबाबू बाथम ने घटना की सूचना गांव के प्रधान और लेखपाल को दी है। समाचार लिखे जाने तक लेखपाल व प्रधान मौके पर नहीं पहुंचे थे।

## विद्युत अधिकारियों ने चेकिंग के दौरान तीन स्थानों पर पकड़ी बिजली चोरी



चेकिंग करती विद्युत विभाग की टीम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत अधिकारियों ने विद्युत चेकिंग अभियान चलाकर तीन स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को एसडीओ विनोद कन्नौजिया, जेई जावेद खाँ, विजिलेंस प्रभारी रणवीर सिंह, उप निरीक्षक अफजाल खां, जेई राजेश कुमार ने स्थानीय कर्मचारियों के साथ नगर के बजरिया मोहल्ला, श्यामागेट में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने प्रद्युम्न कुमार जैन, प्रदीप कुमार रस्तोगी व प्रवीन कुमार रस्तोगी के घरों में बिजली चोरी पकड़ी। जेई जावेद अहमद ने बताया कि तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुराग और सुमित गुप्ता के घरों में घरेलू कनेक्शन से दुकान में बिजली का उपयोग करने की अनियमितता पाई गई हैं। उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। बिजली चेकिंग अभियान से विद्युत चोरों में हड़कंप मच गया।

# नाबालिगों को वाहन न दें, नियम उल्लंघन पर की जायेगी कार्रवाई : सीओ



सीओ के नेतृत्व में चलाया जा रहा वाहन चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों का पालना सुनिश्चित करवाने की दिशा में निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में यातायात पुलिस, थाना पुलिस द्वारा नगर में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के दोपहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों का चालान किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। उक्त कार्यवाही के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान नाबालिग चॉलकों के वाहन स्वामियों का 25000/- रूपये तक का चालान कियागया। सीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिभावक स्वामी अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दे। अन्यथा उनके अभिभावक स्वामी के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# जनपद के 212425 किसानों को पीएम सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी

▸ कृषि विज्ञान केन्द्र मोहम्मदाबाद में आयोजित हुआ कार्यक्रम


कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की गई। जिसके अन्तर्गत जनपद के 212425 किसानों को पीएम सम्मान निधि की 20वीं किस्त के रूप में 42.48 करोड़ की धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से कृषकों के खाते में हस्तांतरित की गई। शासन के निर्देशानुसार सजीव प्रसारण का जनपद स्तरीय कार्यक्रम जाजपुर बंजारा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष भाजपा फतेह चन्द्र वर्मा, महामंत्री भाजपा डीएस राठौर, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, उपकृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह, डॉ. अभिमन्यु अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अन्य कृषि वैज्ञानिकों आदि ने प्रतिभाग किया। विकास खण्ड स्तर पर स्थित समस्त विकास खण्ड सभागार, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, सहकारी समितियों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी कृषकों को सजीव प्रसारण दिखाया गया। बड़ी संख्या में कृषकों द्वारा उपस्थित होकर प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना गया। योजनान्तर्गत जनपद में 19वीं किस्त तक 266923 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो चुका है, जिसके सापेक्ष 739.69 करोड़ की धनराशि 19वीं किस्त तक भारत सरकार द्वारा सीधे किसानों के खाते में भेजी जा चुकी है।

# 16 अगस्त को लोधी जागृत मंच मनायेगी अवंतीबाई की जयंती

▸ सरकार से लोधी समाज का उत्पीड़न बंद करने की मांग की



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोधी जागृति मंच की बैठक में पदाधिकारियों ने आगामी 16 अगस्त को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती कार्यक्रम गत वर्षो की भांति पूरे धूमधाम से मनायी जायेगी। जिलाध्यक्ष लोधी मनोज राजपूत ने लोधी समाज के लोगों का विभिन्न जिलों में हो रहे उत्पीड़न पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि लोधी समाज भाजपा को सबसे ज्यादा वोट देकर सरकार में लाया और समाज का इसी सरकार में उत्पीड़न हो रहा है, जो कि बहुत है चिंता का विषय है। समाज को गहनता से विचार करना चाहिए और अब लगता है जैसे ये सरकार अपने द्वारा चुनी न होकर गैर सरकार हो। मेरा प्रदेश प्रदेश सरकार से आग्रह कि अब लोधी समाज का उत्पीड़न बंद हो, अन्यथा लोधी जागृति मंच इसका विरोध करेगी। उन्होंने भोगांव की घटना, अलीगढ़ अतरौली की घटना आदि का भी जिक्र किया। कहा कि इस सरकार में अंग्रेजी हुकूमत जैसी स्थिति उत्पन्न होती जा रही है। ऐसे में लोधी समाज आहत है। शीघ्र उत्पीड़न न हुआ तो लोधी समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर जिला महासचिव उधन राजपूत, नरोत्तम सिंह राजपूत, विश्वनाथ राजपूत, शिवदेव राजपूत, उपनेस राजपूत, अशोक राजपूत, तोराराम राजपूत, आरसी राजपूत, जगनंदन राजपूत, जवाहर लाल राजपूत, मंगली राजपूत, राहुल राजपूत, अखिलेश राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एजुकेशनल मूवमेंट सोसायटी द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान रविवार को प्रातः 11 बजे बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में होगा। यह जानकारी सैय्यद रिजवान अली ने दी है।

## भाविप पांचाल शाखा द्वारा हरियाली तीज महोत्सव आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद पांचाल शाखा द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन 3 अगस्त रविवार को शाम 4:30 बजे अग्रवाल धर्मशाला स्टेट बैंक गली रोड पर सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि अनीता पाठक होगी। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजिका शिखा गुप्ता, अर्चना सेंगर, अनुपमा गुप्ता के द्वारा संजीव बाथम ने दी है।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच से विपिन अवस्थी व सुमन राजपूत निष्कासित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद ने सनातन धर्म के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को अपने तरीके से पूर्ण कर रहे है। उन्होंने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगे भी इसी तरह कार्य करता रहूंगा। पिछले दिनों एक आयोजन मंच द्वारा कराया गया था। जिसमें अतिलालसा एवं महत्वकांक्षा वस कुछ पदाधिकारीगणों की कार्यशैली ठीक नहीं रही। वह लगातार मंच की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान लगाने जैसा कुकृत्य कर रहे थे। बार-बार समझाने के बाद नहीं समझने को तैयार हुए। जिससे मंच की छवि धूमिल हो रही है। संगठन ने बैठक कर फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुमन राजपूत को हटनियता के कारण पूरी टीम सहित पदमुक्त किया गया है। भविष्य में किये गये किसी कृत्य के लिए मंच जिम्मेदार नहीं होगा। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद को 31 जुलाई को व्हाट्सएप पर पत्र भेजकर अवगत कराया है कि मैं अपने समस्त पदाधिकारियों के साथ संगठन से त्याग पत्र दे रहा हूं। उहोंने बताया कि समाजहित में संगठन में निष्ठा व ईमानदारी से कार्य किया। शीर्ष नेतृत्व द्वारा कुछ विचारों व कार्यों से असहमत होकर अपने होशहवास में पूरी टीम के साथ त्याग पत्र दे रहा हूं। जिसमें सुमन राजपूत, रेखा सोमवंशी, श्रद्धा दुबे, डॉ. मनोज चतुर्वेदी, वंदना पाल, रुबी चतुर्वेदी, अतुल अग्निहोत्री आदि 7 लोगों के हस्ताक्षर है।

# मण्डलीय कराटे प्रतियोगिता में कुशाग्र, सुंदरम, रितिक, यश, प्रशांत बने विजेता

**प्रधानाचार्य विनीत चौहान व अमित सिंह ने विजेताओं को किया सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मण्डलीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

क्रिश्चियन इंटर कालेज में मण्डलीय विद्यालयी कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कानपुर नगर, इटावा व फर्रुखाबाद की टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने बालक-बालिकाओं की प्रतियोगिताओं का परिचय के साथ किया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. विनीत कुमार चौहान ने विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

निर्णायक मण्डल में संजय, आशीष, गौतम, क्रीश किंग गौतम, पुष्कर भारद्वाज, विशाल कुशवाहा, पारस भारद्वाज रहे। प्रतियोगिता में जनपदीय पात्रता जांच समिति द्वारा जांच की गई। देवेन्द्र कुमार, केशव गंगवार, अभिषेक अवस्थी, आरती यादव आदि लोग रहे। प्रतियोगिता में सुनील कुमार पाल, अविनाश डेविड, गौरव एविल, यादवेन्द्र परिहार, आलोक दुबे, मनीषा यादव आदि लोग मौजूद रहे। व्यवस्था जिला क्रीड़ा सचिव अतुल एंथोनी दास ने देखी। प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। कराटे प्रतियोगिता अंडर-17 बालक 35 किलो भार वर्ग में कुशाग्र श्रीवास्तव विजेता रहे। 40 किलो भार वर्ग में सुंदरम शाक्य विजेता बने। 45 किलो भार वर्ग में अनिकेत, कमल विजेता बने। 50 किलो भार वर्ग में रितिक शाक्य विजेता व द्वितीय कमल विश्वकर्मा रहे। 54 किलो भार वर्ग में यश निगम विजेता। 58 किलो भार वर्ग में प्रशांत कुमार विजेता बने। 62 किलो भार वर्ग में हर्षित विजेता रहे। 74 किलो भार वर्ग में अनिकेत विजेता बने। अंडर-19 बालक वर्ग में वैभव भारद्वाज विजेता, 58 किलो भार वर्ग में उज्ज्वल विजेता बने। अंडर-14 बालक वर्ग 30 किलो भार वर्ग में मोहम्मद उवैस प्रथम, आर्यन शाक्य द्वितीय, युवराज तृतीय रहे। 35 किलो भार वर्ग में अक्ष हयारण प्रथम, मोहम्मद शहनवाज सलमानी द्वितीय, अंशू चौरसिया तृतीय रहे। 40 किलो भार वर्ग में आर्यन प्रथम, नवाज अजीज द्वितीय रहे। 45 किलो भार वर्ग में दिव्यांशु गुप्ता प्रथम, आकर्ष द्वितीय रहे। 50 किलो भार वर्ग में धनराज प्रथम, मोक्ष जैन द्वितीय रहे। 55 किलो भार वर्ग में शिवांश पाण्डेय प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय रहे। 60 किलो भार वर्ग में आयाम प्रथम रहे।



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि

# मेधावी छात्र-छात्राओं को नगर पंचायत ने किया सम्मानित

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत शमशाबाद की नई पहल अनुसार नगर पंचायत कार्यालय में नगर में संचालित विभिन्न हाईस्कूल, इंटर मीडिएट विद्यालयों में उत्तीर्ण प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 31 छात्र-छात्राओं को मुख्यअतिथि उपजिलाधिकारी कायमगंज व विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष शमशाबाद व अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन किया। इस मौके पर दीपक श्रीवास्तव, दीपक यादव एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल की बैठक रविवार दोपहर 1 बजे जोगराज स्थित एक कैफे पर सम्पन्न होगी। जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा एवं समस्याओं पर विचार होगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने दी है।

### ब्रह्माकुमारी बीबीगंज द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 3 अगस्त रविवार प्रातः 10:30 बजे सर्च लाइट भवन बीबीगंज में रक्षा बंधन पर्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार होंगे। यह जानकारी बीके मंजू बहन ने दी है।


### ब्रह्माकुमारी जेएनवी रोड पर रक्षाबंधन कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 3 अगस्त रविवार को जेएनवी रोड पर रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आरती सिंह होगी। यह जानकारी बीके सुमन बहन ने दी है।

### नंदी संकल्प सेना द्वारा कांवड़ यात्रा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नंदी संकल्प सेना द्वारा पंचम विशाल सामूहिक कांवड़ यात्रा 3 अगस्त रविवार को पांचाल घाट बंधा से शुरु होकर मुख्य मार्ग होते हुए पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष विक्रांत अवस्थी ने दी है।

### मॉडल ग्राम गुतासी में घर-घर हो रहा कूड़ा कलेक्शन


कूड़ा कलेक्शन करते कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड बढ़पुर की मॉडल ग्राम पंचायत गुतासी में घर-घर कूड़ा कलेक्शन हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा। जिससे आरआरसी सेंटर का सही से संचालित किया जा सकें और गांव की आय बढ़ सके। ग्राम प्रधान आशीष मिश्रा ने बताया कि वह लगातार प्रयास कर रहे जल्द ही इस काम के अच्छे परिणाम लाएंगे। अभी तक लगभग बीस हजार रुपये कूड़ा कलेक्शन से एकत्रित किए जा चुके। बहुत जल्द हर घर से कूड़ा कलेक्शन युद्ध स्तर से किया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी ओम शिव पांडेय भी लगातार ग्रामीण जनों को समझाने का प्रयास कर रहे।

### हिन्दू महासभा शिव मंदिर माधौपुर में आज करेंगे रुद्राभिषेक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 400 वर्ष पुराने शिव मंदिर माधौपुर में 3 अगस्त रविवार को रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। पिछले कई वर्षों से मंदिर को छिपाकर रखा गया था। हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने टोका घाट माधौपुर स्थित शिव मंदिर में महाभिषेक कराने का निर्णय लिया। बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचकर रुद्राभिषेक में भाग लेंगे। यह जानकारी हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश सचिव दीपक शर्मा ने दी है।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पंखियन व तीसराम की मड़ैया का लिया जायजा


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा बाढ़ से प्रभावित होने वाले पंखियन की मड़ैया तहसील सदर व तीसराम की मड़ैया तहसील अमृतपुर का निरीक्षण किया गया। डीएम ने गांवों में पहुंचकर सभी ग्रामीणों से संवाद कर उनसे बाढ़ से होने वाली समस्याओं व कटान की जानकारी प्राप्त की व सिचाई विभाग को गांवों को कटान से बचाने के लिये आवश्यक व प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिये। उपजिलाधिकारी को संबंधित गाँवों में नाव व नाविकों की व्यवस्था करने व बाढ़ राहत शरणालय व चौकियों पर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। चिकित्सा विभाग को संबंधित गाँवो में आवश्यक दवाएं व डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर संबंधित उपजिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएन कालेज में इग्नू के आवेदन की तिथि बढ़कर 15 अगस्त हुई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली ने जुलाई 2025 सत्र में दाखिले व री-रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। अब इग्नू ओडीएल व ऑनलाइन कोर्सेज में एडमिशन व री-रजिस्ट्रेशन के लिए 15 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 थी। अब 15 अगस्त तक सभी ओपन और ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम और डिस्टेन्स लर्निंग मोड में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन किये जा सकते हैं। स्डूडेट्स डिप्लोमा, बैचलर्स, पोस्ट ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, सर्टिफिकेट के कई कोर्स के लिए ऑनलाइन पर एप्लाई कर सकते हैं। यह जानकारी इग्नू अध्ययन केन्द्र के डीएन कॉलेज फतेहगढ़ के समन्वयक डॉ. आरएन सिंह ने दी है।

# विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका विधि सिंह के नेतृत्व में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सिविल अस्पताल लिंजीगंज के चिकित्साधिकारी डॉक्टर ऋषि नाथ गुप्ता ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की निःशुल्क जांच की। स्वास्थ्य टीम द्वारा विद्यालय के विभिन्न छात्र-छात्राओं को जांच के दौरान दवाइयां वितरित की गई। कुपोषण एवं खून की कमी वाले छात्रों को आयरन एवं मल्टीविटामिन कैप्सूल वितरित किए गए। कुछ छात्रों के आंखों में दर्द, एलर्जी होने की शिकायत पर ड्रॉप एवं मेडिसिन दी गई। स्वास्थ्य टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को मोबाइल एवं टीवी से दूर रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, स्टाफ नर्स ज्योत्सना, अंकित दीक्षित, दीपक कुमार, पंकज कुमार, अनीता यादव, सलिल, केशव, शिक्षक चंद्रपाल, सत्येंद्र सिंह, दिनेश चंद्र, कृष्ण मोहन, संदीप यादव, संतोष सरोज, यशपाल यादव, अवनीश कुमार, विवेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## वयोश्री कृत्रिम अंग उपकरण चिन्हांकन 8 अगस्त तक विभिन्न ब्लाकों में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एडिप वयोश्री कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन, वृद्धजन लाभार्थियों को चिन्हांकन करने के निर्देश दिये गये है। सांसद मुकेश राजपूत द्वारा एल्मिको कम्पनी को दिव्यांग लाभार्थियों के कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण वितरित करने के निर्देश दिये गये है। सभी उपकरणों को 19 सितम्बर तक वितरित किये जायेंगे। जिसके अन्तर्गत 31 जुलाई से योजना शुरु की गई है। चतुर्थ चरण 4 अगस्त को विकास खण्ड परिसर मोहम्मदाबाद, पंचम चरण 5 अगस्त को विकास खण्ड परिसर नवाबगंज, 6 अगस्त को विकास खण्ड परिसर शमशाबाद, 7 अगस्त को विकास खण्ड परिसर कायमगंज, 8 अगस्त को तहसील परिसर कायमगंज में उपकरण वितरित करने के लिए दिव्यांग लाभार्थियों को चयनित किया जायेगा। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा ने दी है।

# सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में सम्मानित हुए फ्रंट लाइन वर्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रमाण पत्र के साथ फ्रंटलाइन वर्कर मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण

आकांक्षात्मक विकास खण्ड कार्यक्रम का शुभारम्भ 07 जनवरी 2023 में नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया था। जिसका उद्देश्य स्वास्थ एवं पोषण, शिक्षा, कृषि सामाजिक विकास और बुनियादी संरचना में पिछड़े विकास खण्डों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में पूरे भारत के 500 विकास खण्डों को चुना गया था। जिसमें उत्तर प्रदेश के 108 आकांक्षात्मक विकास खण्डों में से 68 विकास खण्डों को नीति आयोग द्वारा शामिल किया गया। जिसमें जनपद के दो विकास खण्ड राजेपुर और नवाबगंज शामिल है।

सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम कुल 26 जनपद स्तरीय/ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को तथा इंडीकेटर्स को संतृप्त करने वाले 04 विभागों के फ्रंट लाइन वर्करों को सम्मानित किया गया। जिसमें विकास खण्ड राजेपुर के 69 एवं नवाबगंज के 43 फ्रंट लाइन वर्कर सम्मिलित हुए। उद्देश्य नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खण्ड कार्यक्रम में निर्धारित कुल 40 इंडीकेटर्स एवं प्रदेश सरकार के 10 इंडीकेटर्स कुल 50 इंडीकेटर्स में से 06 इंडीकेटर्स के लक्ष्यों को संतृप्त करने के उद्देश्य से प्रदेश के आकांक्षात्मक विकास खण्ड में माह जुलाई, 2024 से माह सितम्बर, 2024 तक सम्पूर्णता अभियान संचालित किया गया था। सम्पूर्णता अभियान के फलस्वरूप आकांक्षात्मक विकास खण्ड राजेपुर एवं नवाबगंज द्वारा 06 में 06 इंडीककेटर्स (चिकित्सा एवं पोषण के-03, कृषि एवं सहायक क्रियाएं का-1, बाल विकास एवं पुष्टाहार का-1, सामाजिक विकास (एनआरएलएम) का-1) को संतृप्त किया गया। सम्पूर्णता अभियान के दौरान जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर तथा फ्रंट लाइन वर्कर द्वारा किये गये, अथक प्रयासों एवं उपलब्धियों के प्रोत्साहन हेतु सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन, विकास खण्ड, आगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहुए, एएनएम और सीएचओ, स्वयं सहायता समूह, कृषि विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों आदि की सहभागिता से लक्ष्य को पूर्ण किया जाना सम्भव हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक सुशील कुमार शाक्य, जिलाध्यक्ष भाजपा फतेहचन्द्र राजपूत, ब्लाक प्रमुख राजेपुर पल्लव सोमवंशी, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उपनिदेश कृषि, जिला कृषि अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर, खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज आदि मौजूद रहे।

# निष्क्रिय पदाधिकारियों पर बैठक में कार्यवाही करने का लिया गया निर्णय


बैठक लेते सपा जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव और 2027 में विधानसभा चुनावों के लिए संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने व होने वाले चुनावों में प्रत्याशियों की जीत दर्ज कराने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में आवास विकास स्थित कार्यालय पर सपा के फ्रंटल संगठन, आनुषंगिक संगठनों के जिलाध्यक्षों की गोपनीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मासिक बैठक/संगठन की सक्रियता और बूथ कमेटियों को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस दौरान निष्क्रिय पदाधिकारियों की छंटनी करने की भी चर्चा हुई।

बैठक से जो एक-दो फ्रंटल जिलाध्यक्ष अनुपस्थित थे, उनसे जिलाध्यक्ष द्वारा फोन पर वार्ता कर बैठक में न आने का कारण भी पूछा। जिस पर सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना ने बताया कि उनके परिजन अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। जिलाध्यक्ष के निर्देश पर अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अफजाल अहमद फारुकी ने साथियों के साथ अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर रोमित सक्सेना एंव उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। यह जानकारी सह मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने दी है।

# मुंशी प्रेमचन्द्र व कवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर संगोष्ठी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



संगोष्ठी को सम्बोधित करते बृजकिशोर सिंह किशोर


गोष्ठी में मौजूद श्रोता व अन्य

अभिव्यंजना संस्था प्रमुख डॉ. रजनी सरीन के निवास पर मुंशी प्रेमचन्द्र व भारत रत्न राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन एवं राष्ट्रीय कवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. राजकुमार सिंह ने कहा कि भारत की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक तथा समाजिक पृष्ठ भूमि को तीनों महापुरुषों ने समृद्ध किया है। राजभाषा के रुप में यदि हिन्दी आज सुशोभित हुई तो इसके पीछे राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन है। वह ऐसे राजनेता थे जो सत्य और सुचिता के लिए अपनी पार्टी का भी विरोध सहते थे। उन्होंने हिन्दी के सम्मान की लड़ाई जोरदार से लड़ी। आज भारत रत्न राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन का ऋणि है। डॉ. शशिकरण सिंह ने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द्र ने लेखन कार्य तो अंग्रेजी और उर्दू से प्रारंभ किया। कहानी और उपान्यास सम्राट के रुप में हिन्दी के बेताब बादशाह है। उनके चरित्र तत्कालीन भारत को यथार्थ चित्रण करते है। आज भी प्रासंगिक है। ईदगाह गोदान, गवन या बड़े घर की बेटी सभी आज भी समाज में किसी न किसी रुप में दिखायी देते है। भारती मिश्रा ने कहा कि मैथिली शरण गुप्त के राष्ट्रप्रेम, नारी चरित्रों की संवेदना है। उन्होंने कहा कि वे इसीलिए राष्ट्रकवि कहलाये। समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अब का जीवन हाये तुम्हारी यही कहानी कहकर राष्ट्रकवि ने नारी की वर्तमान, भविष्य और यथार्थ वाद का चित्रण किया है। गांधी जी से प्रेरित होकर लिखित उनकी रचनायें कालजयी है। इस अवसर पर बृजकिशोर सिंह किशोर, रविन्द्र भदौरिया, अनिल प्रताप सिंह, रामऔतार शर्मा इंदु, राजीव बाजपेयी, अनिल सिंह, सुरेन्द्र पाण्डेय, गुंजा जैन, कुलभूषण श्रीवास्तव, अनुभव सारस्वत आदि साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। अध्यक्ष ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री ने की। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। **वहीं कायमगंज** में साहित्यिक संस्था साधना निकुंज एवं अनुगूंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में स्थानीय साहित्यकारों ने राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की जयंती मनाई और उनकी कविता पर चर्चा की। अध्यक्ष प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि गुप्त का काव्य गांधी युग का दर्पण है। उनका हर शब्द राष्ट्रीय पुनर्जागरण का महामंत्र है। मुंशी प्रेमचंद ने जहां अपने वाम पंथ की ओर झुकाव के चलते सामाजिक विद्रूप पर फोकस किया। गीतकार पवन बाथम, पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर, प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला, शिक्षक नेता जेपी दुबे, वीएस तिवारी, युवा कवि अनुपम मिश्रा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# चुनार क्षेत्र में बाढ़ का कहर जारी

**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड के पचरांव, गौरैया घमही, रामगढ़, खानपुर सोनवर्षा, पसियाही, धन्नुपुर, धनैता, मझरा, रामगढ़, बटौवा आदि गांवों में गंगा रौद्र रुप दिखाते हुए हजारों एकड़ में लगा मिर्च, मक्का, मूंगफली, तिल्ली ,उतैला, कोहड़ा, करैला, लौकी, परवल आदि फसल और सब्जी जलमग्न होकर बर्बाद हो गया। जिससे किसानों को भारी क्षति पहुंचा है वहीं पशुपालक अपने पशुओं को लेकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में लगे हुए हैं। शुक्रवार को बड़ी संख्या में पशुपालकों ने अपने पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में लगे रहे। फुलहा आदि गांवों के पशुपालक वाराणसी के जक्खिनी तो नरायनपुर विकास खंड के जलालपुर माफी आदि गांव के पशुपालक दुर्गा जी पहाड़ी पर पशुओं को रखे हुए है।



## गंगा के बाढ़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट



गंगा के बाढ़ को देखते हुए जहां प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है वहीं क्षेत्राधिकारी मंजरी राव व प्रभारी तहसीलदार संजय सिंह न बाढ़ क्षेत्र एवं स्थापित चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मगरहा, मेड़िया, पसियाही, आराजी लाइन शीतला धाम बाढ़ चौकी एवं बाढ़ का निरीक्षण कर वहां बाढ़ चौकी पर मौजूद कर्मचारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए और कहा की चौकी पर फीवर, उल्टी,दस्त आदि एंटी एलर्जी आदि दवा उपलब्ध रखे। जिससे किसी को कोई भी समस्या हो तो उसे दवा तुरंत दिया जा सके।

## प्राथमिक स्कूल गौरैया के चारों तरफ पहुंचा बाढ़ का पानी



चुनार क्षेत्र के सीखड़ विकास खंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोरैया में शुक्रवार रात में चारों तरफसे बाढ़ का पानी भरने से सुबह स्कूल पहुंची प्रधानाध्यापिका ललिता देवी ने वाहन मंगाकर किसी तरह स्कूल में रखा। एमडीएम आदि खाद्य पदार्थ, गैस सिलेण्डर, चूल्हा, कुर्सी, टेबल आदि ट्रैक्टर ट्राली पर लाद कर उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में जुट गई।

## छछूंदर नाला पर निर्माण कार्य अधूरा



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** हलिया विकास खंड के सोनगढ़ा गांव के छछूंदर नाला पर सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत छछूंदर नाले पर निर्माणाधीन रपटा का अधूरा कार्य होने से लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। कार्यदाई संस्था द्वारा लोकल नदी के गिट्टी से कार्य कराये जाने से काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। रपटा के दोनों छोर पर गिट्टी बिखरी होने से लोगो को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने गुणवत्ता युक्त कार्य कराने की माँग किया है जिससे लोगो को आवागमन में सुविधा मिल सके। कार्य पूरा नहीं होने से लोगो को उभड़ खफ़्फ़ मार्ग से लोगो को गुजरना पड़ रहा है।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस

- संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य है कि जनता की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान हो : पवन कुमार गंगवार
- डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं
- 132 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 16 का किया गया निस्तारण

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना।

तहसील सदर में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 132 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 16 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादी को त्वरित न्याय मिल सके और उन्हें बार-बार तहसील एवं जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़े अतएव सभी अधिकारी अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करें और फरियादी को न्याय दिलाए। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हो तो मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बातों को सुनते हुए शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में यथा तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 72 प्रार्थना पत्रों में से 04 का निस्तारण, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता के समक्ष प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 05 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 73 प्रार्थना पत्रों में से 05 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसील सदर में अपर पुलिस अधक्षीक नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाबचंद्र, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, सदर अमर बहादुर, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धर्मजीत सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलगवा सुखड़ा गांव में गुरुवार की रात्रि में युवक ने कमरें का दरवाजा बंद कर मकान के चुल्हे में गमछे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दिया। काफ़ी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरनसिक लैब की टीम को बुलाकर जाँच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक के परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के सुखड़ा बेलगवा निवासी के 30 वर्षीय पुत्र अनिल उर्फ़ लालू ने अपने कमरें का दरवाजा बंद कर मकान के चुल्हे में गमछा के सहारे फांसी लगाकर जान दे दिया। काफ़ी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने घटना की सूचना फोरेनसिक लैब की टीम ने जाँच पड़ताल किया है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत युवक दो भाइयों में छोटा था। युवक को दो पुत्र है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की युवक ने दरवाजा बंद कर कमरें में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दिया है। शव को जाँच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रोहिणी नदी में उतराता मिला महिला का शव दो थानो के बीच उलझा मामला

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के बरातगाड़ा स्थित क्षत्रिय बाबा मंदिर के समीप रोहिनी नदी में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई है।सूचना पाकर मौके पर पहुंचें पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध कुमार पटेल, थाना प्रभारी प्रशांत पाठक एवं फोरेंसिक की टीम जांच में पड़ताल में जुटी हुई हैं। बताया जा रहा है कि जहां महिला का शव उतराता मिला है वह पनियरा थाना क्षेत्र के सुचितपुर बघौना स्थित रोहिनी नदी में पड़ता है दो थाना क्षेत्र होने की स्थिति में पुलिस उलझी हुई है। समाचार लिखे जाने तक मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### बिजली के खंभों से केबल नहीं हटाई तो होगी सीधी कार्रवाई, केबिल ऑपरेटरों को सात दिन का मिला अल्टीमेटम



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में केबिल नेटवर्क संचालित कर रहे सभी ऑपरेटरों के लिए एक अहम चेतावनी जारी की गई है। समृद्धि न्यूज संवाददाता के अनुसार तहसील सदर, नौतनवा, फरेंदा और निचलौल क्षेत्र में कार्यरत केबिल ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया है कि वे बिजली के खंभों पर अवैध रूप से लगाए गए डिश केबलों को सात दिनों के भीतर स्वयं हटा लें, अन्यथा प्रशासन की ओर से प्रत्यक्ष कार्रवाई करते हुए केबलों को काट दिया जाएगा। इस निर्देश को मनोरंजन कर विभाग, महराजगंज की प्रभारी सहायक आयुक्त राज्य कर प्रियंका श्रीवास्तवा द्वारा गंभीरता से लागू करने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा के बाद यदि कोई केबल पोल पर पाया गया तो उसे बिना किसी पूर्व सूचना के काट दिया जाएगा, और इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित ऑपरेटर की होगी।

# समितियों पर खाद के लिये किसानों की लग रही लम्बी लाइन

- एडीओ एजी ने दो समितियों पर कराया किसानों को खाद का वितरण

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



किसानो की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया ने हलिया एग्रो खाद भंडार, साधन सहकारी समिति भटवारी तथा पीसीएफ केंद्र पर 71 किसानों में खाद का शनिवार को वितरण कराया हलिया के बरी गांव स्थित एग्रो खाद भंडार पर 60 किसानों का पास मशीन के द्वारा अंगूठा लगाकर 35 बोरी यूरिया 40 बोरी डीएपी 45 बोरी एनपीएस का वितरण किसान कामता, रीना, शिवप्रसाद, छोटेलाल, लीलावती सहित 61 किसानों में वितरित कराया वही बरी के पीसीएफ केंद्र पर पास मशीनी में नेटवर्क की खराबी के कारण मात्र एक किसान को डीएपी का वितरण कराया।

इसी प्रकार दिघिया भटवारी सहकारी समिति पर खाद के लिए किसानों की भीड़ को देखते हुए समिति के सचिव रमाकांत ने भीड़ को देखते हुए फ़ेर्स की मांग किया फ़ेर्स कि देख रेख में किसानों को खाद का वितरण किया गया है। इस दौरान सीएम फेलो गौरव सिंह असिस्टेंट टेक्निकल मैनेजर हरिकेश पटेल, किताब अली आदि उपस्थित रहे।

## शराब के लिए पैसा मांगने पर मारपीट, महिला सहित तीन घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरडीहा कला गांव निवासी सुनीता पत्नी राजू धरकार ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है और मामले की जाँच पड़ताल करने में पुलिस जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की गांव निवासी रंजीत गांव निवासी रमाशंकर से सोठिया चौराहा पर शराब के लिए पैसा मांग रहा था। नहीं देने पर घर पर आकर गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगा। शोर गुल सुनकर पति राजू बीच बचाव के लिए गए तो पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया है। मुझे भी चोटे आई है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

# दुष्कर्म और किशोरी को भगाने के मामले में चार गिरफ्तार

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने दुष्कर्म और किशोरी को भगाने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दो अगस्त को नामजद अभियुक्त के विरुद्ध दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया।

प्रभारी निरीक्षक सदानन्द सिंह मय हमराही संग आरोपी की तलाश शुरु की। मुखबिर की सूचना पर देर शाम पुलिस ने आरोपी जमुनहिया निवासी सुरेन्द्र सोनकर को गांव से गिरफ्तार कर लिया। दूसरा मामला लालगंज थाना क्षेत्र का है। एक व्यक्ति ने 4 जुलाई को नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया और फरार चल रहे आरोपी सुभाव राजा गांव निवासी सोनू को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। वहीं शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज कराया। उपनिरीक्षक अविनाश प्रकाश राय चौकी प्रभारी फतहां मय हमराही संग गश्त पर निकले थे। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी देहात कोतवाली के बिहारी गांव निवासी सूरज कुमार और बहरइचा गांव निवासी विक्की सोनी को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है।

# कोल्हूई पुलिस ने तस्करी की नकेल कसी



- नेपाल ले जाया जा रहा 20 बोरी यूरिया खाद जब्त, चालक गिरफ्तार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोल्हूई पुलिस ने तस्करी के खिलाफ अभियान में सफलता हासिल की है। थाना अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रहे अभियान के दौरान पुलिस टीम ने नेपाल ले जाया जा रहा 20 बोरी भारतीय यूरिया खाद बरामद किया है। घटना आज सुबह 11:30 बजे की है। दरोगा जनार्दन चौधरी और उनकी टीम में अमित यादव, आलोक पाल द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान राज मंदिर गांव के पास एक पिकअप वाहन को रोका गया। जांच में वाहन से 20 बोरी भारतीय यूरिया खाद बरामद हुआ, जिसे नेपाल तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि बरामद खाद और गिरफ्तार चालक को कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सौंप दिया गया है। पुलिस तस्करी रोकने के लिए लगातार सक्रिय है और इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सिसवा बाजार रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर आज शनिवार को एक अधेड़ का शव मिला है। गोरखपुर-नरकटियागंज रेल रूट के सिसवा बाजार रेलवे स्टेशन से घुघली जाने वाले ट्रैक पर महाराणा प्रताप नगर वार्ड के समीप यह शव पड़ा था। सुबह लगभग आठ बजे वार्ड के कुछ लोगों ने रेलवे ट्रैक पर शव देखा और कोठीभार पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। करीब आधे घंटे बाद शव की पहचान महाराणा प्रताप नगर वार्ड किशुनगौरी निवासी 55 वर्षीय तीर्थराज के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार मृतक शराब का आदी था। शुक्रवार को शाम लगभग चार बजे वह घर से निकला था। प्रभारी निरीक्षक कोठीभार धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा तहरीर नहीं दी गई है।

# सेवानिवृत्त एक प्रक्रिया है : अशोक

- जन्म मृत्यु की तरह सेवानिवृत्त भी निश्चित है : विजयलक्ष्मी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



सेवानिवृत्त एक सतत् प्रक्रिया है।जिस दिन से व्यक्ति सरकारी सेवा में आता है उसी दिन सेवानिवृत्ति लिख दी जाती है। उक्त बातें दुर्गा मंदिर के बगल में स्थित राम-जानकी सभागार में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल ने कही है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कोई सजा नहीं है यह एक सरकारी प्रक्रिया है। नगर पंचायत आनन्दनगर अध्यक्ष विजय लक्ष्मी ने कहा कि जन्म मृत्यु की तरह सेवानिवृत्त भी निश्चित है। पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि हमारे नगर पंचायत आनन्दनगर के कार्यालय में कार्यरत रहे वरिष्ठ लिपिक वेदप्रकाश गुप्ता,टंकड लिपिक धीरेंद्र श्रीवास्तव व सफाई नायक कन्हैया गुप्ता सरकारी सेवा से रिटायर हुए हैं राजेश के कलम से नहीं। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति ये तीनों कर्मचारी आज भी मेरे दिल में है, दिल से रिटायर नहीं हुए हैं। इसके पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारियों व उनके परिवार को विभिन्न लोगों ने अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि सौगात देकर सम्मानित किया है। सम्मानित व स्वागत करने वालों में स्थानांतरित अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह, नगर पंचायत आनन्दनगर के अधिशासी अधिकारी अनुज भारती नगर पंचायत वृजमनगंज के अधिशासी अधिकारी सुरभि मिश्रा, विवेकानंद पाण्डेय, राजेश सिंह, मुकेश मिश्र, अशोक चौरसिया, गौरीशंकर यादव, गौतम पटवा,अजय जायसवाल, अशोक शर्मा, रविन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी,मिट्ठू, ध्रुव वर्मा, वरिष्ठ लिपिक वृजमनगंज, अनिल श्रीवास्तव, राहुल सिंह, कमलेश शर्मा, आशीष जयसवाल, पट्टू जयसवाल,राणा सिंह, विजय शंकर पाण्डेय, जगदम्बा उपाध्याय, विकास चौरसिया, महेश लोहिया,रामविलास गुप्ता,राजेन्द्र, राहुल यादव,व विमलेश पासवान, सहित नगर पंचायत आनन्दनगर व वृजमनगंज के कर्मचारी मौजूद रहे। अतिशयोक्ति होगा कि सेवानिवृत्त सफाई नायक कन्हैया से एक सफाई कर्मचारी भावुक हो लिफ्ट कर रोया जिससे पूरे सभागार में उपस्थित लोग भावुक हो गए। आयोजित कार्यक्रम का संचालन सभासद प्रदीप पाण्डेय उर्फ मोनू ने किया।

# समस्याओं के समाधान में नहीं चलेगी लापरवाही : डीएम



- जिलाधिकारी ने दिए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

सदर तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सख्त तेवर दिखाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही, उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस को महज औपचारिकता मानने के बजाय इसे जनकल्याण और योजनाओं के प्रचार-प्रसार का प्रभावी माध्यम बनाने की बात कही।

समृद्धि न्यूज संवाददाता के अनुसार जनसुनवाई के दौरान कुल 41 शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निस्तारण के दौरान शिकायतकर्ता से सीधा संवाद आवश्यक है, ताकि समाधान की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और कोई असंतोष ना रह जाए।

जिलाधिकारी ने विशेष तौर पर गंभीरता से लेते हुए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को अपनी आख्या के साथ स्पॉट मेमो संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, निस्तारण की प्रति शिकायतकर्ता को भी प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने समाधान दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सिर्फ शिकायती मंच नहीं, बल्कि एक ऐसा अवसर है, जिसमें अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को जोड़ने का कार्य भी करना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि अपने-अपने स्टाफ के माध्यम से लाभार्थियों की पहचान कराएं और उन्हें योजनाओं से जोड़ने के लिए ऑनस्पॉट आवेदन की प्रक्रिया शुरू करें।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, उपजिलाधिकारी निचलौल जितेंद्र, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, तहसीलदार पंकज शाही, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इस समाधान दिवस में कुल 35 विभागीय मामले प्रस्तुत हुए, जिनमें राजस्व से संबंधित 11, पुलिस के 7, ग्राम्य विकास के 7 तथा अन्य विभागों के 16 मामले शामिल थे।

# 24 कैरेट में निवेश और नौ कैरेट से बनवा रहे आभूषण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



सरकार के साथ-साथ सर्राफा कारोबारी भी अब यह मान चुके हैं कि अब 24 कैरेट सोने की बढ़ी कीमतें कम नहीं होने वाली। बीआईएस ने गत माह 9 कैरेट सोना को हॉल मार्क के दायरे में लाने की घोषणा कर दी।

इस घोषणा के बाद 9 कैरेट सोने के आकर्षक जेवर बाजार में पहुंचने लगे हैं। रेट कम होने के कारण बिक्री भी बढ़ने लगी है। हालांकि निवेश करने के लिए लोग 24 कैरेट का सोना ही खरीद रहे हैं।

स्वर्ण कारोबारी सतीश सोनी ने बताया कि 9 कैरेट सोने के आभूषण लगभग सात माह पहले से आ रहे हैं। भारतीय मानक ब्यूरो की तरफ से हॉल मार्किंग होने से इसकी वापसी पर लगभग 37 फीसदी सोने के मूल्य का भुगतान पा सकेंगे। हॉल मार्किंग से खरीदारों का विश्वास बढ़ेगा और रोल्ड गोल्ड, आर्टिफिशियल ज्वैलरी का क्रेज भी कम होगा जो आभूषण कारोबार व उपभोक्ता दोनों के लिए बेहतर है।

कारोबारी गणेश वर्मा ने बताया कि 10 ग्राम 24 कैरेट सोना का रेट लगभग एक लाख रुपये तक पहुंच गया है जबकि 9 कैरेट का रेट 61 हजार प्रति 10 ग्राम है। शादी-विवाह के लिए सबसे जरूरी मंगलसूत्र की बात करें तो लगभग 20 ग्राम में आकर्षक डिजाइन मिलेगा। 24 कैरेट में 20 ग्राम के लिए लगभग 2.50 लाख खर्च करने पड़ेंगे जबकि 9 कैरेट का लेने पर मात्र 1.30 लाख ही देने होंगे। 5 वर्ष बाद इसे एक्सचेंज करने पर 70-80 हजार रुपये मिल सकेंगे यह बेहतर विकल्प बनेगा।

आभूषण विक्रेता गोविंद वर्मा ने बताया कि 24 कैरेट सोने की खरीद जेवरों के लिहाज से कम और निवेश के लिए अधिक किया जा रहा है। ऐसे में लोग 24 कैरेट जेवर की जगह बिस्किट ही खरीदते हैं।

# 41 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायतें मौके पर हुआ तीन का निस्तारण

- शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाए : शैलेन्द्र

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासन के मंशा के अनुरूप आयोजित होने वाले तहसील/ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज शनिवार को फरेंदा तहसील सभागार में तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 41 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही पर तीन शिकायतों का निस्तारण कर शेष 38 शिकायतो को अविलंब निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया। आयोजित तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये 41 शिकायतों में, शिक्षा स्वास्थ्य विकास, विजली, थाना, चकवन्दी एवं जमीन के मामले छाये रहे। जिसमे भूमि सम्बन्धी मामला सुर्खियों में रहा। इसी क्रम में फरियादियों द्वारा अन्य मामलों को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसको गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय और सम्बंधित विभागों से निस्तारित करायें गये शिकायत को तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। जिससे शासन की मंशा का वाजिब लाभ जनता को मिलता रहे। इस दौरान तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुरूद्ध पटे, ईओ अनुज कुमार भारती सहित विभिन्न ब्लाकों के खंड विकास अधिकारी, एडिओ पंचायत वृजमनगंज गुलाब प्रसाद पाठक सहित तहसील स्तरीय अन्य विभागों के अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत चौक में पीएम मोदी का लाइव टेलीकास्ट सुना गया

**किसान सम्मान योजना पर आयोजित कार्यक्रम में दो किसानों के खाते में तुरंत पहुंची किसान सम्मान राशि**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत चौक के सहकारी समिति पैक लिमिटेड पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना पर शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान ही दो किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की राशि जमा हो गई। पहले व्यक्ति राम अवध यादव पिपरा कल्याण और दूसरे व्यक्ति शैलेश गुप्ता सिंदुरिया के खातों में यह राशि तत्काल पहुंची। कार्यक्रम में कई अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें एडीसिओ कोऑपरेटिव, एडीओ , मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल, डायरेक्टर प्रतिनिधि रमेश पटेल, पूर्व डायरेक्टर घनश्याम पटेल और सचिव राजकुमार गुप्ता शामिल थे। इसके अलावा ग्राम के सम्मानित नागरिक और समिति संघ के संचालक मंडल के सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के बारे में जागरूकता फैलाना और लाभार्थियों को इसके फायदों से अवगत कराना था।